
राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran




11 चेल्सी ने दूसरी बार फीफा लब वर्ल्ड कप जीता

लॉर्ड्स टेस्ट में जोफ्रा आर्चर के सामने भारत पस्त 11



वर्ष : 13 | अंक : 95 | पटना, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025 | विक्रम संवत् 2082 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# सावन की पहली सोमवारी : शिव मंदिरों में भक्तों का लगा तांता, गूंजे हर-हर महादेव के जयकारे

प्रात : किरण

पटना। भगवान शंकर का अतिप्रिय माना जाने वाला श्रावण मास की पहली सोमवारी पर बिहार के शिव मंदिरों में भी भक्तों का तांता लगा है। सभी शिवालयों पर भक्तों की लंबी कतारें हैं। श्रद्धालु धूप-दीप और मंत्रोच्चारण के बीच भगवान शिव की पूजा-अर्चना में लीन हैं। सुबह से ही मंदिरों में बम-बम भोले, हर-हर महादेव के स्वर लोगों को ऊर्जा भर रहा है। भागलपुर के सुल्तानगंज में अजगैबीनाथ, मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ और सोनपुर के हरिहरनाथ में सुबह से ही भीड़ देखी गई। अजगैबीनाथ में श्रद्धालुओं ने पहले गंगा स्नान किया। इसके बाद गंगाजल लेकर कांवड़ यात्रा के लिए निकल पड़े। करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ यहां मौजूद है। उल्लेखनीय है कि सुल्तानगंज से ही कांवड़िए उत्तरवाहिनी गंगा से जल उठाकर झारखंड के देवघर पहुंचते हैं और वहां बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करते हैं। इधर, मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ मंदिर में भी भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। सोनपुर के हरिहरनाथ मंदिर में भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। उत्तर बिहार का बाबा धाम कहे जाने वाला मुजफ्फरपुर का बाबा गरीबनाथ धाम में प्रशासनिक सुरक्षा के बीच पहली सोमवारी को शिव भक्त जलाभिषेक कर रहे हैं। श्रद्धालुओं का आना अभी भी जारी है। बता दें कि मुजफ्फरपुर के बाबा गरीबनाथ धाम में जलाभिषेक के लिए शिव भक्त वैशाली के पहलेजा





घाट से जल उठाकर पैदल करीब 40 किलोमीटर की दूरी तय कर मुजफ्फरपुर स्थित बाबा गरीबनाथ धाम पहुंचते हैं और जलाभिषेक करते हैं। प्रशासन की तरफ से अत्यधिक भीड़ होने के कारण अरघा के माध्यम से जलाभिषेक कराया जा रहा है। कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए भी प्रशासन ने अपनी तैयारी कर रखी है। रोहतास के गुप्ता धाम में भी बड़ी संख्या में लोग जुटे हैं और भगवान भोले की पूजा-अर्चना कर रहे हैं।

**राजधानी पटना में भी शिवालयों में उमड़ी भीड़**

राजधानी पटना के भी पाटलिपुत्रा औघोगिक एरिया स्थित महामृत्युजंय पाटनेश्वर महादेव मंदिर सहित शहर के सभी शिवालयों में भक्तों का अहले सुबह से ही तांता लगा रहा। शिवालयों के पास श्रावण महीने के कारण कई अस्थाई दुकानें भी खुल गई हैं। सावन की पहली सोमवारी की भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। जगह-जगह पुलिसकर्मी तैनात हैं। सीसीटीवी से निगरानी की जा रही है। सोमवार को लेकर शिवालयों तथा आसपास के इलाकों को आकर्षक ढंग से सजाया भी गया है। देव महादेव का जलाभिषेक और रुद्राभिषेक कर रहे हैं। शिवालयों और अन्य मंदिरों में शिव दर्शन के लिए कतार लगी रही। चहुं दिशाओं में हर-हर महादेव की गूंज हो रही है। भगीरथ की तपस्या से धरती पर उतरीं मां गंगा नदी के तटीय शहरों, कस्बों और गांवों के पवित्र घाटों में तड़के तीन-चार बजे से लोग डुबकी लगाकर भगवान शंकर को जल चढ़ा रहे हैं। इस बीच अमरनाथ तीर्थयात्रियों की दुर्गम यात्रा जारी है।

## संक्षिप्त खबरें

### क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया बन गया है बिहार : राहुल

नई दिल्ली। बिहार में बढ़ती अपराध की घटनाओं को लेकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोमवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा। उन्होंने बिहार को क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया करार देते हुए कहा कि चुनाव सरकार बदलने के लिए नहीं, बल्कि बिहार बचाने के लिए है। राहुल ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि बिहार क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया बन गया है और नीतीश कुमार अपनी कुर्सी बचा रहे हैं। आरोप लगाया कि भाजपा कोटे के मंत्री कमीशन खा रहे हैं। अपने पोस्ट के साथ उन्होंने मीडिया में आई एक खबर का हवाला भी दिया। उस खबर में दावा किया गया है कि बिहार में 11 दिनों में 31 हत्याएं हुई हैं। इसे लेकर राहुल ने कहा कि हर गली में डर, हर घर में बेचैनी है। गुंडाराज बेरोजगार युवाओं को हत्यारा बना रहा है।

### सिमी पर प्रतिबंध बढ़ाने के खिलाफ याचिका खारिज

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) पर प्रतिबंध बढ़ाने की पुष्टि वाले न्यायिक न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने गैरकानूनी गतिविधियाँ (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) न्यायाधिकरण के 24 जुलाई, 2024 के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया। केंद्र द्वारा 29 जनवरी, 2024 को सिमी पर प्रतिबंध को पांच साल के लिए बढ़ाने का फैसला लेने के बाद यूएपीए के तहत इस न्यायाधिकरण का गठन किया गया था।

## मुख्यमंत्री ने पौधारोपण कर राज्यस्तरीय वन महोत्सव 2025 का किया शुभारंभ

# वनों का संरक्षण, पौधारोपण और वृक्षों के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना उद्देश्य

### 2025-26 में 5 करोड़ पौधारोपण करने का लक्ष्य, तैयारी पूरी



प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग परिसर में आम का पौधारोपण कर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय वन महोत्सव-2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग अपने परिसर एवं आसपास पौधारोपण कर इस अभियान में अपना अहम योगदान दें। ज्ञातव्य है कि वर्ष 1950 से हर वर्ष देश में वन महोत्सव का आयोजन किया जाता रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य वनों का संरक्षण, पौधोरोपण करना और लोगों को वृक्षों के प्रति जागरूक करना है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5 करोड़ पौधों का रोपण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है और इस वृक्षारोपण अभियान की पूरी तैयारी कर ली गयी है। इस अभियान के दौरान आज से अगले 3 माह तक पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जायेगा। इसके अन्तर्गत वन विभाग के साथ ग्रामीण विकास विभाग, जीविका समूह, उद्यान विभाग, विभिन्न संस्थाओं, विभागों, गैर सरकारी संस्थानों एवं विभिन्न सामाजिक क्लबों के द्वारा पौधारोपण कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री की अग्रसोच तथा हरित आवरण में वृद्धि के उद्देश्य से वर्ष 2012 में हरियाली मिशन की शुरूआत कर बड़े पैमाने पर राज्य भर में मिशन मोड में वृक्षारोपण कार्य किया गया, जिसके फलस्वरूप राज्य का हरित आवरण 15.05 प्रतिशत हो गया। हरित आवरण को वर्ष 2028 तक बढ़ाकर 17 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री के पहल पर वर्ष 2019 से जल-जीवन-हरियाली अभियान की शुरूआत की गई। इस अभियान के तहत पौधारोपण, जल संरक्षण एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति जनमानस को जागरूक कर उन्हें पौधारोपण में शामिल करने तथा कृषि वानिकी के माध्यम से किसानों की आमदनी में वृद्धि का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही जीविका दीदियों एवं जंगल से सटे गाँवों में लोगों को फलदार पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराये जा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हारा ने मुख्यमंत्री को पुष्प भेंट कर उनका स्वागत किया।

**ये रहें मौजूद :**

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री सुनील कुमार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव हरजोत कौर बम्हारा, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, प्रधान मुख्य वन संरक्षक प्रभात कुमार गुप्ता, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने आर झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल का किया शिलान्यास

# राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए शुरू से कर रहे हैं काम : नीतीश

- बोलें- सरकार का प्रयास इलाज कराने के लिए मजबूरी में किसी को बिहार से बाहर नहीं जाना पड़े

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को कंकड़बाग में आर झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल, पटना के शिलापट्ट का अनावरण कर शिलान्यास किया। जन-निजी भागीदारी के तहत बननेवाले इस अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल के शिलान्यास के अवसर पर आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री शामिल हुए। मुख्यमंत्री के समक्ष 48 साल पुरानी आर झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल की यात्रा पर आधारित लघु फिल्म प्रदर्शित की गयी। आर० झुनझुनवाला शंकरा नेत्र



अस्पताल प्रबंधन द्वारा प्रेजेंटेशन के माध्यम से पटना के कंकड़बाग में बनाए जानेवाले अतिविशिष्ट नेत्र अस्पताल भवन के प्रारूप, मरीजों एवं चिकित्सकों के लिए अस्पताल भवन में उपलब्ध करायी जानेवाली सुविधाएं, अस्पताल में मरीजों की जांच हेतु अधिष्ठापित की जानेवाली नई तकनीक पर आधारित मशीनें, ऑपरेशन थिएटर आदि के संबंध में मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि यह नेत्र अस्पताल दिसंबर 2026 तक बनकर तैयार हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हमलोग प्रारम्भ से ही काम कर रहे हैं ताकि ईलाज कराने के लिए मजबूरी में किसी को बिहार से बाहर नहीं जाना पड़े। इस नेत्र अस्पताल के बन जाने से लोगों को और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। कार्यक्रम में आर झुनझुनवाला शंकरा नेत्र अस्पताल प्रबंधन द्वारा मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डे, बिहार राज्य नागरिक परिषद के महासचिव अरविंद कुमार सिंह उर्फ छोटू सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, बिहार राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक सुहर्ष भगत, जिलाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# सोशल मीडिया पर मौजूद विभाजनकारी प्रवृति पर लगाना होगा अंकुश : सुप्रीम कोर्ट

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मूल्य पता होना चाहिए और स्व-नियमन का पालन करना चाहिए। शीर्ष अदालत ने कहा है कि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर किसी तरह का प्रतिबंध लगाए बगैर सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को नियंत्रित करने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए दिशा-निर्देश तैयार करने पर विचार कर रहा है। जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा है कि ह्यसोशल मीडिया पर मौजूद विभाजनकारी प्रवृति पर अंकुश लगाना होगा। शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल के वजाहत खान की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। खान ने अपनी याचिका में सोशल मीडिया पर कथित रूप से हिंदू देवता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में अपने खिलाफ पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में दर्ज आपराधिक मुकदमे की सुनवाई एक साथ कराने की मांग की। आपरेशन सिंदूर को लेकर कथित तौर पर मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के मामले में वजाहत खान की शिकायत पर ही, कानून की छात्रा शर्मिष्ठा पनोली को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि ह्यनागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का महत्व समझना चाहिए। इसका उल्लंघन होने पर राज्य कदम उठा सकता है क्योंकि कोई नहीं चाहता कि राज्य हस्तक्षेप करे। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर मौजूद विभाजनकारी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना होगा। हालांकि पीठ ने यह स्पष्ट किया कि हमारा मतलब सेंसरशिप लगाना नहीं है, लेकिन समाज में भाईचारे, धर्मनिरपेक्षता और व्यक्तिगत गरिमा के हित में समुचित और जरूरी कदम उठाने होंगे।

## बिहार आइडिया फेस्टिवल समृद्ध बिहार बनाने की दिशा में क्रांति : मंत्री

पटना। उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को कहा कि बिहार आइडिया फेस्टिवल केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समृद्ध बिहार बनाने की दिशा में एक क्रांति है। श्री मिश्रा ने बिहार आइडिया फेस्टिवल पोर्टल के उद्घाटन के बाद मीडिया को संबोधित करते हुये कहा कि बिहार आइडिया फेस्टिवल युवाओं को बिहार की जमीनी चुनौतियों को हल करने और उद्यमिता अपनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने बताया कि 24 जुलाई से जिलास्तर पर इस कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। इस अवसर पर उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव मिहिर कुमार सिंह ने कहा कि स्टार्टअप बिहार के जरिये जमीनी स्तर पर नवाचार को बढ़ावा देकर उद्यमशीलता को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने के साथ-साथ इसे शहरी,ग्रामीण समुदायों, पारंपरिक क्षेत्रों और वंचित समूहों तक भी विस्तारित किया जायेगा। गौरतलब है कि बिहार आइडिया फेस्टिवल उद्योग विभाग और योरस्टोरी मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ-साथ जीविका के सहयोग से शुरू इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं, छात्रों, स्वयं सहायता समूहों , कारीगरों, किसानों से 10 हजार से अधिक उद्यमशील विचारों को जमीनी स्तर सेखोजना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से विभाग का लक्ष्य राज्य के उभरते उद्यमियों की पहचान करना, बाजार संपर्क स्थापित करना और उनके लिए वित्तपोषण के अवसर सृजित करना है।

# पीएम मोदी की मोतिहारी रैली को लेकर जोरदार तैयारी

- 18 जुलाई को पीएम की होगी अभूतपूर्व रैली : दिलीप

प्रात : किरण

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 जुलाई को मोतिहारी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इसे लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल सहित भाजपा के नेता और कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। इसी क्रम में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल मोतिहारी स्थित आर सी वाटिका होटल में आयोजित एनडीए कार्यकताओं की तैयारी बैठक में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर कार्यकताओं से संवाद कर उन्हें अधिक से अधिक संख्या में आमजन को आमंत्रित करने का आग्रह किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि मोतिहारी में पीएम मोदी की अभूतपूर्व रैली होगी। पीएम मोदी के आगमन को लेकर लोगों में उत्साह चरम पर है। उन्होंने कहा कि 11 वर्ष के प्रधानमंत्रित्व काल में पीएम मोदी बिहार में 53 वीं बार पहुंच रहे है। यह उनके बिहार के अगाध प्रेम का परिचायक है। पूरे बिहार की जनता उनके आगमन को लेकर इंतजार कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोतिहारी में एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे जिसमे 24 विधानसभा की जनता उनकी बातों को सुनने पहुंचेगी।


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मोतिहारी आगमन, पूर्वी चंपारण की धरती के लिए गौरव का क्षण है। इस बैठक में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय झा, केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, सांसद राधा मोहन सिंह, सांसद लवली आनंद, रालोमो के प्रदेश अध्यक्ष मदन चौधरी, केंद्रीय राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर, मंत्री मंगल पांडेय, मंत्री कृष्णनंदन पासवान, मंत्री जीवेश मिश्रा, मंत्री राजू सिंह सहित कई विधायक, एनडीए के जिलाध्यक्ष और अनेक सम्मानित जन उपस्थित रहे। इससे पहले भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने मोतिहारी में प्रस्तावित पीएम मोदी की ऐतिहासिक जनसभा की तैयारियों के क्रम में नरकटिया एवं सुगौली विधानसभा क्षेत्र में प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गांधी मैदान में पीएम मोदी की आयोजित होने वाली सभा मे करीब तीन लाख लोग पहुंचेंगे। आज लोगों को पीएम नरेंद्र मोदी के गारंटी पर विश्वास है।

## 59 फीसदी मतदाता की चुकी है मौत जबकि 2.2 फीसदी स्थाई रूप से कर गए हैं प्रवास : आयोग

# मतदाता पुनरीक्षण : अब तक 5.74 करोड़ फॉर्म अपलोड : आयोग

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारत के निर्वाचन आयोग ने कहा है कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान अब तक 83.66 फीसदी भरे हुए गणना फार्म प्राप्त हो चुके हैं। आयोग ने यह भी दावा किया है कि अब तक प्राप्त आंकड़ों के अनुसार में बिहार में 1.59 फीसदी मतदाता मृत पाए गए हैं। जबकि 2.2 फीसदी स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं और 0.73 फीसदी व्यक्ति एक से अधिक स्थानों पर मतदाता के रूप में पंजीकृत पाए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने सोमवार को जारी अपने बयान में कहा कि राज्य में कुल 7,89,69,844 मतदाताओं में से 6,60,67,208 मतदाताओं का गणना फार्म प्राप्त हो चुका है जो कि 83.66 फीसदी है जबकि यह फार्म जमा करने के लिए अभी




11 दिन और शेष हैं।

आयोग ने कहा है कि गणना फार्म एकत्र करने के साथ ही इसे एकीकृत ईसीआईएनईटी पर भी अपलोड किया जा रहा है। आयोग के मुताबितक ईसीआईएनईटी पर 5.74 करोड़ से अधिक फॉर्म अपलोड किए जा चुके हैं। आयोग ने कहा है कि अब तक के आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि बिहार में 1.59 फीसदी मतदाता मृत पाए गए हैं, 2.2 फीसदी स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं और 0.73 फीसदी व्यक्ति एक से अधिक स्थानों पर मतदाता के रूप में नामांकित पाए गए हैं। आयोग ने कहा है कि इसलिए, 88.18 फीसदी मतदाता या तो पहले ही अपना गणना फार्म जमा कर चुके हैं या उनकी मृत्यु हो गई है या वे एक ही स्थान पर अपना नाम बरकरार रखे हुए हैं या अपने पिछले निवास स्थान से स्थायी रूप से स्थानांतरित हो गए हैं। आयोग ने कहा है कि अब केवल 11.82 फीसदी मतदाता ही अपने भरे हुए ईएफ जमा करने के लिए शेष बचे हैं और उनमें से कई ने आने वाले दिनों में दस्तावेजों के साथ अपने गणना फॉर्म जमा करने के लिए समय मांगा है।

बयान के मुताबिक भारत के निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है कि कोई भी पात्र मतदाता छूट न जाए और बाकी बचे मतदाता भी अपना गणना फार्म जमा करा दें। आयोग ने कहा है कि मतदाता सूची का गहण पुनरीक्षण अभियान में लगभग 1 लाख बीएलओ जल्द ही घर-घर जाकर अपने तीसरे दौर के दौरे शुरू करेंगे। उनके प्रयासों को सभी राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1.5 लाख बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए) द्वारा बढ़ाया जा रहा है, जिनमें से प्रत्येक प्रतिदिन 50 गणना फार्म प्रमाणित और जमा कर सकता है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी पात्र शहरी मतदाता, ईआर (मतदाता सूची) से छूट न जाए, बिहार के सभी 261 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) के सभी 5,683 वार्डों में विशेष शिविर भी लगाए जा रहे हैं।

# हरियाणा में असीम घोष और गोवा में अशोक गजपति राजू राज्यपाल नियुक्त

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। हरियाणा में प्रोफेसर असीम कुमार घोष और गोवा में पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री पुष्पापति अशोक गजपति राजू को राज्यपाल नियुक्त किया गया है। साथ ही जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कवींद्र गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल बनाया गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, ये नियुक्तियां उनके संबंधित कार्यालयों का कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल पद से ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि कवींद्र गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल, राजू को गोवा का राज्यपाल और प्रोफेसर असीम कुमार घोष को हरियाणा का राज्यपाल नियुक्त करते हुए प्रसन्नता हो रही है। बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष हैं घोष असीम कुमार घोष भाजपा के वरिष्ठ नेता हैं। शाही परिवार के वंशज हैं राजू पुष्पापति अशोक गजपति राजू नरेंद्र मोदी सरकार में पूर्व में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री रह चुके हैं। वे विजयनगरम रियासत के शाही परिवार के वंशज हैं और अंतिम महाराजा के छोटे पुत्र हैं। वे 25 वर्षों से अधिक समय तक आंध्र प्रदेश राज्य विधानमंडल के सदस्य रहे और 13 वर्षों तक आंध्र प्रदेश सरकार में मंत्री रहे। वहां उन्होंने वाणिज्यिक कर, उत्पाद शुल्क, विधायी कार्य, वित्त, योजना और राजस्व विभाग संभाले। उन्होंने 1978 में जनता पार्टी के उम्मीदवार के रूप में पहली बार विजयनगरम विधानसभा क्षेत्र से जीत हासिल की थी। 1982 में जब तेलुगु देशम पार्टी का गठन हुआ तो वे इसमें शामिल हो गए।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉक्टर निम्मी रानी व डॉ रणधीर ने कहा कि 3-4 साल की उम्र से ही बच्चों की आंखों की नियमित जांच होनी चाहिए

दानापुर। नगर के अंतर्गत सगुना मोड़ पर आयोजित आंखों के डॉक्टर निम्मी रानी ने कहा कि रिफ्रैक्टिव दोष का निदान न होना और मामले को बदतर बनाने के लिए, स्कूली बच्चों में मोबाइल और इसी तरह के अन्य उपकरणों का उपयोग एक स्थायी दृश्य विकलांगता को जन्म दे रहा है जिसे एम्ब्लियोपिया लेजी आई या आलसी आंख कहा जाता है। इसके लिए समय रहते उसकी जांच जरूरी है। सगुना मोड़ में आयोजित नेत्र रोग पर विषय चर्चा में डा निम्मी रानी व डा रणधीर ने कही। उन्होने कहा कि 3-4 साल की उम्र से बच्चों की आंखों की नियमित जांच एक आदर्श तरीके से होनी चाहिए। अन्य कम दृष्टि के लक्षणों पर ध्यान देना जरूरी है जैसे बच्चे अपनी आँखों को बार-बार रगड़ते हैं, दूरी पर अपने माता-पिता को नहीं पहचान पाते हैं या यहाँ तक कि आँखें भींच लेते हैं। ऐसे मामलों में, यदि रिफ्रैक्टिव एरर का निदान किया जाता है और चश्मा निर्धारित किया जाता है। ऐसे में नेत्र रोग विशेषज्ञ से मिलकर और चश्मे का अच्छा तरह से पालन सुनिश्चित करना चाहिए। ऐसे बच्चों में डिजिटल उपकरणों पर प्रतिबंध का पालन माता-पिता और स्कूल अधिकारियों दोनों द्वारा किया जाना चाहिए। ऐसा न करने से रिफ्रैक्टिव एरर बढ़-बिगड़ जाती हैं और एम्ब्लियोपिया या आलसी आंख विकसित हो जाती हैं।

### मंदिरो में सावन की पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओं की लगी भीड़

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत विभिन्न मंदिरो में सावन की पहली सोमवारी पर श्रद्धालुओ भीड़ जुटी। नगर के गोरगांवा मंदिर, मुस्तफापुर मंदिर कोथावां ,राम लखन लाल ठाकुर बाड़ी मंदिर, सोम नाथ मंदिर थाना समेत विभिन्न मंदिरो मे बाबा अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। शिवालयो में श्रद्धालु बाबा के दर्शन व पूजा करने को लेकर कतार में लगे रहे। वही मंदिरो में पूजा कमेटी द्वारा सावन को लेकर श्रद्धालुओ के लिए तैयारी की गयी थी। रंगबिरंगे परिधानो में सुसज्जित महिला व श्रद्धालु सुबह से ही शिवालयो में पहुंचते रहे। पुरा इलाका हर हर महादेव व ऊं नमः शिवाय के मंत्रो से गुंजयमान होता रहा। आयोजको ने बताया कि इस वर्ष चार सोमवारी पड़ेगा। जिसमें पूजा को लेकर विशेष व्यवस्था किया जायेगा। संध्या में बाबा का श्रृंगार किया जायेगा। दानापुर सावन दानापुर। हर हर महादेव व ऊं नमः शिवाय के गुंज के साथ सावन की प्रथम सोमवारी पर श्रद्धालुओ की भीड़ शिवालयो में जुटी। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र के विभिन्न शिवालयो में ये नजारा सुबह से ही दिखा। श्रद्धालु महिला पुरूष व बच्चियां गंगाजल व पूजन सामाग्री के साथ शिवालयो में पहुंच महादेव का अभिषेक व पूजा अर्चना की। वही कही कही रूद्राभिषेक का भी आयोजन किया गया। कुछ लोग घरो में तो कुछ मंदिरो में बाबा का रूद्राभिषेक किया। नगर के पेठिया बाजार शिव मंदिर, झखड़ी महादेव, गुलड़ाक स्थान मंदिर सुलतानपुर शिव मंदिर, मैनपुरा शिव मंदिर सदर बाजार शिव मंदिर शनिचरास्थान महावीर मंदिर, बीबीगंज महावीर मंदिर, गोलापर रामजानकी मंदिर, एमईएस शिव मंदिर आनंद बाजार शिव मंदिर समेत विभिन्न मंदिरो में भीड़ रही। मंदिरो में सावन में हरे रंग के प्रावधान दिखा हरे वस्त्र में ज्यादातर महिला व बच्चियां पूजा अर्चना करने पहुंची। वही प्रथम सोमवारी पर नगर के विभिन्न शिवालय का सजाया गया था। भगवान शिव के भजन से इलाका गुंजयान होता रहा।

### अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया गया

दानापुर। अतिक्रमण हटाने के साथ ही नगर परिषद ने अतिक्रमणकारियो के विरूद्ध कार्रवाई भी शुरू कर दी है। इस क्रम में कार्यपालक पदाधिकारी नगर व्यवस्था पंकज कुमार ने अवैध रूप से पार्किंग करने वाले 40 वाहनो का चलान काटा। वही अतिक्रमण करने वालो से दंड स्वरूप 35 सौ रुपए वसुले। सोमवार को नगर परिषद द्वारा रूपसपुर से सगुनामोड़ तक नेहरूपथ के दक्षिण सर्विस लेन पर अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया गया। इस दौरान अतिक्रमण हटाओ दस्ता ने अस्थायी व स्थायी अतिक्रमण पर कार्रवाई करते हुए कुछ ठेला व सामान आदि जप्त किया।

# स्वास्थ्य केंद्रों की क्वालिटी बढ़ाने के लिए तीन तरह के सर्टिफिकेशन पर जोर

## एनक्यूएएस, कायाकल्प व लक्ष्य सर्टिफिकेशन मिलते हैं स्वास्थ्य केन्द्रों को

● स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में होता है सुधार




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर जोर दिया जा रहा है। इसके लिए स्वास्थ्य केंद्रों के तीन तरह के सर्टिफिकेशन राज्य में किए जा रहे हैं। गुणवत्ता के लिए नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस सर्टिफिकेट, मेटरनल ओटी और लेबर रूम के लिए लक्ष्य और स्वच्छ एवं संक्रमण मुक्त परिसर के लिए कायाकल्प से स्वास्थ्य संस्थानों को प्रमाणित किया जा रहा है। राज्य में सभी प्रकार के स्वास्थ्य संस्थानों की कुल संख्या 13 हजार 78 है। अभी तक कुल 573 स्वास्थ्य संस्थानों को एनक्यूएएस सर्टिफिकेट, 432 को कायाकल्प तथा 27 संस्थानों को लक्ष्य का सर्टिफिकेट प्राप्त हो चुका है। 8 जुलाई को सुपौल, किशनगंज और मुंगेर के जिला अस्पताल को एनक्यूएएस तथा सुपौल और मुंगेर को लक्ष्य का सर्टिफिकेशन प्राप्त हुआ है।

प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं होती है प्रबल

एनक्यूएएस के नेशनल असेसर डॉ माहताब सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्र के लिए सर्टिफिकेशन बहुत जरुरी है। इससे प्रमाणित होता है कि यहां मिलने वाली सुविधाएं बेहतर और गुणवत्तापूर्ण है। सर्टिफिकेशन से स्वास्थ्य केंद्रों में एक प्रतियोगिता की भावना भी आती है। लक्ष्य सर्टिफिकेशन मेटरनल हेल्थ और प्रसव की सुविधाओं की बढ़ोतरी में सहायक होता है। प्रमाणन से छोटे स्तर के स्वास्थ्य केंद्र में भी बेहतर सुविधाओं के मिलने से आम जनों का सरकारी अस्पतालों के प्रति संतोष बढ़ता है। किसी भी राज्य में स्वास्थ्य केंद्रों का प्रमाणन उनके प्रदर्शन में उछाल के साथ स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों में बेहतर करने में मदद करता है।

# मीडिया को धमकाना लोकतंत्र को रौंदने की कोशिश : संतोष सुमन



● अराजकता फैला कर सत्ता हासिल करना चाहता है राजद

प्रात :किरण संवाददाता

पटना : हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष व लघु जल संसाधन मंत्री डॉ. संतोष सुमन ने कहा कि राजद और विपक्षी पार्टियों द्वारा देश की संवैधानिक संस्थाओं का अनादर, चुनाव आयोग को कोसना, जांच एजेंसियों को केंद्र सरकार का पालतू बताना व अब खुलेआम मीडिया को धमकाना दरअसल लोकतंत्र को रौंदने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि राजद और कांग्रेस पूरे देश में अराजकता फैला कर एन-केन-प्रकारेण सत्ता हासिल करना चाहता है ।इसीलिए इन पार्टियों की कोशिश देश की हर एक संवैधानिक संस्था पर अविश्वास पैदा कर जनता को भड़काना है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में राजद नेता तेजस्वी यादव ने जिस तरह से मीडिया को ह्यगोदी मीडियाह्ल बताते हुए धमकाया है, वह घोर आपत्तिजनक और राजद की लोकतंत्र विरोधी मानसिकता को दशार्ता है। राजद का प्रयास लोकतंत्र के इस चौथे स्तम्भ को अपनी दबंगई से आतंकित करना है श्री सुमन ने कहा कि चुनाव आयोग एक संवैधानिक संस्था है। सुप्रीम कोर्ट ने भी माना है कि चुनाव आयोग विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य अपने संवैधानिक दायित्वों के तहत कर रहा है ।मगर नेता प्रतिपक्ष की बौखलाहट साफ बताती है कि उन्हें देश के संविधान और लोकतंत्र पर कोई भरोसा नहीं है।

उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव का वक्तव्य है कि- ह्यचुनाव आयोग स्वयं सामने आने की बजाय सूत्रों के हवाले से खबर प्लांट करवा रहा है ताकि इसकी आड़ में खेला कर सके ।ह्ल मीडिया के सूत्रों पर भी उन्होंने गन्दी और भद्दी टिप्पणी की है, जो घोर आपत्तिजनक है। इससे स्पष्ट होता है कि राजद को लोकतंत्र और लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कोई भरोसा नहीं है। दरअसल यह हार के पहले की बौखलाहट है।

# शाइनिंग शुद्ध खादी भंडार के नए प्रतिष्ठान का शुभारंभ




प्रात :किरण संवाददाता

पटना। राजा बाजार स्थित पिलर नंबर 75 के समीप शाइनिंग शुद्ध खादी भंडार प्राइवेट लिमिटेड के नए प्रतिष्ठान का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रख्यात आध्यात्मिक गुरु डॉ. श्रीपति त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उनके साथ विशिष्ट अतिथियों के रूप में डॉ. बिंदा सिंह, वरिष्ठ एंकर विवेक चंद्र एवं पत्रकार अमिताभ कुमार ओझा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर शुरूआत की। इस मौके पर कंपनी के ओनर पप्पू जी ने कहा कि हमारा उद्देश्य खादी को केवल वस्त्र के रूप में नहीं, बल्कि एक आंदोलन के रूप में फिर से जनमानस से जोड़ना है। यह प्रतिष्ठान न केवल बिहार में हमारे खादी अभियान को मजबूती देगा, बल्कि हमारे अन्य प्रतिष्ठानों को भी सशक्त बनाएगा। साथ ही यह पारंपरिक भारतीय खादी को आधुनिकता के साथ जोड़ते हुए युवाओं तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि यहां खादी के कुर्ता, पायजामा, बंडी, शर्ट, पैंट, शॉल, चादर, गमछा, बेडशीट, लुंगी, अंगवस्त्र आदि की व्यापक श्रृंखला खुदरा एवं थोक दोनों रूपों में उपलब्ध है। प्रारंभिक अवधि में ग्राहकों एवं दुकानदारों के लिए विशेष ऑफर्स उपलब्ध हैं, जिससे खरीदारी का अनुभव और भी आकर्षक बनेगा। इस मौके पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, समाजसेवी, राजनीतिक प्रतिनिधि और दुकानदार मौजूद रहे।

# बालू कारोबारी रामाकांत यादव हत्याकांड के विरोध में निकाला आक्रोश मार्च, किया सड़क जाम

## सता संरक्षित हत्या की साजिशकर्ता को शीघ्र गिरफ्तार करे पुलिस : विधायक

प्रात :किरण संवाददाता




बिक्रम : प्रखंड क्षेत्र के रानीतालाब थाना अंतर्गत धाना गांव में बीते दिनों घर के पास बगीचे में बालू कारोबारी रामाकांत यादव की सरेआम गोली मारकर हुई हत्या के कई दिन बीतने के बाद भी अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने पर सोमवार को आक्रोशित मृतक के परिजनों और समर्थकों ने आक्रोश मार्च निकाली। इस दौरान प्रदर्शनकारियो ने रानीतालाब थाना के पास पटना औरंगाबाद मुख्य मार्ग एनएच 139 जाम कर घण्टों प्रदर्शन तथा पुलिस प्रशासन व प्रदेश की सरकार के खिलाफ में जमकर नारेबाजी की । मौके पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता राम प्रवेश यादव ने किया ।समारोह मे पालीगंज विधायक संदीप सौरव ने कहा कि बीते दिनों जिस तरह से घर के पास रमाकांत यादव की हत्या के कई दिन बाद भी अभी तक इस मामले में किसी भी आरोपी अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है जिसके कारण हम लोगों में डर का माहौल बना हुआ है इसी को लेकर हम सभी लोगों ने हत्या के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला है। उन्होंने घटना में शामिल अपराधी की गिरफ्तारी की मांग व मृतक के परिजनों को पुलिस सुरक्षा मुहैया कराए जाने की मांग की उन्होंने प्रदेश की सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि सुशासन बाबु के सरकार में लोग घर के पास भी लोग सुरक्षित है नहीं है, लेकिन सरकार के प्रतिनिधि बेधड़क कानून राज की ढोल पीट रहे उन्होंने यह भी कहा कि बहुत जल्द अगर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आने वाले समय में इससे बड़ा भी आंदोलन करेंगे। मौके पर पूर्व विधायक सह राजद पटना जिलाध्यक्ष दीनानाथ सिंह यादव, राम प्रवेश यादव, नगहर पंचायत के मुखिया अजित वर्मा, अरुण यादव, शिव राज यादव, हरख यादव,कृष्ण कुमार अकेला , प्रो अशोक यादव . विपीन यादव, राहुल यादव, रंजन कुशवाहा, बीरेन्द्र मोची , दिलीप राम, विकाश राज, अरबिन्द यादव समेत हजारो लोग मौजूद थे ।

# सदस्यों का चुनाव के लिए सोमवार को आमसभा का आयोजन किया गया



प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी !प्राथमिक विद्यालय मिरचक में विद्यालय शिक्षा समिति के त्रिवर्षीय पुनर्गठन के लिए सदस्यों का चुनाव के लिए सोमवार को आमसभा का आयोजन किया गया. बीईओ के पत्र के आलोक में विद्यालय में एक सभा आयोजित कर विद्यालय शिक्षा समिति का गठन किया गया ।तीन वर्ष के लिए गठित इस समिति को विद्यालय संचालन की महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी गई है ।शिक्षक छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पर नजर रखने से लेकर छात्रोपयोगी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन तक कई महत्वपूर्ण उत्तर दायित्व समिति के उपर है ।चुनाव पर्यवेक्षक उमाशंकर सिंह व निरमा देवी की अध्यक्षता में तथा प्रधानाध्यापक दीपक कुमार की देखरेख में समिति का गठन किया गया ।जिसमें विभा देवी का चयन सचिव के रूप में किया गया ।वही सदस्य के रूप में पिंकी देवी सरस्वती देवी प्रियंका देवी सविता देवी व जीविका प्रियंका देवी को चयन किया गया। मौके पर सहायक शिक्षिका राखी कुमारी प्रतिमा वर्मा राज कुमार दास श्याम सुंदर दास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बिक्रम में तेजी से बढ़ रहा मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 20 दिनों में 82 फीसदी फॉर्म संग्रहित

## निवार्ची पदाधिकारी सह पालीगंज डीसीएलआर जनक कुमार ने एसआईआर प्रगति की समीक्षा की




प्रात :किरण संवाददाता

बिक्रम : बिक्रम में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान तेजी से चल रहा है। निवार्ची निबंधन पदाधिकारी सह पालीगंज डीसीएलआर जनक कुमार के अनुसार, 25 जुलाई की अंतिम तिथि से पहले ही गणना प्रपत्रों के संग्रह व अपलोडिंग का कार्य पूरा होने की संभावना है, क्योंकि सोमवार तक करीब 82 फीसदी मतदाताओं के प्रपत्र एकत्र व अपलोड कर दिए गए हैं। इसे लेकर डीसीएलआर ने सोमवार को बिक्रम नगर पंचायत कार्यालय स्थित सभागार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा बैठक की इस दौरान उन्होंने अब तक बूथवार अपलोड किए गए फॉर्म की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। एसआईआर प्रगति की जायजा लेने के बाद निवार्ची पदाधिकारी सह डीसीएलआर जनक कुमार ने यह संभावना जताई है कि गणना प्रपत्रों के संग्रह का कार्य संग्रह के अंतिम दिन यानी 25 जुलाई से पहले ही पूरा हो जाएगा। इसे लेकर उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है। शत प्रतिशत फॉर्म मतदाताओं को वितरित वहीं बीडीओ सह सहायक निवार्ची पदाधिकारी पंकज कुमार ने बताया कि शत प्रतिशत मतदाताओं में गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। साथ ही, 82 प्रतिशत फॉर्म ईसीआईनेट में अपलोड किए जा चुके हैं। बड़ी संख्या में संभावित मतदाता एसआईआर के 24 जून के आदेश में निर्दिष्ट पात्रता दस्तावेजों के साथ गणना फॉर्म जमा करना पसंद कर रहे हैं अब, प्रयास शेष बचे गणना प्रपत्रों और पात्रता दस्तावेजों को एकत्रित करने का है, जबकि 25 जुलाई से पहले अभी 11 दिन और बचे हैं। बैठक में बिक्रम नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी संजीव कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार, अंचलाधिकारी स्वयं प्रभा, बीईओ रविकांत शर्मा व प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार समेत सभी बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षक मौजूद रहे।

# वकील हत्याकांड को लेकर मसौढ़ी व्यवहार न्यायालय में शोकसभा का आयोजन

● अधिवक्ताओं ने की मांग-परिजनों को मिले एक-एक करोड़ रूपए और सरकारी नौकरी



प्रात :किरण संवाददाता

मसौढ़ी !बीते रविवार की सुबह पटना में अधिवक्ता जितेंद्र कुमार मेहता की जघन्य हत्या की अधिवक्ताओं ने भर्त्सना की है ।इसे लेकर सोमवार को मसौढी व्यवहार न्यायालय परिसर में शोकसभा आयोजित की गई.इस दौरान सभी वकीलों ने दो मिनट का मन रखकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी ।शोकसभा की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने किया ।इस दौरान उन्होंने कहा कि पटना के सुल्तानगंज में अधिवक्ता जितेंद्र कुमार मेहता की अपराधियों ने दिन-दहाड़े गोली मारकर हत्या कर दी थी ।हत्या के विरोध में अधिवक्ता अपने को न्यायिक कार्य से अलग रहे,और अधिवक्ताओं के बीच काफी आक्रोश दिखा, अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह अशोक ने कहा कि पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने को लेकर मसौढ़ी बार एसोसिएशन हर संभव प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि जब तक पीडित को न्याय नहीं मिलता है। तब तक संघर्ष किया जायेगा ।इस दौरान उन्होंने सरकार से मांग किया कि अधिवक्ता के परिजनों को एक करोड़ मुआवाजा राशि दी जाय ।साथ ही परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाय ।अधिवक्ताओं के जान-माल की सुरक्षा को लेकर सरकार एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करे ।ताकि वे खुद को असुरक्षित महसूस नहीं करे ।अधिवक्ता हत्याकांड में शामिल सभी अपराधियों के विरुद्ध स्पीडी ट्रायल चलाकर फांसी की सजा की मांग किया है ।उन्होंने कहा कि प्रशासन इसे गंभीरता से लेते हुए स्पीडी ट्रायल चलवाए ।ताकि अधिवक्ताओं के साथ ऐसे जघंन्य अपराध करने वालों के मन में डर बनी रहे ।उन्होंने कहा कि इस हत्याकांड के बाद सरकार व उपरी व्यवस्था मूक दर्शक बनी हुई है ।इसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा ।शोकसभा में बार एसोसिएशन के सचिव राकेश कुमार लल्लू प्रसाद यादव कुंवर सिंह प्रमोद पासवान हसन इमाम सतीश रंजन कुमुद रंजन राय भूषण शर्मा गौतम कुमार अजित कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# मछली पालकों को सरकार दे रही है आर्थिक सहायता

## विगत दो वर्षों में मछली पालकों को 1530 लाख रुपए का मिला अनुदान

● योजना के तहत प्रति यूनिट इकाई लागत प्राक्कलित राशि का 60/80 प्रतिशत तक दिया जा रहा है अनुदान

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार सरकार अपनी विभिन्न योजनाओं के जरिए मछली पालकों को सहायता दे रही है, जिसकी बदौलत राज्य को मछली के उत्पादन में आत्मनिर्भरता मिली है। इसी कड़ी में बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग अन्तर्गत मत्स्य निदेशालय ने मुख्यमंत्री जलाशय मात्स्यिकी विकास योजना 2025/26 के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। इसका लाभ उठाने के लिए मछली पालकों के पास 31 अगस्त तक का समय है। इस तिथि तक आवेदन करने वाले आवेदक योजना का लाभ उठा सकते हैं। मुख्यमंत्री जलाशय मात्स्यिकी विकास योजना के तहत राज्य के जलाशयों में संचयन आधारित मत्स्य प्रग्रहण एवं केज आधारित मत्स्य पालन तकनिक के द्वारा जलाशय में मत्स्य उत्पादकता एवं उत्पादन को बढ़ाना है, जहाँ सभी वर्ग के मछली पालकों को 60 तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग को 80 फीसदी की सब्सिडी दी जा रही हैए शेष राशि लाभार्थी के द्वारा बैंक ऋण/स्वयं के द्वारा वहन किया जाएगा।

इस योजनान्तर्गत राज्य के जलाशयों में संचयन आधारित मत्स्य प्रग्रहण एवं केज आधारित मत्स्य पालन के द्वारा मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जा रही है। इस योजना का क्रियान्वयन दक्षिणी बिहार के जिले में लागू की जाएगा जहाँ जलाशय अव्यवस्थित है- इसमें बाँका, नवादा, जमुई, सासाराम, कैमूर, मुंगेर, लखीसराय आदि प्रमुख है। इस योजना के जरिए विगत तीन वर्षों में मछली पालकों को 1530 लाख रुपए का अनुदान दिया जा चुका है। जिसका लाभ उठाकर राज्य के मछली पालक आत्मनिर्भर हुए हैं। मुख्यमंत्री तालाब मात्स्यिकी विकास योजना के तहत जिन दो श्रेणियों मे अनुदान दिया जाता है, उसमें पहली श्रेणी मत्स्य अंगुलिका संचयन आधारित मत्स्य प्रग्रहण मात्स्यिकी की है, जिसका लाभ लेने के लिए 0.06 लाख प्रति हेक्टेयर इकाई लागत पर अनुदान देय है। वहीं दूसरी श्रेणी जलाशय में केज का अधिष्ठापन की है, इसके लिए 3 लाख रुपए प्रति केज की इकाई लागत पर अनुदान दिया जाएगा। आवेदन की प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू हो चुकी हैए और सभी इच्छुक लाभार्थी 31 अगस्त तक ्रॅीश्रीरॅ्१.ॅङ्म५.ल्ल पर आवेदन कर सकते है। आवेदन प्रक्रिया 31 अगस्त 2025 तक चलेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी वेबसाइट २३३ी.ॅ१.ॅङ्म५.ल्ल/ॅ/्र३९ील्ललङ्की.ल्३' पर अथवा जिला मत्स्य कार्यालय में संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

# मंत्री जीवेश कुमार ने दरभंगा में पीआईबी द्वारा आयोजित क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला वातार्लाप का किया उद्घाटन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना/दरभंगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार की प्रमुख मीडिया इकाई, पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), पटना द्वारा दरभंगा जिले में आज दिनांक 14 जुलाई, 2025 (सोमवार) को क्षेत्रीय मीडिया कार्यशाला ह्ववातार्लापह्व का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन बिहार के नगर विकास एवं आवास मंत्री, श्री जीवेश कुमार द्वारा किया गया। इस मौके पर पीआईबी, कोलकाता के महानिदेशक टी. वी. के. रेड्डी, पीआईबी पटना के सहायक निदेशक कुमार सौरभ, जिले के वरिष्ठ पत्रकार मणीकांत झा और विष्णु कुमार झा, दरभंगा इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य संदीप तिवारी, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा की सहायक प्रोफेसर सह मीडिया प्रभारी बिन्दु चौहान भी मौजूद रहे। इस कार्यशाला में दरभंगा जिला मुख्यालय के वरिष्ठ पत्रकारों के साथ-साथ प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व अन्य मीडिया से जुड़े मीडियाकर्मियों ने भाग लिया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बिहार सरकार के मंत्री जीवेश कुमार ने कहा कि पत्रकारों को अपने कार्यक्षेत्र में सकारात्मक व्यवहार अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता के सशक्तीकरण व भलाई के लिए आवश्यक है कि मीडिया सकारात्मक सोच की शक्ति का वरण करे। उन्होंने बिहार समेत पूरे भारत वर्ष में चल रही विकासात्मक तथा अन्य कल्याणकारी योजनाओं की उपलब्धियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार द्वारा गरीब कल्याण, किसान, युवाओं, महिला और समाज के हर वर्ग के लिए अनेको कार्य किया गया। गरीबों के लिए बिहार में लगभग 11 लाख पक्का मकान बनाया गया। परे देश में रोड, रेल और परिवहन के क्षेत्र में अकल्पनीय विकास हुआ है। महिलाओं के विकास के लिए सराहनीय कार्य जैसे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभीयान, सुकन्या समृद्धि योजना और अनेकों कार्य किया गया है जिसके फलस्वरूप बिहार में लिंग अनुपात में अतुलनीय सुधार देखने को मिला है। देश में बहुत से कड़े और दूरगामी फैसले लिए गए, जैसे आर्टिकल 370 जैसे कानून को समाप्त करने का कार्य भी काम भी किया गया। इससे पूर्व विषय प्रवेश के दौरान पीआईबी, पटना के सहायक निदेशक कुमार सौरभ ने वातार्लाप कार्यक्रम की परिकल्पना पर प्रकाश डाला। उन्होंने कार्यशाला में मौजूद पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उसकी सफलता में पत्रकारों की अहम भूमिका होती है। इस कार्यशाला के माध्यम से क्षेत्रीय व ग्रामीण मीडिया और पीआईबी के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने की कोशिश की जा रही है ताकि सूचनाओं का बेहतर आदान-प्रदान हो सके। कार्यशाला को संबोधित करते हुए पीआईबी कोलकाता (पूर्वी क्षेत्र) के महानिदेशक श्री टी. वी. के. रेड्डी ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के कार्यों पर बातचीत करते हुए कहा कि मंत्रालय का प्रमुख काम भारत सरकार के कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी को आम जनता तक सही और प्रभावी ढंग से पहुंचाने का है।

# बौद्धिक विचार मंच हाजीपुर के रजत जयंती समारोह की तैयारी

पटना,/हाजीपुर। बौद्धिक विचार मंच ह्य हाजीपुर, बैशाली के जिला ईकाई की बैठक पटेल सेवा संघ के परिसर में जिलाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार रतन की अध्यक्षता में तथा संचालन जिला ईकाई कै सचिव चन्द्र भूषण सिंह शशि के द्वारा किया गया। इसके संरक्षक और मार्ग दर्शक विपिन चन्द्र विपल्वी भी सभा में उपस्थित रहे । विषय प्रवेश कर समारोह का श्रीगणेश करते हुए विपिन चन्द्र विपल्वी ने बौद्धिक मंच के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आने बाले 11 सितंबर को हाजीपुर में बौद्धिक विचार मंच का रजत जयंती समारोह मनाया जाएगा । जिसमें स्थानीय और राजधानी पटना के कई चिंतक ,साहित्यकार और राजनेताओ के पधारने की संभावना है । अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार रतन ने अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रतिभावान छात्र- छात्राओं का चयन कर उन्हे पुरस्कृत, और सम्मानित किया जाएगा ।इसके लिए स्थानीय विद्यालयों के प्राध्यापक एवं प्राचार्यो से संपर्क कर तय विषय पर आलेख आमंत्रित कर सर्वश्रेष्ठ एवं प्रथम , द्वित्तीय एवं तृतीय को पुरस्कृत और सम्मानित किया जाएगा। मार्गदर्शन विपिन जी एवं अध्यक्ष की राय से समिति में डॉ शिवालक राय प्रभाकर जी को उपाध्यक्ष एवं प्रो0 जनार्दन प्रसाद सिंह को सलाह कार नियुक्त किया गया ।

पथ निर्माण मंत्री ने कहा- नागरिकों को मिलेगी सुगम यातायात की सुविधा

# 152 लाख की लागत से पटना के 6 और पथों का होगा जीर्णोद्धार : नितिन

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। पथ निर्माण मंत्री और बांकीपुर से भाजपा विधायक नितिन नवीन ने सोमवार को राजधानी पटना में से कुल 6 पथों का शिलान्यास किया। इनमें से 3 योजना मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना और 3 योजना विधायक निधि से शामिल की गयी। शिलान्यास के दौरान मंत्री के साथ स्थानीय वार्ड पार्षद समेत सकड़ों नागरिक मौजूद रहे। इस क्रम में मंत्री ने स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर उनकी समस्याओं को सुना, साथ ही संबंधित अधिकारी को तत्परता से समाधान निकालने की दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं, मौके पर मौजूद मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य के शहरी क्षेत्रों मे आधारभूत संरचनाओं के विकास हेतु मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की शुरूआत की गयी है, जिसके तहत शहरी क्षेत्रों में जल निकासी, गुणवता युक्त सड़कों के निर्माण, पार्कों और तालाबों का जीर्णोद्धार होना है। इसके साथ ही स्थानीय विधायक होने के नाते 3 और योजनाओं को शामिल किया है, जिसे शहरवासियों को सुगम यातायात सुविधा मिलेगी। इसी क्रम में आज वार्ड नंबर 29 में कुल 6 पथों का शिलान्यास किया गया है। इन पथों के निर्माण से शहरी क्षेत्रों में विकास को नई गति मिलेगी। साथ ही यात्रा अधिक सहज और सुरक्षित होगी। मंत्री श्री नवीन ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना अंतर्गत बांकीपुर विधानसभा में आने वाली आज के सभी 6 पथों का निर्माण बुडिको द्वारा किया जायेगा। एनडीए सरकार का मुख्य उद्देश्य शहरी इलाकों में सुगम यातायात और जलजमाव से मुक्ति देने है। मंत्री ने बताया कि आज के शिलान्यास कार्यकर्म में मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत वार्ड 29 स्थित खासमहल मोड़ से पोस्टल पार्क चौराहा तक करीब 32.00 लाख की लागत से पीसीसी पथ का निर्माण कार्य, कंकड़बाग अंचल अन्तर्गत एनटीपीसी करबिगहिया से एमएस इंडियन गैस तक करीब 78 लाख की लागत से आर-सी-सी नाला एवं पथ निर्माण, आनंद त्रिपाठी के घर से शैलेस कुमार के घर तक खासमहाल रोड नंबर 3 तक करीब 12 लाख की लागत से पीसीसी सड़क निर्माण कार्य को शामिल किया गया है। वहीं, विधायक निधि से अजाद पथ गली नंबर-02 में नाला एवं पी०सी०सी० निर्माण, अजाद पथ पर सुजीत यादव के मकान से मिथलेश कुमार के मकान तक भूगर्भ नाला एवं पीसीसी का निर्माण एवं राजू चंद्रवंशी के मकान से दीपक चंद्रवंशी के मकान तक नाला एवं पीसीसी निर्माण कार्य की योजना को शामिल किया गया है। विधायक निधि से कुल 30 लाख की 3 योजनाओं को शामिल किया गया है। विदित हो कि माननीय मंत्री द्वारा पिछले 20 दिनों में मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना अंतर्गत कुल 23 पथों का शिलान्यास किया गया है। इन सभी 23 पथों का करीब 12 करोड़ की लागत से जीर्णोद्धार किया जाएगा। इनमें कई जगह पथों के साथ-साथ भूगर्त नाले का भी निर्माण कार्य शामिल है। उल्लेखनीय हो कि शहरी क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं के विकास के लिए वर्ष 2024-25 से मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना लागू की गई है। इसके तहत नगर निकाय के ऐसे पथों का निर्माण होगा जो राष्ट्रीय / राजमार्ग अथवा पथ निर्माण विभाग के पथों / मुख्य सड़कों को लिंक सड़कों से जोड़ेगा एवं जनोपयोगी होगा। इसके साथ ही ज्यादा आबादी को लाभान्वित करने वाली सड़कों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।वहीं, सड़कों का चयन करते समय पर्यटन स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों आदि का विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस योजना के तहत सड़क जाम से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करते हुए विभिन्न सड़कों पर से यातायात के बढ़ते दबाव को कम करना तथा यातायात संचालन को सुगम बनाने का भी कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर वार्ड 29 के पार्षद विकास यादव जी, स्थानीय नागरिक टुंटुं जी, सोनू जी समेत सकड़ों स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

# राहुल गांधी को बिहार की जमीनी सच्चाई की कोई समझ नहीं : उमेश

## अनर्गल प्रलाप कर बिहार की स्वच्छ छवि को धूमिल करना चाहता है विपक्ष

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सोमवार को बयान जारी कर कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा बिहार को क्राइम कैपिटल कहे जाने पर कड़ा ऐतराज जताते हुए उनके इस बयान को तथ्यहीन, गैर जिम्मेदाराना और बिहार की 14 करोड़ जनता का सीधा अपमान करार दिया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष जिस प्रकार बेबुनियाद एवं भ्रामक दावे कर रहा है, वह न केवल दुर्भावनापूर्ण है, बल्कि बिहार की सकारात्मक और साफ-सुथरी छवि को जानबूझकर धूमिल करने का एक असफल प्रयास है, जिसे ना तो बिहार की जनता सहन करेगी और ना ही स्वीकार करेगी। श्री उमेश सिंह कुशवाहा ने राहुल गांधी पर तीखा निशाना साधते हुए कहा कि उनमें न तो राजनीतिक परिपक्वता है और न ही जमीनी हकीकत की कोई समझ। तथ्य व तर्कहीन बयान देना उनकी पुरानी आदत रही है। यही कारण है कि आज न सिर्फ बिहार, बल्कि देशभर की जनता भी उन्हें गंभीरता से लेना बंद कर चुकी है। साथ ही उन्होंने सवालिया लहजे में पूछा कि बिहार की छीटपुट आपराधिक घटनाओं पर हायतौबा मचाने वाले राहुल गांधी कांग्रेस शासित कर्नाटक और तेलंगाना में बढ़ते अपराध ग्राफ पर खामोश क्यों हो जाते हैं? अपराध को लेकर विपक्षी दलों का दोहरा चरित्र जनता के सामने अब बेनकाब हो चुका है। उन्होंने आगे कहा कि राहुल गांधी को यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि जब बिहार में जंगलराज अपने चरम पर था, कांग्रेस पार्टी राजद के साथ सत्ता में भागीदार थी। दोनों दलों की मिलीभगत से सत्ता-प्रायोजित अपराध होते थे और कानून-व्यवस्था जैसी कोई चीज नहीं थी। अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी तक दर्ज नहीं होती थी, क्योंकि उन्हें सत्ता पर आसीन लोगों का संरक्षण प्राप्त था। लेकिन आज, तय समय-सीमा के भीतर अपराधियों को कानून के कठघरे में खड़ा किया जाता है और उनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाती है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आम जनता को इस बात का विश्वास है कि नीतीश सरकार में अपराध करने वाला कोई भी व्यक्ति किसी भी हालत में कानून के चंगुल से नहीं बच सकता। बिहार आज सुशासन और सामाजिक न्याय के मॉडल के रूप में स्थापित हो चुका है, और यही सच्चाई विपक्ष को हजम नहीं हो रही है।

# बिहार में हो रही घटनाओं पर पीएम चुप्पी तोड़ें : तेजस्वी




प्रात : किरण संवाददाता

पटना। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सूबे में लगातार हो रही हत्याओं को लेकर एक बार फिर राज्य सरकार व मुख्यमंत्री पर तंज कसा है। उन्होंने कहा कि उम्र के पड़ाव को पार कर चुके हैं। जिनसे अब बिहार संभल नहीं रहा है। बिहार के सही मायने में बीजेपी के इशारे पर भूंजा पार्टी के नेता और डीके टैक्सवाले रिटायर अधिकारी चला रहे हैं। तेजस्वी ने इस दौरान पीएम मोदी पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री को आंख खोलकर चश्मा उतार कर देखना चाहिए। टेलीप्राम्पटर पर छोड़कर देखना चाहिए आखिर बिहार में क्या हो रहा है। क्योंकि सरकार वह चला रहे हैं और रिमोट से चला रहे हैं। यहां हर दिन हत्या हो रही है। नेताओं की हत्या हो रही है, पुलिस, शिक्षक, ठेकेदार, वकील, व्यवसायी, डॉक्टर सभी की हत्या हो चुकी है। मैं पूछता हूं कि प्रधानमंत्री इस पर चुप क्यों हैं। उन्हें बताना चाहिए कि बिहार में इन घटनाओं को रोकने के लिए क्या कर रहे है। आज स्थिति यह है कि उनके गठबंधन की पार्टियां भी अब इसको लेकर आवाज उठा रही है। लेकिन इस पर कोई जवाब नहीं दिया गया है। भूंजा पार्टी के लोगों को बिहार में लूट की खुली छूट मिल गई है। अधिकारी लोग मुख्यमंत्री को पुल-पुलिया दिखा देते हैं। जिसके बाद और उन्हें कोई काम नही हैं।

# एसआइआर के कारण बीएलओ से लेकर आम जनता तक हलकान : भाकपा-माले

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। भाकपा-माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा है कि बिहार में लागू की जा रही एसआइआर प्रक्रिया ने पूरी चुनावी व्यवस्था को अव्यवस्था और तनाव में डाल दिया है। आनन-फानन और बिना पर्याप्त तैयारी के चल रही इस प्रक्रिया ने आम जनता के साथ-साथ बीएलओ कर्मियों को भी जबरदस्त संकट में झोंक दिया है। कई बीएलओ से लगातार 12-12 घंटे काम कराया जा रहा है, उन पर टारगेट पूरा करने का भारी दबाव बनाया जा रहा है। इस दवाब का गंभीर नतीजा सामने आया है – एक जगह एक बीएलओ की मौत हो गई, तो वहीं बारसोई के बीडीओ द्वारा इस्तीफा देने की सूचना भी मिली है। यह स्थिति दशार्ती है कि चुनाव आयोग और प्रशासन ने इस प्रक्रिया को लागू करते समय जमीनी हकीकत और मानवीय पक्ष की पूरी तरह अनदेखी की है। लेकिन इस संवेदनहीनता की इंतिहा यह है कि जो बीएलओ अपनी समस्याएं और कठिनाइयाँ सामने रख रहे हैं, उन्हें ही अब टारगेट किया जा रहा है। ताजा मामला बेगूसराय जिले का है, जहां एक बीएलओ पर यह आरोप लगाया गया कि उन्होंने मीडिया से भ्रामक सूचना साझा की। भाकपा-माले स्पष्ट करना चाहती है कि भ्रामक सूचनाएं खुद आयोग फैला रहा है, और बीएलओ उस गड़बड़ी के बीच पिस रहे हैं। गणना प्रपत्रों को लेकर भारी भ्रम की स्थिति है। आयोग कह रहा है कि प्रत्येक मतदाता के लिए दो प्रपत्र जारी किए जा रहे हैं – एक बीएलओ द्वारा संग्रह हेतु और दूसरा रिसीविंग के तौर पर मतदाता को लौटाया जाएगा। लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि बीएलओ को केवल एक प्रपत्र दिया जा रहा है, जिसे लेकर मतदाता बीएलओ से रिसीविंग की मांग कर रहे हैं। अब सवाल उठता है – जब बीएलओ के पास दूसरा प्रपत्र ही नहीं है, तो वे कहां से दें? इतना ही नहीं, कई स्थानों से यह शिकायतें सामने आई हैं कि बिना मतदाता की जानकारी और सहमति के ही फॉर्म भर दिए जा रहे हैं, जिससे पूरी प्रक्रिया की पारदर्शिता और वैधता पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। भाकपा-माले बेगूसराय के बीएलओ पर की गई कार्रवाई की कड़ी निंदा करती है और मांग करती है कि तत्काल उस पर की गई कार्रवाई को वापस लिया जाए। हम चुनाव आयोग को चेतावनी देते हैं कि वह अपने इस मनमाने और दमनकारी रवैये को बंद करे। लोकतांत्रिक प्रक्रिया को इस तरह जबरदस्ती और डर के माहौल में नहीं चलाया जा सकता। जनता, बीएलओ और लोकतंत्र के अधिकारों पर हो रहे इस हमले के खिलाफ भाकपा-माले हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

# ईएलआई योजना से बिहार में रोजगार और सामाजिक सुरक्षा को मिलेगा बढ़ावाः मंत्री

## रोजगार लिंक्ड प्रोत्साहन योजना को मंजूरी का श्रम संसाधन मंत्री ने किया स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने सोमवार को भारत सरकार की रोजगार लिंक्ड प्रोत्साहन योजना को मंजूरी मिलने का स्वागत किया। उन्होंने कि मैं बिहार की जनता की ओर से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का हृदय से धन्यवाद और आभार व्यक्त करता हूँ। बिहार ऐसा एकमात्र राज्य है, जहाँ के लोग देश के हर कोने में श्रमिक के रूप में कार्य करते हैं। उनकी यह योजना उन श्रमिकों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक योजना न केवल रोजगार सृजन को बढ़ावा देगी, बल्कि सामाजिक सुरक्षा को भी मजबूत करेगी। बिहार सहित देश भर के करोड़ों युवाओं को इससे लाभ मिलेगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडावीया ने बिहार सरकार के सहयोग और श्रमिकों के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की और मंत्री संतोष कुमार सिंह का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें केंद्र से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। इससे पहले मंत्री संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आज इस कार्यक्रम में देशभर के उद्योगपति उपस्थित हैं, यह बिहार के लिए एक बहुत बड़ा अवसर है। हमारे राज्य में फूड प्रोसेसिंग और कृषि क्षेत्र में कई कारखाने गाँव-गाँव में स्थापित किए जा सकते हैं। बिहार में इस क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं, जो देश के अन्य किसी राज्य में नहीं है। हमारे ग्रामीण क्षेत्रों में, जैसे ह्यराइस क्रिस्पह्ल (टूटा हुआ चावल) होता है, जिसे आमतौर पर पशुओं को खिलाया जाता है, उसका भी व्यावसायिक उपयोग हो सकता है। ऐसे प्रयासों से न केवल उद्योग का विकास होगा, बल्कि स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा। बिहार वह राज्य है जहाँ श्रमिक उपलब्ध हैं, सड़क, कनेक्टिविटी, एयरपोर्ट जैसी बुनियादी सुविधाएं भी तैयार हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है। इसलिए मेरा सभी उद्यमियों से आग्रह है कि बिहार आकर फूड प्रोसेसिंग और कृषि आधारित उद्योगों में निवेश करें। हम आपका स्वागत करेंगे। यही मेरा सुझाव और निवेदन है। वहीं, मंत्री ने ईएलआई योजना को एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना और कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य विनिर्माण और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों का निर्माण, कार्यबल की उत्पादकता में सुधार और औपचारिक रोजगार को बढ़ावा देना है। यह योजना 01 अगस्त 2025 से 31 जुलाई 2027 तक सृजित नौकरियों पर लागू होगी। इस योजना के तहत दो वर्षों की अवधि में 99,446 करोड़ के बजटीय प्रावधान के साथ 3.5 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन का लक्ष्य रखा गया है। योजना को ईपीएफओ के माध्यम से लागू किया जाएगा। संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा का कवरेज मिलेगा और पहली बार नौकरी करने वालों के लिए ऑन-जॉब ट्रेनिंग, वित्तीय साक्षरता, और कौशल विकास की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त, नौकरी में निरंतरता को बढ़ावा देने के लिए कर्मचारियों को न्यूनतम 6 महीने तक कार्यरत रहना होगा। इससे न केवल रोजगार क्षमता बढ़ेगी, बल्कि युवा कार्यबल के आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। नियोक्ताओं के लिए यह योजना आकर्षक है क्योंकि उन्हें अतिरिक्त रोजगार सृजन की लागत की आंशिक भरपाई सरकार द्वारा की जाएगी। इससे कार्यबल की स्थिरता, उत्पादकता और औपचारिक रोजगार दर में बढ़ोतरी होगी।

# बिहार बना क्राइम कैपिटल ऑफ इंडिया : कांग्रेस

## कांग्रेस की मांग- पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता और सुरक्षा मिले

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। बिहार के पूर्णिया में हुए आदिवासी परिवार के पांच सदस्यों के जघन्य नरसंहार को हृदय विदारक बताते हुए कांग्रेस ने कहा कि जदयू-भाजपा सरकार ने प्रदेश को देश का क्राइम कैपिटल बना दिया है। इंदिरा भवन स्थित कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष डॉ. विक्रांत भूरिया ने प्रदेश में बढ़ते अपराधों पर चिंता जताई और कहा कि सरकार इस भयावह घटना को दबाने का प्रयास कर रही है। डॉ. भूरिया ने बताया कि लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के निर्देश पर वे व्यक्तिगत रूप से पीड़ित परिवार से मिलने पूर्णिया गए थे, वहां उन्होंने भय का माहौल देखा और पाया कि पूरा गांव खाली पड़ा था। उन्होंने घटनास्थल की तस्वीरें दिखाईं और उस तालाब की भी, जिसमें एक व्यक्ति अपनी जान बचाने के लिए कूदा था लेकिन उसे निकालकर दोबारा आग के हवाले कर दिया गया था। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने खुद फोन पर मृतकों के परिजनों से बात की और अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उनके साथ पूरी ताकत से खड़े रहने का भरोसा दिलाया। कांग्रेस नेता ने छह जुलाई को पूर्णिया के टेटगामा गांव में हुई इस घटना का विस्तृत विवरण देते हुए बताया कि पहले परिवार के सदस्यों को पीटा गया, हाथ-पैर तोड़े गए, फिर जिंदा जला दिया गया। जब वे पूरी तरह से नहीं जले तो उन्हें तड़पने के लिए छोड़ दिया गया, फिर वापस आकर दोबारा जला दिया गया। डॉ. भूरिया ने कहा कि इस घटना को 200 से 250 लोगों की भीड़ ने अंजाम दिया। उन्होंने पूछा कि इस भीड़ को किसका संरक्षण था? किसने उकसाया था? उन्होंने कहा कि यह सब सामने आना जरूरी है। कांग्रेस नेता ने बिहार में शराबबंदी पर सवाल उठाते हुए कहा कि बिहार में न सुरक्षा मिल रही है और न पीने योग्य पानी मिल रहा है, लेकिन शराब जरूर मिल रही है। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिवार के घर के पास नल-जल योजना का एक हैंडपंप लगा हुआ है, लेकिन उसमें से पीने लायक पानी नहीं आता है। उन्होंने बताया कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद उन्हें घटनास्थल पर शराब की बोतलें मिलीं, जिससे पता चलता है कि लोगों ने घटना को अंजाम देने से पहले शराब पी थी। उन्होंने पूछा कि जिस राज्य में वर्षों से शराबबंदी है, यदि आज भी वहां शराब मिल रही है, तो क्या यह जंगलराज और गुंडाराज नहीं है?

# आवारा श्वानों और पशुओं की देखभाल करें: विकास



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राजधानी पटना में आवरा श्वानों एवं लावारिस पशुओं के संरक्षण के लिए कार्यरत सामाजिक कार्यकताओं जिन्हें हम सोसाईटी वॉरियर की संज्ञा देते हैं। वो प्रतिदिन अनेक समस्याओं का सामना करते हैं। सामाजिक स्तर पर उन्हें अनेकों वैचारिक मतभेदों व चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। बावजूद इसके ये सभी कार्यकर्ता विभिन्न इलाकों में आवारा श्वानों व लावारिस पशुओं को संरक्षित करते हैं। ऐसे वॉरियर समाज में पशु प्रेम की अनोखी मिसाल पेश कर रहे हैं। मगर उसी क्रम में उनकी सुरक्षा व जागरुकता बेहद जरुरी है। ऐसे में प्रदेश के चर्चित पशु चिकित्सक डॉ विकास शर्मा के पटना स्थित एनिमो पेट केयर में एक अहम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में दर्जनों अनसंग वॉरियर शरीक हुए और अपनी समस्याओं को साझा किया। पशु चिकित्सक व एनिमो पेट केयर के निदेशक डॉ विकास शर्मा ने बताया कि आवारा श्वानों के काटने से रेबिज जैसी जानलेवा गंभीर बीमारी होती है। जिससे बचाव के लिए जागरुकता जरुरी है। पटना विभिन्न मुहल्लों में खासकर फुलवारी शरीफ, पटना सिटी, कंकड़बाग, गर्दनीबाग, पुनाईचक, पटेल नगर, राजेंद्र नगर, बोरिंग रोड, बुद्धा कॉलनी, अशोक राजपथ समेत अन्य इलाकों में जो भी वॉरियर आवारा श्वानों व लावारिस पशुओं की देखभाल में निःस्वार्थ भाव से लगे हैं।

# पवित्रता और कल्याण का प्रतीक है श्रावण-सोमवारी : विजय

## सबके लिए सुख, शांति और सौहार्द्र की सौगात लाएगा यह सावन



प्रात : किरण संवाददाता

पटना। श्रावण कृष्ण पक्ष नाग पंचमी की पूर्व संध्या पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि श्रावण मास सनातन संस्कृति में पवित्रता और कल्याण का प्रतीक माना जाता है । इसी माह में समुद्र मंथन का उपक्रम किया गया था और इसी माह में भगवान शंकर ने जगत के कल्याण के लिए गरल पान भी किया था । इसलिए श्रावण मास को ज्ञान, ध्यान और योग की चेतना का महीना माना जाता है । श्री सिन्हा ने कहा कि इस साल का सावन देश के साथ-साथ बिहार के लोगों के भी सुख, शांति और सौहार्द्र की सौगात लेकर आएगा । राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक उत्सवों का आयोजन पूरे उत्साह के साथ किया जा रहा है । श्री सिन्हा ने कहा कि इस सावन से ही राज्य के सौहार्द्र को बिगाड़ कर अराजकता की ओर ले जाने वाले सारे प्रयासों का भी शमन होगा । जिन लोगों ने अपनी कथनी और करनी से बिहार को वर्षों तक जहालत में रखा । उन सभी परिवारवादियों के स्थायी राजनीतिक वनवास की शुरूआत भी बहुत जल्द होने जा रही है ।अपने राजनीतिक स्वार्थों के लिए बिहार के भविष्य का सौदा करने वाली कांग्रेस-राजद के पूरे तंत्र से राज्य को मुक्त कराने की राह भी इसी माह के अंत तक तय हो जाएगी । प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकसित बिहार का संकल्प मन में रखने वाले सभी समाज के लोग एकजुट होंगे ।

## पौधारोपण कर पर्यावरण बचाने का दिया संदेश

जमुई। सदर प्रखंड के नीमनवादा गांव में अखिल भारतीय युवा कुशवाहा समाज( भारत )बिहार प्रदेश अध्यक्ष सह जदयू प्रदेश महासचिव श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ हरिओम कुशवाहा ने पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण का संरक्षण करने की शपथ ली।प्रदेश अध्यक्ष हरिओम कुशवाहा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लेने की आवश्यकता है। वृक्ष समस्त जीवों के लिए आवश्यक है। अधिक से अधिक वृक्ष लगाने से पर्यावरण का संतुलन बना रहता है। आज पर्यावरण प्रदूषित होने के कारण जीव मात्र को अनेक प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए अधिक से अधिक पौधे लगाये और उसे बचाएं।साथ ही उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिये सभी को कदम आगे बढ़ाकर कार्य करना होगा।धरती को हरा-भरा रखने के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने चाहिए।

# सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

- हर हर महादेव व ओम नमः शिवाय की जयघोष से गुंजायमान हुए शिवालय

प्रात : किरण संवाददाता





पटना। सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। अहले सुबह से देर शाम तक जलाभिषेक के लिए भक्तों में काफी उत्साह देखने को मिला। शिवभक्त कतारबद्ध होकर श्रद्धापूर्वक से भोलेनाथ को दूध, जल, फूल, बेलपत्र, भांग, धतूरा आदि से जलाभिषेक किया। साथ ही फल, पेडा, लड्डू आदि मिष्ठानों से महादेव को भोग अर्पित कर और सुख समृद्धि की महादेव से कामना की। मान्यता है कि इस दिन प्रातःकाल स्नान करके स्वच्छ वस्त्र धारण करें। शिवलिंग की पूजा के लिए मंदिर जाएं या घर पर शिवलिंग स्थापित करके श्रद्धा और नियम से पूजन करें। शिवलिंग का अभिषेक जल, दूध, दही, शहद, घी और गंगाजल से करें। इसके बाद बेलपत्र, सफेद पुष्प, धतूरा, आक, अक्षत और भस्म अर्पित करें। हर हर महादेव की उद्घोष और नमः शिवाय की गूंज से माहौल भक्ति में बना रहा। महादेव की भजनों व गीतों पर भक्त झूमते रहे। शिवालियों को भी आकर्षक तरीके से सजाया गया था एलईडी लाइट से आवश्यक सजावट की गई भक्तों को पूजा अर्चना में किसी तरह की कठिनाई नहीं हो इसके लिए मंदिर प्रशासन की ओर से व्यापक व्यवस्था किए गए थे पाटलिपुत्र स्थित महा महामृत्युंजय पत्नेश्वर महादेव मंदिर में मंदिर के संयोजक संजय कुमार सिंह और उनके सहयोगियों ने भक्तों का पूजा करने में अपार सहयोग किया। महामृत्युंजय पाटनेश्वर महादेव मंदिर कुर्जी सहित अन्य शिवालयों में शिव भजन व श्रावणी गीतों से माहौल भक्तिमय बना रहा। श्री संजय सिंह ने बताया कि सोमवारी के अवसर पर मंदिर प्रांगण में खास व्यवस्था की जाती है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो इसका पूरा ख्याल रखा जाता है। असामाजिक तत्वों पर भी कड़ी नजर रखी जाती है। सावन माह के पावन असवसर पर इस बार मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया है। मंदिर के पुजारी बाबा शंकर ने बताया कि महामृत्युंजय पाटनेश्वर मंदिर में पूजा अर्चना करने वालें श्रद्धालुओं पर महादेव की असीम कृपा बनी रहती है। सच्चे मन व विधि विधान से पूजा अर्चना व अराधना करने वाले भक्तों की मनोकामना पूरी होती है। भगवान भोलेनाथ का स्वरूप सभी देवों से निराला है। कहा जाता है कि शिवलिंग पर सिर्फ एक लोटा जल चढ़ाने से ही महादेव खुश हो जाते हैं और भक्त की मनोकामना पूर्ण करते हैं। शहर के खाजपुरा, राजाबाजार, शेखपुरा, आशियाना नगर, रामनगरी, राजीव नगर, दीघा, कुर्जी, कुर्जी पुल पर,राजापुर, मैनपुरा, बोरिंग कैनाल रोड, बोरिंग रोड, कृष्णापुरी, किदवईपुरी, शास्त्रीनगर, राजवंशी नगर, कदमकुआं, लोहानीपुर, राजेन्द्र नगर, मछुआ टोली, बाजार समिति, कंकड़बाग, अशोक नगर, लोहिया नगर, करबिगहिया, जक्कनपुर, मीठापुर, पुरन्दरपुर, सिपारा, गर्दनीबाग, चितकोहरा, अनिसाबाद, सरिस्ताबाद, पुनाईचक, किदवईपुरी, शिवपुरी, इन्द्रपुरी, पटेल नगर, केसरी नगर सहित विभिन्न शिवालयों में देर शाम तक शिवक्तों का हुजूम उमड़ा रहा।

# डॉ रणबीर नंदन ने सावन की प्रथम सोमबारी पर किया रूद्राभिषेक

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भगवान भोलेनाथ को प्रिय मास सावन की पहली सोमबारी पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष पूर्व विधान पार्षद प्रो.रणबीर नंदन,गर्दनीबाग ठाकुरबाड़ी में रुद्राभिषेक कर भगवान शंकर की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इस मौके पर डॉ नंदन गर्दनीबाग ठाकुड़बाडी पहुंचकर भगवान भोलेनाथ को गंगा जल, दूध, बेल पत्र, फल फल के साथ अन्य पूजन सामग्री से भगवान का अभिषेक किया। इस मौके पर डॉ नंदन ने कहा कि सावन महीने में भगवान भोले शंकर की पूजा से मनोकामना पूर्ण होती है और इसका सुखद फल मिलता है। इस मौके पर उन्होंने बिहार वासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2025 की समीक्षा बैठक आयोजित

## सदर एसडीओ प्रभाकर कुमार की अध्यक्षता में बड़हिया नगर परिषद में की गई बैठक

प्रात: किरण संवाददाता




लखीसराय। नगर परिषद बड़हिया के सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी,लखीसराय प्रभाकर कुमार की अध्यक्षता में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2025 की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाता सूची के सत्यापन और अद्यतन कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में बड़हिया के सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ), बीएलओ पर्यवेक्षक, और नगर परिषद के अंतर्गत कार्यरत सभी संबंधित कर्मी उपस्थित थे। सदर एसडीओ प्रभाकर कुमार ने सभी बीएलओ को मतदाता सूची में शुद्धता और पूर्णता सुनिश्चित करने के लिए सक्रियता से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि, जैसे नामों का दोहराव, मृत या अनुपस्थित मतदाताओं के नाम हटाना, और नए योग्य मतदाताओं का पंजीकरण, विशेष गहन पुनरीक्षण का मुख्य उद्देश्य है। बीएलओ पर्यवेक्षकों को अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी और समन्वय बनाए रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई।बैठक में मतदाता सूची के डिजिटलीकरण, ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया, और तकनीकी सहायता जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। एसडीओ ने सभी बीएलओ को निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने और समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर निदेशक,डीआरडीए नीरज कुमार भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। निदेशक, डीआरडीए ने इस अवसर पर मतदाता जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करता है। उन्होंने बीएलओ से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर सत्यापन कार्य को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरा करने का आह्वान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### गंगा आह्वान और कांवरिया अभिनंदन आरती

मुजफ्फरपुर।जागृत शिवधाम बाबा गरीबनाथ मंदिर के मुख्य द्वार पर श्री गरीब नाथ मंदिर के संस्थापक न्यासी डॉ संजय पंकज के नेतृत्व में गंगा आह्वान और कांवरिया अभिनंदन महाआरती का आयोजन किया गया। असंख्य दीपों की प्रज्वलित आरती के साथ घड़ी घंटा और शंख के मधुर नाद तथा डमरू के बीच बाबा गरीबनाथ का जयकारा पूरे गरीबनाथ धाम में गूंजता रहा। प्रधान पुजारी पंडित विनय पाठक की देखरेख में अमरनाथ पाठक, अभिषेक पाठक, शिबू पाठक,सन्नी पाठक, मन्नी पाठक,संतोष पाठक तथा मंदिर के पंडितों एवं न्यासी डा अनिल धवन, पत्रकार प्रेमभूषण, मुकेश त्रिपाठी ने बाबा की अद्भुत आकर्षक महाआरती करते हुए मुख्य द्वार पर आकर श्रद्धालुओं और आए हुए कांवरियों की आस्था पूर्ण सहभागिता से गंगा आह्वान किया गया। डॉ संजय पंकज ने कहा कि लंबी दूरी तय करके पावन गंगाजल को कंधे पर उठाकर आने वाले कांवरियों का अभिनंदन हम मां गंगा के आह्वान के साथ करते हैं। विगत वर्षों में भी हर रविवार की शाम में ऐसा किया जाता रहा है। आरती की अग्नि शिखा, शंख की ध्वनि, घड़ी घंट की गूंज और श्रद्धालुओं के जयकारे पूरे वातावरण में पवित्र आध्यात्मिक भाव भर देते हैं।

### मारपीट की घटना में दस जख्मी

कल्याणपुर समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर हुई मारपीट की घटना में दस लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जख्मी लोगों में बरहेता गांव निवासी राजू कुमार, पुरुषोत्तमपुर गांव निवासी भुट्टो साह,गोपालपुर गांव निवासी मोहम्मद एजाज, रोशन खातून, अमीना खातून,लदौरा गांव निवासी नूर नजर,मिल्की गांव निवासी चंपा देवी राकेश कुमार, अंजना गांव के ममता देवी आंचल कुमारी शामिल है। सभी जख्मी लोगों के ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। जहां जख्मी लोगों के प्राथमिक उपचार के बाद स्वास्थ्य में सुधार होने की बात डॉक्टर हैदर अली ने बताया है।

### नर्मदेश्वर महादेव का हुआ प्राण प्रतिष्ठा

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के भूसवर पंचायत के बसौना गांव में सावन की पहली सोमवारी के दिन श्री श्री नर्मदेश्वर महादेव का प्राण प्रतिष्ठा मनीष कुमार पाठक, बम-बम कुमार, विकास पाठक दीपक झा, ब्रजेश झा के वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि-विधान के साथ हुआ मुख्य यजमान के रूप में मुखिया रंजीत कुमार महतो व ललिता देवी, राम रूप महतो व शिला देवी, राजेश कुमार व रीना देवी, बलराम महतो व सरिता कुमारी, रामशीष महतो व पार्वती देवी थे इस प्राण प्रतिष्ठा में भगवती पूजा समिति बसौना के सचिव अरुण कुमार, अध्यक्ष रामानंद महतो, अशोक कुमार, सुशील कुमार सहित अन्य सदस्यों व ग्रामीणों ने अपना सहयोग दिया।

### सर्पदंश से उपसरपंच की मौत

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड क्षेत्र के महिषी पंचायत वार्ड 06 निवासी रामजी राय के पुत्र सह पंचायत के उपसरपंच रोहित राय 46 वर्ष की मौत रविवार की रात्रि सर्पदंश से हो गया घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार की संध्या रोहित को विषैला सांप काट लिया। झाड़ फूंक करवाने के बाद देर रात खाना खाकर सोने गया। इसी बीच पेट में दर्द शुरू हुआ परिजन उसे ईलाज के लिए समस्तीपुर ले कर चले। जहां रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी।बता दें कि रोहित ट्रैक्टर चलाता था। वर्तमान में वह पंचायत का उपसरपंच भी था। मृतक के तीन पुत्र अमित कुमार, सुमित कुमार, मिथिलेश कुमार एवं एक पुत्री चांदनी कुमारी है। वहीं रोहित की मौत की सूचना मिलते ही पत्नी सुनीता देवी सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया रामप्रवेश राय, सरपंच अजित कुमार आदि स्थानीय जनप्रतिनिधि व बुद्धिजीवी मृतक के घर पहुंच कर पीड़ित परिवार को सांत्वना दें रहे थे।

### प्राथमिक विद्यालय बलहा में शिक्षा समिति का सचिव बनी पूनम देवी

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय बलहा में विद्यालय शिक्षा समिति गठन हेतु आम सभा का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संकुल समन्वयक अविनाश कुमार ने किया।आम सभा में सर्वसम्मति से पिछड़ा वर्ग से दो, अति पिछड़ा वर्ग से दो, सामान्य वर्ग से दो एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग से दो सदस्यों का चयन किया गया।

# शिवदास पांडेय और राजेंद्र प्रसाद सिंह स्मरण पर्व का आयोजन




ब्रह्मानन्द ठाकुर/प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।गीत कविता और कई उपन्यासों के सुप्रसिद्ध रचनाकार डॉ शिवदास पांडेय की पुण्यतिथि पर मिठनपुरा स्थित सुधांजलि में संवाद और काव्य पाठ का आयोजन किया गया। सबसे पहले उनके चित्र पर पुष्पांजलि की गई फिर डॉ सिद्धि शंकर मिश्र और हिमांचल मिश्र के संयोजन में उनके कई गीतों की सुमधुर प्रस्तुति हुई। विषय प्रवेश करते हुए डॉ संजय पंकज ने कहा कि शिवदास बाबू का व्यक्तित्व इतना बड़ा प्रेरक और सृजनशील था कि आज वह अपनी देह के साथ भले ही उपस्थित न हैं लेकिन अक्षरों में वे जीवित हैं और हमें सृजन रत रहने के लिए निरंतर प्रेरित करते हैं। प्रेम गीतों के गंधर्व के रूप में वे प्रसिद्ध थे ही एक सांस्कृतिक चिंतक के रूप में उन्होंने जिस तरह से उपन्यासों का सृजन किया है वह अपने समय की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए इतिहास की कई भूलों का समाधान भी है और साथ ही साथ चिंतन के नए द्वार को भी खोलता है।. द्रोणाचार्य, गौतम गाथा, चाणक्य तुम लौट आओ, जगतगुरु शंकराचार्य और फिर नचिकेता जैसे उपन्यासों के समानांतर विचारधारा का सच जैसा बौद्धिक विमर्श भी उन्होंने प्रस्तुत किया। एक सहज सरल आत्मीय व्यक्तित्व और दैहिकता से ऊपर उठते उठाते हुए प्रेम गीतों के आध्यात्मिक भाव-वैभव संपन्न श्रेष्ठ कवि गीतकार थे डॉ शिवदास पांडेय। डॉ वंदना विजय लक्ष्मी ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और शिवदास बाबू के कई गीतों को उन्हींके अंदाज में सुमधुर स्वर में प्रस्तुत किया और कहा कि सुधांजलि हमेशा पिताजी की उपस्थिति का एहसास कराती हैं। हमें नहीं लगता कि वे नहीं है जबकि सच यही है कि वह अपनी काया के साथ नहीं है लेकिन अक्षर रूप में वे जीवित हैं। उनके संस्मरणों की बड़ी यात्रा है और उसके आलोक में उनके सर्जक व्यक्तित्व को देखा जा सकता है। प्रोफेसर अरुण कुमार सिंह ने संस्मरणों के माध्यम से शिवदास बाबू के व्यक्तित्व को प्रस्तुत किया.। उदय नारायण सिंह, विनोद कुमार सिन्हा, डा पुष्पा प्रसाद, डा लोकनाथ मिश्र, प्रेम कुमार, प्रमोद नारायण मिश्र, मधुमंगल ठाकुर,ब्रजभूषण शर्मा, प्रभात कुमार, रंजीत, आलोक उपाध्याय, डॉ सिब्गतुल्ला हमीदी, हरीकिशोर प्रसाद, डॉ अनु शांडिल्य के साथ ही उपस्थित सबने भाव सुमन अर्पित किए। आयोजन में शिवदास पांडेय के प्रिय गीत- मुझे दुनिया की सारी खुशी चाहिए, तुम नहीं गर तो कुछ भी नहीं चाहिए ह्य का सामूहिक गायन सम्मोहक रहा।

# केवटी विधायक ने 7.5 करोड़ की लागत से पंचायत सरकार भवन का किया शिलान्यास

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा। केवटी विधायक डॉ मुरारी मोहन झा ने सोमवार को केवटी प्रखंड क्षेत्र के कोयलास्थान, खिरमा एवं लहवार पंचायत में बन रहे 7.5 करोड़ की लागत से पंचायत सरकार भवन का शिलान्यास किया । इस मौके पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक डॉ झा ने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी प्राथमिकता की सूची में शामिल हैं । पंचायत के जनप्रतिनिधियों को तथा पंचायत के नागरिकों को हर समुचित सुविधा देने के उद्देश्य से पंचायत सरकार भवन बनाया जा रहा हैं । इस पंचायत सरकार भवन में पंचायत स्तर के सभी सरकारी कर्मचारी बैठेंगे । जिससे स्थानीय लोगों को प्रखंड का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा । सारे कार्य इसी पंचायत सरकार भवन से होंगे । उन्होंने कहा पंचायत सरकार भवन निर्माण होने से ग्रामीणों को प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में रसीद कटाने,जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने,आवासीय प्रमाण पत्र, वृद्धा पेंशन, एलपीसी बनवाने सहित अन्य कार्यों के लिए अब नहीं जाना पड़ेगा । पंचायत सरकार भवन में आरटीपीएस के काउंटर स्थापित किए जाएंगे । यहां आधार निबंधन जैसी सेवाएं भी उपलब्ध होगी।विधायक ने कहा मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विकास कार्यों का कार्यान्वयन युद्ध स्तर पर करवाया जा रहा हैं । मेरी कोशिश हैं कि प्रत्येक क्षेत्र में विकास की किरण पहुंचे ।इसके लिए सतत प्रयास कर रहा हूँ ।जनता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता बताते हुए विधायक ने कहा कि आमजनों की आवाज बनकर मै हमेशा काम किया ।सड़क से लेकर सदन तक आमजनों के लिए मैं कार्य किया और करता रहूंगा ।इस मौके पर केवटी पश्चिमी- एवं पूर्वी-2 के मंडल अध्यक्ष निर्भय कुमार,पिंटू यादव, खिरमा पंचायत के मुखिया फूलबाबू राम, लहवार पंचायत के मुखिया तमन्ने नदाफ,सरपंच सतन साहू,श्रवण मिश्र,दिलीप यादव, डॉ विनोद सिंह,रमन जी,परीक्षण जी,ललित यादव, संतोष जी,राजकुमार साहू,राजकुमार साहू,पुराण साहू,बलदेव यादव,रामशक्ल पासवान,रामपुकर यादव,सदरुल, सेवक सहनी,अर्शी,बसंत जी,अनिल हिन्दू,नथुनी दास,दिनेश यादव, दुःखी ठाकुर,सत्यनारायण शर्मा,दीपक यादव,एवं अन्य लोग उपस्थित रहे ।

# रामपुर हरि थानाध्यक्ष पर सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।जिले के रामपुर हरि थाना के थानाध्यक्ष के विरुद्ध सीजेएम कोर्ट मुजफ्फरपुर में मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह मुकदमा विशुनदेव नारायण सिंह इंटर महाविद्यालय, नरमा, मुजफ्फरपुर में लेखापाल के पद पर कार्यरत विशाल कुमार के द्वारा दर्ज कराया गया है। शिकायतकर्त्ता द्वारा थानाध्यक्ष पर मारपीट, गाली-गलौज जैसे कई गंभीर आरोप लगाये गये है। पूरा मामला यह है कि विशुनदेव नारायण सिंह इंटर महाविद्यालय, नरमा, मुजफ्फरपुर में लेखापाल के पद पर कार्यरत विशाल कुमार के साथ दिनांक 8 जुलाई 2025 को रुपये बैंक में लेकर जाने के दौरान अपराधियों के द्वारा लूट-पाट की गई। पीड़ित विशाल कुमार ने बताया कि अपराधियों द्वारा उनसे कुल 2,11,200 (दो लाख ग्यारह हजार दो सौ) रुपये की लूट की गई। इसकी शिकायत दर्ज कराने जब विशाल कुमार रामपुर हरि थाना पहुँचे, तो थानाध्यक्ष सुजीत मिश्रा उनके आवेदन के आलोक में कार्रवाई करने के बजाये उन्हें ही बेरहमी से मारने व पीटने लगे और थाना में बंद कर दिया। थाना में उनके साथ काफी गाली गलौज व बेरहमी से मारपीट की गई। थानाध्यक्ष सुजीत मिश्रा द्वारा पीड़ित का मोबाइल भी छीन लिया गया और उन्हें नजरबंद कर दिया गया। पीड़ित ने बताया कि थानाध्यक्ष सुजीत मिश्रा द्वारा उन पर लगातार यह दबाव बनाया जा रहा था कि पीड़ित यह स्वीकार करें कि उसी ने स्वयं पैसे को लुटा है। नहीं मानने पर थानाध्यक्ष द्वारा लगातार उनके साथ मारपीट की गई और रात्रि के करीब 10:30 बजे थाना से मारपीट कर व अधमरा कर थाना परिसर के बाहर फेंक दिया गया। अगले दिन उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए परिजनों द्वारा उन्हें सदर अस्पताल, मुजफ्फरपुर में भर्ती कराया गया, जहाँ वर्तमान में उनका ईलाज चल रहा है। मामले को लेकर पीड़ित विशाल कुमार ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से सीजेएम कोर्ट मुजफ्फरपुर में मुकदमा दर्ज कराया है। अधिवक्ता ने बताया कि यह घटना मुजफ्फरपुर पुलिस की स्याह छवि को दशार्ती है और जिले की भ्रष्ट प्रशासनिक व्यवस्था को भी उजागर करती है। मामले की अगली सुनवाई 22 जुलाई को होगी।

# आईसक्रीम विक्रेता पर फायरिंग मामले में प्राथमिकी दर्ज

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पतैलिया वार्ड 11 टोला बदिया निवासी मो. मुस्लिम के पुत्र सह आईसक्रीम विक्रेता मो. सनवर के फर्द बयान पर स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज हो गई है। गोलीकांड के इस मामले में गांव के हीं पंकज कुमार महतो, निरज कुमार उर्फ मंजय, संतोष कुमार, मंतोष कुमार, अमिनेष कुमार, नीतीश कुमार, राहुल कुमार, भोजावाली का दामाद लाट साहब और 10 से 15 अज्ञात को आरोपित किया है। कहा है कि वह गरीबी के कारण साईकिल से कुल्फी बेचने का काम करता है। तेरह जुलाई को दोपहर करीब 14 बजे चौक से अपने घर लौट रहा था। तभी रास्ते में प्राथमिक विद्यालय बदिया के समीप आरोपित पंकज कुमार महतो बैठा हुआ था। करीब 10 दिन पूर्व पंकज ने उससे 25 कुल्फी उधार लिया था। बकाया रुपए पंकज कुमार से मांगा तो गाली-गलौच करते हुए चले जाने को कहा। अन्यथा जान मारने की धमकी दी। वह डर गया और घर जाने लगा तो आरोपित ने कहा कि चलो तुम्हारे घर पर आते हैं और तुम्हारे घर में लाकडाउन लगा देंगे। तुम्हारा हिम्मत कैसे हुआ रुपए मांगने का ? जानते नहीं हो कि हम रंगदार हैं। तुम दो-चार घर हीं हो। एक बम लाएंगे, पटक देंगे, खतम हो जाओगे। कहा है कि इसके बाद वह करीब 16 बजे अपने घर के पास बैठा हुआ था। तभी आरोपितों ने एकराय कर हरवे हथियार से लैस होकर आया। गाली-गलौच और मारपीट करने पर उतारु हो गया। वह डरकर अपने चाचा मो. गुलजार के घर में घुसकर छुप गया। तभी आरोपित पंकज कुमार पीछे के दरवाजा से आया। वह वहीं बगल के सीढ़ी पर बैठा हुआ था। आरोपित पंकज ने दरवाजा के फाक से पिस्टल घुसाकर फायर कर दिया। जिससे उसका बायां हाथ और पीठ जख्मी हो गया। वह डरकर दूसरे कमरे में जाकर छुप गया। तब आरोपितों ने दरवाजा तोड़कर घर में घुस गया। घर का सारा सामान तोड़-फोड़ करने लगा। दो मोबाइल, घर में लगा शीशा, खिड़की और इलेक्ट्रिक सामान तोड़-फोड़ कर दिया। घर के लोग घर के अलग-अलग कमरे में छिपे रहे। तब आरोपित गाली-गलौच और धमकी देते हुए चला गया। सभी भयभीत हैं। थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने बताया कि कांड अंकित कर पुलिस ने इस मामले के दो आरोपित अमिनेश कुमार और राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है। उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# सावन के पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाव

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा/कुशेश्वरस्थान। सावन महीने के पहले सोमवारी को दरभंगा जिले के विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। तड़के सुबह से ही लोग जलाभिषेक के लिए कतारों में खड़े दिखाई दिए। पूरा मंदिर प्रांगण बोल बम और हर हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्रद्धा, आस्था और उत्साह का अनोखा संगम देखने को मिला। सावन के पहले सोमवार को खास महत्व दिया जाता है, और शिवभक्त इस दिन को विशेष पूजा-अर्चना के लिए अत्यंत शुभ मानते हैं। दरभंगा के प्रसिद्ध शिवालयों जैसे कि कुशेश्वरस्थान महादेव मंदिर, बाबा हजारीनाथ मंदिर,मधेश्वर मंदिर, श्यामा मंदिर सहित शहर व ग्रामीण इलाकों के दर्जनों मंदिर में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई श्रद्धालु तो रात से ही मंदिर प्रांगण में डेरा डाले हुए थे। महिला, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी जल कलश लेकर मंदिरों की ओर जाते दिखाई दिए। कांवड़ यात्रा निकालने वाले भक्तों ने पास के जल स्रोतों जैसे कमला नदी और बागमती से गंगाजल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान शिवलिंग पर बेलपत्र, धतूरा, दूध, दही, शहद और गंगाजल अर्पित किया गया। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और व्यवस्था के लिए व्यापक तैयारी की थी। पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ चिकित्सा सुविधा, पेयजल व्यवस्था और शौचालयों की व्यवस्था भी की गई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, सावन के पहले सोमवारी को इतने बड़े स्तर पर भीड़ पिछले कई वर्षों में देखने को नहीं मिली थी। कोरोना काल के बाद यह पहला अवसर था जब बिना किसी पाबंदी के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पूजा-अर्चना के लिए निकले।कुल मिलाकर दरभंगा में पहला सोमवारी अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। भक्तों की आस्था और शिव भक्ति की भावना ने इस दिन को खास और अविस्मरणीय बना दिया। वही कुशेश्वरस्थान मिथिलांचल के प्रसिद्ध बाबा कुशेश्वरनाथ धाम में सावन के पहली सोमवारी में शिवभक्तों का जनसैलाभ उमर पड़ा, पिछले साल की अपेक्षा इस साल अधिक श्रद्धालुओ की भीड़ जमा हो गई, रविवार की आधी रात लगभग 2 बजे से ही शिवभक्तों की लाइन लगने लगी और सुबह 3 बजे प्रधान पूजा के बाद आमजनों के लिए जलाभिषेक सुरु हो गया जो कि दोपहर विश्राम के बाद पुनः देर शाम तक बाबा की जलाभिषेक जारी रहा ।

# भाकपा का संघर्षों और शहादतों का है गौरवशाली इतिहास : अजय

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर !भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का 30वां मुजफ्फरपुर नगर परिषद् का सम्मेलन शहर के पुरानी गुदड़ी रोड स्थित विवाह भवन में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए पार्टी के राज्य सचिव मंडल सदस्य अजय कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शताब्दी वर्ष में है। पार्टी का ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ समझौता विहीन संघर्ष का गरिमामयी इतिहास है। आजाद भारत में पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ संघर्षों की लम्बी फेहरिस्त है। इन्होंने कहा कि केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार में आमलोगों की हकमारी जारी है। केन्द्र सरकार बिहार विधानसभा चुनाव में हार की संभावना से घबराकर चुनाव आयोग के माध्यम से मतदाताओं के मताधिकार से वंचित करने की साज़िश कर रही है। मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण में दस्तावेजों की मांग कर संविधान के अनुच्छेद 326 में वर्णित व्यस्क मताधिकार के आधार पर चुनाव की गारंटी के अधिकार को समाप्त करना चाहती है। इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग के तुगलकी फरमान के खिलाफ विगत 09 जुलाई को बिहार बंद का आह्वान किया जिसे अपार जनसमर्थन मिला। इंडिया गठबंधन ने आधार कार्ड, वोटर आईडी तथा राशनकार्ड के आधार पर मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल करने की मांग की है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला सचिव ने शहर के फुटपाथ दुकानदारों, झुग्गी- झोपड़ी में रहने वाले लोगों की समस्याओं का विस्तार से जिक्र करते हुए इसके निदान के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। सम्मेलन का अभिनन्दन करते हुए नगर विधायक विजेन्द्र चौधरी ने शहरवासियों की समस्याओं के संघर्ष में साथ देने का आश्वासन दिया। सम्मेलन को किसान नेता चन्देश्वर प्रसाद चौधरी, जगदीश प्रसाद गुप्ता, प्रो० लक्ष्मीकांत, वरीय अधिवक्ता राम बच्चन यादव, एटक जिला सचिव भरत झा, सम्मेलन के पर्यवेक्षक द्वय उमेश चौधरी तथा महेश चौधरी, एस एस मिश्रा ने संबोधित किया। सम्मेलन की अध्यक्षता शम्भू शलण ठाकुर तथा प्रो० भारती सिन्हा की अध्यक्षमंडली ने की। सम्मेलन में नगर सचिव रंजन महतो द्वारा प्रस्तुत राजनीतिक तथा सांगठनिक प्रतिवेदन को बहस के बाद पारित किया गया। देर रात तक चले सम्मेलन में दस सदस्यों को जिला सम्मेलन का प्रतिनिधि निर्वाचित किया गया। 25 सदस्यीय नगर परिषद् का गठन कर रंजन महतो को नगर सचिव निर्वाचित किया गया। सम्मेलन के आरंभ में वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता नवल किशोर पाण्डेय ने झंडोत्तोलन कर सम्मेलन का आगाज किया तथा उपस्थित आगंतुकों तथा प्रतिनिधियों ने शहीद वेदी पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किए। नगर सम्मेलन में मो० युनूस,सुनील कुमार ठाकुर, पप्पू कुमार, गणेश पंडित, अवधेश पासवान, गोपाल सहनी, युवा अधिवक्ता कन्हैया कुमार, मिथिलेश मिश्रा, रामकली देवी, संजय शर्मा, कामेश्वर राय, वार्ड पार्षद पति मुकेश कुमार विजेता सहित दर्जनों साथी मौजूद थे। सम्मेलन के दौरान इप्टा के कलाकारों द्वारा अजय कुमार विजेता के निर्देशन में जन गीत प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय का हौसला अफजाई किया गया।

# जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक में अल्पवृष्टि नहरों की स्थिति और उर्वरक आपूर्ति पर विशेष जोर

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी जिलाधिकारी आनंद शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कृषि टास्क फोर्स की बैठक वर्चुअल माध्यम से आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि जून तक जिले में सामान्य से लगभग 58 प्रतिशत कम वर्षा दर्ज की गई है, जिससे धान की रोपनी पर व्यापक असर पड़ा है। निर्धारित लक्ष्य 1,62,548 हेक्टेयर के विरुद्ध अब तक मात्र 16,748 हेक्टेयर में ही रोपनी हो सकी है।उन्होंने कहा कि यदि यही स्थिति बनी रही तो सुखाड़ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। इसके मद्देनजर 11 सदस्यीय टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी को खरीफ फसल के लिए आकस्मिक योजना शीघ्र तैयार करने तथा पशु चारा और जलस्रोतों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।जिलाधिकारी ने नहरों की स्थिति की जांच, सिंचाई के साधनों की मरम्मत और जल आपूर्ति की समीक्षा पर बल दिया। उन्होंने नलकूपों की शीघ्र मरम्मत, विद्युत दोष दूर करने और खेतों तक बिजली कनेक्शन जल्द से जल्द पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही जले हुए ट्रांसफॉर्मरों को बदलने और ट्यूबवेल को चालू करने के लिए भी आवश्यक कार्रवाई करने को कहा।

उर्वरकों की कालाबाजारी को लेकर उन्होंने सख्ती दिखाई और जिला कृषि पदाधिकारी को सतत निगरानी रखने तथा उचित मूल्य पर वितरण सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही आत्मा योजना के तहत सभी भौतिक और वित्तीय लक्ष्यों को शत-प्रतिशत पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पशुपालन पदाधिकारी, सहकारिता पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया प्रखंड कार्यालय जमुई का निरीक्षण

प्रात: किरण संवाददाता




जमुई जिलाधिकारी श्री नवीन ने सोमवार 14 जुलाई को पुराने गोदाम व भवनों और कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें समाहरणालय अंतर्गत पुराने गोदाम/भवन का जीर्णोद्धार शामिल है। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई के निर्देश दिए ' उपरांत उन्होंने जिले के सदर प्रखंड कार्यालय जमुई के निरीक्षण हेतु प्रखंड कार्यालय पहुंचे ' निरीक्षण के दौरान सबसे पहले डीएम ने प्रखंड कार्यालय जमुई, बाल विकास परियोजना कार्यालय जमुई,आपूर्ति कार्यालय जमुई सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने पहले तो भवन और कार्यालय में रखी फाइलों और व्यवस्था को देखा, इसके बाद कार्यालय के सभी कर्मचारियों की उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया। बाद में प्रखंड कार्यालय की ओर से पिछले महीने से अब तक जो विकास योजनाओं पर काम किया गया, उन पर अपनी नजर डालते हुए कई मुद्दों पर आपत्ति जताते हुए निर्देश दिए ' इस मौके पर प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मियों के अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य मौजूद थे ' इस निरीक्षण में मनरेगा, इंदिरा आवास, सहित अन्य योजनाएं शामिल थीं। मुख्यालय में जो शिकायतें मिलीं हैं, उन शिकायतों का कहां तक डिस्पोजल किया गया, इन सभी बिन्दुओं को देखा गया है ।वहीं जिलाधिकारी महोदय ने कार्यालय परिसर और आस-पास के क्षेत्रों की साफ-सफाई और सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया । उन्होंने दाखिल-खारिज, परिमार्जन जैसे लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए लक्ष्य निर्धारित करने और विधि सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिए । और कहा कि जनता के हितों से जुड़े मामलों का त्वरित और पारदर्शी ढंग से निष्पादन करें । वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी जमुई तथा सीडीपीओ जमुई को आंगनवाड़ी केंद्रों का नियमित संचालन और निरीक्षण करने का निदेश दिया। साथ ही उन्होंने जनता से जुड़ी सेवाओं, जैसे प्रमाण पत्र जारी करना, आधार अपडेट, पेंशन योजनाओं आदि के लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक देरी का सामना न करना पड़े। मौके पर सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रह।

# वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान देने के लिए सरकार कृत संकल्पित : संजय सरावगी



प्रात: किरण संवाददात

दरभंगा। सीनियर सिटीजन फोरम, दरभंगा ने पूर्व प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ पत्रकार डॉ दयानंद झा की 76वी जयंती पूरे उल्लास और हर्ष के साथ मनाया। इस अवसर पर बिहार सरकार के भूमि सुधार एवं राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने डॉ० दयानंद झा को पाग चादर एवं पुष्प गुच्छ देकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। श्री सरावगी ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के लिए कई तरह की योजनाएं चल रही है केंद्र सरकार 70 वर्ष से अधिक उम्र के लिए आयुष्मान कार्ड दे रही है वहीं बिहार सरकार वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाले सम्मान की राशि में तिगुना वृद्धि कर एक रिकॉर्ड कायम किया है। उन्होंने कहा कि कानूनी रूप से भी वरिष्ठ नागरिकों को सबलता प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर झा का सम्मान कर हम स्वयं गौरवान्वित महसूस करते हैं। इस मौके पर डॉ दयानंद झा ने अपने सम्मान समारोह से अभि भूत होकर समारोह को संबोधित करते हुए उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से वरिष्ठ नागरिकों को ऊर्जा प्राप्त होती है। सीनियर सिटीजन फोरम के संयोजक पूर्व प्रधानाचार्य डॉ अजीत कुमार चौधरी द्वारा आयोजित इस समारोह में शहर के प्रतिष्ठित प्रो लालमोहन झा एवं प्रो बृजमोहन मिश्रा ने शिक्षा एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में प्रोफेसर दयानंद झा के योगदान को याद करते हुए उनके लंबी उम्र की कामना की एवं नई पीढ़ी से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

# नाग पंचमी को लेकर बाजार में आम कटहल के खरीदारों की उमड़ी भीड़, आज मनाया जाएगा पर्व

प्रात: किरण संवाददाता

जमुई/ई०अलीगंज:- प्रखंड क्षेत्र में सावन प्रथम पक्ष पंचमी को मनाया जाने वाला नाग पंचमी मंगलवार को मनाई जानी है। जिसके लिए कई दिनों से अलीगंज बाजार में विक्रेताओं द्वारा कटहल व आम संग्रह किया गया था। फलतः गुरुवार को खरीदारों की काफी भीड़ फल बाजार में देखी गई। बता दें कि अलीगंज बाजार सहित चंद्रदीप,आढा सहित आदि स्थानों पर सावन पंचमी को नाग पंचमी धूमधाम से मनाया जा रहा है।वहीं बाजार में जगह जगह पर कटहल का ढेर लगाकर दुकानदारों विक्री करते दिखे, वही दुकानदार रोहित कुमार,विकास कुमार, जखीर मिया,औरंजेब आदि ने बताया की इस बार कटहल एवं आम की मांग बढ़ी है,प्रत्येक साल से ज्यादा लोग खरीदारी कर रहे है, बताते चले की अलीगंज बाजार 65 गावों का बाजार है,लोग दूर दूर से बाजार करने आते है,इसी कारण भीड़ भाड़ ज्यादा देखने को मिलता है, वहीं इस्बार कटहल 12 से 15 किलो एवं आम 25 से 50 रुपया प्रतिकिलो बिका,नाग पंचमी के दिन क्षेत्र के प्रत्येक घरों में मुख्य रूप से आम और कटहल के साथ-साथ स्वादिष्ट व्यंजन बनाकर खाया जाता है। नाग पंचमी के दिन घर की महिलाएं सुबह से ही नहा धोकर नाग देवता की पूजा अर्चना के लिए जुट जाती है। महिलाएं नाग देवता की पूजा के दौरान आग्रह करती है कि घर के पुरुष धान रोपनी के लिए खेत बधार में जा रहे हैं। उन्हें किसी प्रकार का नुकसान नाग देवता नहीं पहुंचाएंगे। नाग देवता को खुश करने के लिए नाग देवता की पूजा अर्चना के बाद सबसे प्रिय भोजन धान का लावा और दूध का भोग लगाया जाता है।

# जिला पदाधिकारी ने समीक्षा बैठक कर सभी पदाधिकारियों को कार्यालय में लंबित मामलों का निष्पादन में तेजी लाने का निदेश दिया

प्रात: किरण संवाददाता



मुंगेर। जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा सोमवार को संग्रहालय सभागार में सभी विभागीय पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक किया। बैठक में सभी विभागों के कार्यों तथा कार्यालय में लंबित मामलों के निष्पादन की बिंदुवार समीक्षा किए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि अपने कार्यालय से संबंधित आगामी बैठक की सूचना गोपनीय को अवश्य दें। इसमें किसी तरह की कोई लापरवाही न बरतें। बैठक में उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, सिविल सर्जन सहित सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

सीडब्ल्यूजेसी के लंबित मामलों की समीक्षा में अंचल स्तर पर ज्यादा लंबित मामलों पर उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए संबंधित वरीय पदाधिकारी को सभी अंचलाधिकारियों को मामले के निष्पादन में तेजी लाने तथा प्रत्येक सप्ताह की समीक्षा बैठक में तत्संबंधी अद्यतन प्रतिवेदन के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक बैठक में लंबित मामलों के निष्पादन में कमी नहीं आने पर कार्रवाई की जाएगी। एमजेसी की समीक्षा पर उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि जिन भी कार्यालय में मामले लंबित हैं, पदाधिकारी इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। संचालन अधिकारी के पास जो भी मामले लंबित हैं, अगली बैठक में हर हाल में इसमें प्रगति दिखनी चाहिए। सीएम डैशबोर्ड के निष्पादन की स्थिति पर भी उन्होंने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अंचल कार्यालय सहित अलग-अलग थानों में अत्यधिक मामले लंबित हैं, इसके लिए संबंधित पदाधिकारी को निदेश देते हुए इसके निष्पादन में तेजी लाने की बात कही। मुख्यमंत्री जनता दरबार के लंबित मामले के निष्पादन की गति ठीक है, परन्तु जो भी लंबित मामले हैं, उसे हर हाल में निष्पादित करें। सीपी ग्राम के लंबित मामलों को 30 दिन के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसके मामले किसी भी सूरत में 30 दिन से अधिक दिन लंबित न रहें, इस लिए गंभिरता से इसका निष्पादन करें। उन्होंने विधि एवं नीलाम पत्र शाखा की भी समीक्षा प्रत्येक साप्ताहिक बैठक कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे संबंधित सभी वादों में सेक्शन सात के तहत कार्रवाई करें। प्रत्येक कार्य दिवस में कम से कम पांच से दस मामलों की सुनवाई कर उसमें कार्रवाई करें। नीलाम पत्र वाद से संबंधित वसूली के मामलों में उन्होंने कहा कि यदि बैंक द्वारा वसूली में गंभिरता नहीं लाई जाती है तो उसकी जानकारी दें अथवा कार्रवाई करें। एलडीएम के साथ सभी बैंकर्स की बैठक कर निष्पादन में तेजी लाएं। इसके अलावे अन्य लंबित मामलों के शत प्रतिशत निष्पादन के लिए उन्होंने तेजी लाने के निर्देश दिए।

# नौकरी के नाम पर 34.83 लाख रूपया ठगी करने वाले आरोपी रोशन झा गिरफ्तार

**मुंगेर पुलिस ने की बड़ी कार्यवाही झारखंड के जमशेदपुर से आरोपी रोशन झा को किया गिरफ्तार**

प्रात: किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)। नौकरी के नाम पर लाखों रुपया ठगी के मामले में मुंगेर पुलिस ने झारखंड के जमशेदपुर में बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी रोशन झा को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में जमशेदपुर के एक अन्य आरोपी गौरचंद देव अब भी फरार चल रहा है। मुंगेर शहर के मुर्गियाचक निवासी मो. रब्बानी ने 15 जनवरी 2024 को पूरबसराय थाना में नौकरी के नाम पर 34.83 लाख रूपया ठगी करने को लेकर आवेदन दिया। जिसमें झारखंड के गोविंदपुर जमशेदपुर निवासी रोशन झा और जेमको मानगो निवासी गौरचंद देव को नामजद किया। आवेदन में उन्होंने कहा था कि उसने भेल कंपनी में नौकरी लगाने की बात कही। 2022 में उसने खुद के साथ ही अपनी पत्नी, बेटी, साला और पड़ोसी कुल 8 लोगों की नौकरी लगाने के लिए कैश, चेक और ऑनलाइन के माध्यम से रोशन झा और गोरचंद देव को 34.83 लाख रूपया दिया। जिसमें दो लोग इंजीनियर पद और अन्य छह क्लर्क लेबल पर ज्वाइनिंग होना था। जब भेल में निर्धारित तिथि को सभी ज्वाइनिंग करने गया तो रोशन वहां नहीं पहुंचा। राशि मांगने पर आज-कल करने लगा। पूरबसराय थाना पुलिस ने उनके आवेदन पर कांड संख्या 25/24 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया. शनिवार की रात पूरबसराय पुलिस ने जमशेदपुर में छापेमारी कर रोशन झा को गिरफ्तार कर मुंगेर लाया। पूरबसराय थाना के अपर थानाध्यक्ष अफसर हुसैन खान ने बताया कि ठगी को लेकर थाना में दर्ज एक कांड के नामजद अभियुक्त रोशन झा को झारखंड के जमशेदपुर से गिरफ्तार किया गया। जिसे न्यायिक हिरासत के लिए उसे कोर्ट में उपस्थित कराया गया। सीजेएम ने उसे मंडल जेल भेज दिया गया है। इस मामले में एक अन्य अभियुक्त फरार चल रहा है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# लखीसराय जिला पत्रकार संघ की बड़ी बैठक आयोजित संघ द्वारा पत्रकारों को दिए किए गए परिचय पत्र



- पत्रकारों की मीडिया लेबिलिटी इंश्योरेंस जीवन बीमा संगठन की खर्चा पर कराए जाने की लिया गया निर्णय

प्रात: किरण संवाददाता

लखीसराय! लखीसराय पुरानी बाजार स्थित अन्नपूर्णा होटल के सभागार में लखीसराय जिला पत्रकार संघ की एक बैठक आहुत की गई ' जिसकी अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह ने की.. जबकि मंच संचालन प्रधान महासचिव रंजीत कुमार सम्राट ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती को लेकर आपसी एकता और अखंडता बनाए रखे जाने पर बल दिया गया। संगठन द्वारा जारी सभी पत्रकारों को पहचान पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया। ंगठन मे कई प्रस्ताव पारित करने के बाद 3 अहम निर्णय लिए गए। पत्रकारों की मीडिया लेबिलिटी इंश्योरेंस जीवन बीमा संगठन की खर्चा पर कराए जाने की निर्णय लिया गया। आगामी 20 अगस्त 2025 को पत्रकार सम्मान समरोह आयोजित करने का निर्णय लिए गए। समाचार संप्रेषण में किसी भी पब्लिक सेक्टर का खबर बनाने के पहले दोनों पक्ष की जानकारी लेना जरूरी.. सरकारी खबरों में संबंधित पदाधिकारी से वर्जन लेना जरूरी सहित कई मुद्दों पर बातचीत किया गया। इस मौके पर संगठन के संरक्षक डॉ॰लक्ष्मी प्रसाद सिंह, अध्यक्ष नरेंद्र कुमार सिंह, प्रधान महासचिव रंजीत कुमार सम्राट, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, उपाध्यक्ष कृष्णदेव प्रसाद यादव, मनोज कुमार, राजेश कुमार, विश्वनाथ गुप्ता सिकंदर विद्यार्थी, प्रवक्ता संजीव कुमार गांधी, प्रवक्ता सरफराज आलम, संगठन सचिव अमलेश पांडे, संयुक्त सचिव जयप्रकाश उर्फ जेपी सिंह, सुधाकर पांडे, रामायण सिंह राजपूत, कार्यकारिणी सदस्य चंदन कुमार मिश्रा, कुमार हिमांशु, सुशील कुमार, मनीष गुप्ता, पिंटू वर्मा, अंशु कुमार सिंह साहित्य अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

# मतदाता पुनरीक्षण को लेकर एसडीओ ने सभी राजनीतिक दल के अध्यक्षों के साथ किया बैठक

तारापुर (मुंगेर)। सोमवार को अनुमंडल सभागार तारापुर में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश रंजन कुमार ने तारापुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले सभी प्रखंडों में चल रहे मतदाता पुनरीक्षण के अंतिम चरण के काम के मद्देनजर रखते हुए सभी राजनीतिक दल के प्रखंड अध्यक्षों के साथ एक आवश्यक बैठक आयोजित कर विशेष जानकारी उनसे साझा किया। गौरतलव है कि बैठक के दौरान एसडीएम ने बताया कि लगभग सभी प्रखंड क्षेत्र में मतदाता पुनरीक्षण का काम अब अंतिम चरण में है। अगर किसी भी राजनीतिक पार्टी के अध्यक्षों को अपने प्रखंड क्षेत्र पंचायत या अपने निकटतम मतदान केंद्रों पर लगता हो कि मतदाता पुनरीक्षण का काम आधा अधूरा है, या फिर किसी का प्रपत्र फॉर्म नहीं भरा गया है, तो यथाशीघ्र आप इसकी जानकारी हमें साझा करें वैसी स्थिति में वैसे लोगों का नाम बीएलओ के माध्यम से मतदाता सूची में हर हाल में जोड़ा जाएगा।

# 900 की आबादी वाले आदिवासी गांव मुख्यधारा से जोड़ने के तमाम तरह के प्रयास यहां बिफल दिख रहे हैं

प्रात: किरण संवाददाता

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। आदिवासी क्षेत्रों में मुख्य धारा से जोड़ने के लिए भारत सरकार और राज्य सरकार ने तमाम तरह के प्रयास आज तक करते आ रहे हैं। वहां शिक्षा सड़क रोजगार बिजली पानी समय समय जरूरत को प्राथमिकता से पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। फिर भी आज कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां विकास से कोसों दूर है। हवेली खड़गपुर प्रखंड के गंगटा पंचायत का आदिवासी क्षेत्र परमानंदपुर गांव जहां लगभग 900 आदिवासियों की आबादी और 350 मतदाताओं की संख्या है ।आजादी के इतने वर्षों बाद भी विकास की किरणें यहां पहुंच ना सकी है ।यहां की जीवन शैली आज भी मूल भूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहा है ।शासन की तमाम योजनाएं इस इलाके तक पहुंच नहीं पा रही है। भारत सरकार और राज्य सरकार ने आदिवासी क्षेत्र के विकास के लिए धन की कोई कमी आज तक जिला और प्रखंड अनुमंडल स्तर पर कभी नहीं की है। लेकिन फिर भी नौकरशाहों की लाल फीता शाही के कारण आज परमानंदपुर गांव के आदिवासी लोग विकास से कोसों दूर हैं ।जहां एक और शहर चमकाने का प्रयास किया जा रहा है। वही इस इलाके पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है । परनंदपुर गांव जल नल योजना प्रधानमंत्री आवास योजना इंदिरा आवास शौचालय निर्माण योजना एवं उज्जवला योजना जैसी मूलभूत योजनाओं से भी वंचित है इस गांव की स्थिति यह है कि यहां बिजली पानी सड़क जल निकासी एवं शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा ही नहीं हैं या फिर उनकी स्थिति बेहद खराब है ।अधिकतर घरों में बिजली कनेक्शन नहीं है। ना ही नियमित जल आपूर्ति होती है सड़क कच्ची हैं टूट चुकी है और जल निकास के लिए एक भी नाला नहीं है । जिससे बरसात में गांव का मुख्य मार्ग दलदल में तब्दील हो जाता है ।स्कूल और स्वास्थ्य केंद्र जैसी जरूरी सुविधा भी नाम मात्रा के लिए है। इन सब के बीच सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि यहां के लोगों को समय पर समुचित रूप से सरकारी राशन तक नहीं मिल पाता है। क्योंकि वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता की भारी कमी है ।योजनाएं बनाने में लागू करने के बाद जिम्मेदार अधिकारी या जांच तक नहीं करते कि उन योजनाओं का लाभ वास्तव में जरूरतमंदों तक पहुंचा या भी नहीं नतीजा यह होता है। की योजनाएं कागज जो में ही सफल दिखती हैं ।लेकिन जमीन हकीकत बिल्कुल विपरीत होती है यहां के लोगों में जागरूकता की भारी कमी हैं यहां के लोग ना तो सरकारी योजनाओं की जानकारी रखते हैं। और ना ही उनके लाभ के लिए आवेदन करना जानते हैं। अधिकारों और सुविधाओं की जानकारी के अभाव में वह अपनी बात नहीं रख पाते और शोषण का शिकार होते रहते हैं। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। ग्रामीण शिबू लाल सोरेन सुनीता देवी मीरा देवी अनीता देवी सरिता देवी संजय सोरेन सुशीला देवी सोनिया देवी सुमित्रा देवी शामा देवी सोनी देवी मीना देवी प्रकाश सोरेन रिंकू देवी अनिल सोरेन आदि सैकड़ो ग्रामीणों ने बताया कि गांव में एकमात्र मध्य विद्यालय है ।जिसमें लगभग 50 बच्चों का नामांकन है लेकिन विद्यालय में केवल एक शिक्षक कार्यरत हैं । दो शिक्षक थे परंतु एक के स्थानांतरण के बाद लगभग एक महीने से दूसरे दूसरा पद रिक्त है ।ऐसे में किसी कारण बस एकमात्र शिक्षक की अनुपस्थिति में बच्चों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित होती है ।वहीं हाई स्कूल की सुविधा यदि आसपास के क्षेत्र में नहीं है। जिससे बच्चियों की आगे की शिक्षा आधार में लटक जाती है। स्कूल में बेहतर शिक्षा के लिए शिक्षकों की तैनाती जरूरी है। कम से कम दो शिक्षक विद्यालय में तैनात होने चाहिए ताकि सभी का कक्षाएं सुचारू रूप से संचालित की जा सके और बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके । यह गांव प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं से भी वंचित है। अधिकतर लोग आज मिट्टी के घरों में रह रहे हैं। राशन वितरण में भी भारी गड़बड़ी है। प्रत्येक लाभुक को केवल 4 किलो राशन ही दिया जाता है ।जबकि उन्हें अधिक का हक है यही नहीं गांव के लोगों के पास रोजगार के भी कोई समुचित साधन नहीं है ।लोग केवल खेती मजदूरी पर निर्भर है। वृद्धा विधवा और विकलांग पेंशन जैसी योजनाओं के बारे में ना तो लोगों को कोई जानकारी है ।और ना ही किसी ने उन्हें बताया है ।कि आवेदन कहां और कैसे करें ऐसे में विकास की बात तो सोचा भी दूर की बात है ।गांव के लोग का कहना है

# सावन में बोलबम के रास्ते मुख्य सड़क के किनारे मौन महादेव शिवालय चांदपुरा का है विशेष महत्व

**स्वर्गीय मोनी बाबा ने ग्रामीणों के सहयोग से कराया था शिवलिंग के साथ शिवालय का निर्माण**

प्रात: किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर) ।सावन माह के प्रथम सोमवारी को आधी रात बाद से ही कच्ची कांवरिया पथ पर पैदल बाबा धाम देवघर जा रहे श्रद्धालुओं की जयकारा से संपूर्ण मार्ग शिवमय हो उठा । गौरतलब है कि सावन में बोलबम के रास्ते मुख्य सड़क के किनारे अपनी खूबसूरती को विखेरता चमचमाता चकाचौंध मौन महादेव शिवालय चांदपुरा का विशेष महत्व माना जाता है। गौरतलब है कि तारापुर संग्रामपुर के बीच काफी आकर्षक नुमा मौन महादेव शिवालय पर पहुंचकर ओम नमः शिवाय की जाप एवं दर्शन करने से सभी श्रद्धालुओं की मन्नतें पूरी होती है। बता दें कि उल्टानाथ महादेव शिवालय तारापुर के निर्माणकर्ता क्षेत्र के चर्चित साधक रहे स्वर्गीय मोनी बाबा ने ही वर्षों पूर्व मौन महादेव शिवालय का ग्रामीणों की सहयोग से शिवलिंग सहित विभिन्न देवी-देवताओं के शिवालय का निर्माण कराया था। शिवालय का भीतरी एवं बाहरी हिस्सा काफी खूबसूरत सुसज्जित बनाए गए है। जहां पार्वती, भैरो, गणेश, सहित हनुमान मंदिर विराजमान है । मान्यता यह रहा है कि इस शिवालय पर सावन ही नहीं सालों भर दूर-दूर से श्रद्धालुओं की भीड़ अपनी मन्नतें मांगने एवं जलाभिषेक करने को लेकर आते रहते हैं। बताया जाता है कि सच्चे मन से मन्नतें मांगने वाले श्रद्धालुओं की मुरादें पूरी होती है। इस शिवालय के मुख्य पुजारी परमानंद झा एवं भोलेनाथ के भक्त मुकेश कुमार सिंह चांदपुरा बताते हैं कि सावन के हर दिन यहां पर पुरोहितों द्वारा सुबह में विशेष पूजन के साथ साथ शाम ढलने के बाद रात्रि में श्रृंगार पूजा का भव्य आयोजन होता है। शिवालय के बाहर एवं भीतरी हिस्सों में बाबाधाम देवघर जा रहे श्रद्धालुओं के ठहरने को लेकर बिजली पानी एवं सभी तरह की सुविधाएं ग्रामीणों की ओर से निशुल्क मुहैया कराई जाती है। यहां मनोहारी दृश्य के बीच इस शिवालय के प्रांगण में भोले नाथ के दरबार में जलाभिषेक के लिए जा रहे शिवभक्त दिन व रात दोनों ही समय में ठहरकर इनके दर्शन मात्र से अपने को धन्य महसूस करते हैं । हर रोज नई-नई कांवरिया श्रद्धालुओं की टीमें यहां ठहरकर श्रृंगार पूजा के समय भजन कीर्तन एवं आरती का भरपूर आनंद उठाते हुए घंटों तक भोलेनाथ की भक्ति में सराबोर हो उठते हैं।

# कहरा कुटी रोड के पास अज्ञात शव मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा सोमवार की सुबह सहरसा जिले के बनगांव रोड, कहरा कूटी से लगभग 60 मीटर अंदर एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों द्वारा सुबह करीब 5:30 बजे शव देखे जाने की सूचना 112 नंबर पर दी गई, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुँची। घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित प्रशासनिक अधिकारी और डॉग स्क्वायड की टीम एवं एफएल की टिम घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। शव सहरसाझबनगांव रोड कहरा कुटी के किनारे झाड़ियों में पड़ा हुआ मिला। अभी तक शव की पहचान नहीं हो पाई है। थाना अध्यक्ष सुबोध कुमार के अनुसार, शव पर किसी प्रकार का बाहरी चोट का निशान नहीं दिखाई दे रहा है, जिससे प्रथम दृष्टया यह कहना मुश्किल है कि मामला हत्या का है या किसी अन्य कारण से मौत हुई है। सुबोध कुमार थाना अध्यक्ष का कहना है कि मामले का पूरा खुलासा शव की शिनाख्त, गहन जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही संभव हो पाएगा। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ जारी है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है और लोग इस घटना को लेकर तरह-तरह की अटकलें लगा रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान हो चुकी है परिजन अस्पताल पहुंच चुके हैं।

# पहले सोमवारी को लेकर लाखों शिव भक्तों ने अजगैबीनाथ धाम के उत्तरवाहिनी गंगा में लगाई डुबकी

प्रात: किरण संवाददाता



भागलपुर सुल्तानगंज के अजगैबीनाथ धाम में सावन के पहले सोमवारी को लेकर उत्तरवाहिनी गंगा लाखों शिव भक्तों एवं कांवरियों ने हर हर महादेव, बोल बम के जयकारों के साथ लगाई डुबकी/आपको बताते चलें कि पहले सोमवारी को लेकर सुबह से ही अजगैबीनाथ धाम के उत्तरवाहिनी गंगा घाट में शिव भक्तों एवं कांवरियों की भीड़ उमड़ गई थी/जो शिव भक्तों एवं कांवरियों ने उत्तरवाहिनी गंगा घाट पहुंचकर हर हर महादेव बोल बम के जयकारे लगाते हुए उत्तरवाहिनी गंगा में डुबकी लगाकर गंगा जल लेकर अजगैबीनाथ मंदिर में बाबा भोलेनाथ के शिवलिंग में गंगा जल चढ़ाते हुए अपनी अपनी मनोकामनाएं मांगों और लाखों कांवरिया अजगैबीनाथ धाम से देवघर स्थित बैधनाथ धाम बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए हर हर महादेव बोल बम के जयकारे के साथ पैदल व वाहन से रवाना हो गए हैं/ अजगैबीनाथ मंदिर के महंत प्रेमानंद गिरी ने बताया कि सावन माह में चार सोमवार होना शुभ माना गया है, चार सोमवार पूजा करने से भोलेनाथ प्रसन्न होने पर सभी शिव भक्तों को फल की प्राप्ति होती है, इस लिए आज के दिन लाखों भक्तों ने बाबा भोलेनाथ को जल चढ़ाएं है/इसको जिला प्रशासन के द्वारा गंगा घाट में पुलिस बल, महिला पुलिस बल, ग्राम रक्षा दल , एसडीआरएफ टीम को लगाया गया है/कांवरियों एवं शिव भक्तों को कोई परेशानी न हो इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं/नगर परिषद सुल्तानगंज के भी द्वारा भी गंगा घाट में साफ सफाई एवं नाव की व्यवस्था की गई है।

# बाबा मटेश्वर स्थान में श्रावण माह की पहली सोमवारी पर उमड़ा कांवरियों का जनसैलाब

**एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा मटेश्वर धाम में किया जलाभिषेक**



प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा श्रावण महीने की पहली सोमवारी को श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम बाबा मटेश्वर धाम, कांठो में देखने को मिला। अनुमान है कि इस पावन अवसर पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने रात दो बजे ही बाबा के पट खोल दिए। इसके साथ ही जलार्पण की प्रक्रिया शुरू हो गई, जो सुबह से लेकर दोपहर तक निरंतर चलती रही। बाबा मटेश्वर धाम तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं ने लगभग 85 किलोमीटर लंबा कठिन पैदल सफर तय किया। श्रद्धालु सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, दरभंगा, और पड़ोसी देश नेपाल से मुंगेर घाट छर्रापट्टी स्थित उत्तरवाहिनी गंगा से जल भरकर निकलते हैं। वे खगड़िया, मानसी, धमारा घाट, बदला घाट, फनगो, गोरगामा होते हुए सिमरी बख्तियारपुर के पुरानी बाजार और दर्शनीय चौक के रास्ते बाबा मटेश्वर धाम पहुंचते हैं। सड़कें, गलियां और मंदिर प्रांगण ह्यबोल बमह्ल के जयकारों से गूंज उठे। भक्तों की टोली, भगवा वस्त्र, और डमरू की ध्वनि ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा, चिकित्सा और पेयजल की समुचित व्यवस्था की गई थी। जगह-जगह कंट्रोल रूम, मेडिकल टीम और स्वयंसेवक तैनात किए गए थे। श्रावण की सोमवारी का यह नजारा हर वर्ष हजारों भक्तों को अपनी ओर आकर्षित करता है। इस बार भी श्रद्धा और आस्था का जो रंग देखने को मिला, उसने साबित कर दिया कि बाबा मटेश्वर धाम आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है।

# सावन की पहली सोमवारी पर शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

प्रात: किरण संवाददाता

पुरैनी (मधेपुरा) सावन महीने के पहले सोमवार को प्रखंड मुख्यालय के प्रमुख शिवालयों में हर-हर महादेव, जय ओम शिवकारा की गूंज सुनाई दी। अहले सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में खासी भीड़ रही। वहीं शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी दिनभर भक्तों को तांता लगा रहा है। खास कर मुख्यालय स्थित बाबा पुरंदर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ देखने को मिली यहां बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने महादेव घाट से गंगा जल लेकर पैदल चलकर बाबा पुरंदर मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। गौरतलब है कि सावन माह के पहले सोमवार के दिन शिवलिंगों का दूध, जल से अभिषेक किया गया। शिवलिंगों को पुष्प, बेल पत्र, आंक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। तत्पश्चात महिला-पुरुष शिवभक्तों एवं श्रद्धालुओं ने देवाधिदेव महादेव को जलाभिषेक कर अपने परिजनों के मंगल व सुखमय जीवन की कामना सहित क्षेत्र के खुशहाली एवं तरक्की की भी भगवान भोलेनाथ से कामना की। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घडिाल, शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा।

# पानी मांगने पर एजेंसी कर्मी ने दरोगा का फोड़ा सर, जख़्मी दरोगा सदर अस्पताल में भर्ती

प्रात: किरण संवाददाता



सहरसा घटना सदर थाना क्षेत्र के स्टेडियम परिसर सहित होमगार्ड बहाली स्थल का। सहरसा सदर अस्पताल है जहां जख़्मी दरोगा को इलाज के लिए लाया गया है जिसका चिकितकों द्वारा इलाज किया जा रहा है। दरअसल मामला सहरसा स्टेडियम परिसर में चल रहे होमगार्ड शारीरिक दक्षता परीक्षा स्थल का है। जहां महिला थाना में पदस्थापित दारोगा करमन कुमार का ड्यूटी होमगार्ड बहाली स्थल पर लगा था जहां ड्यूटी के दौरान एजेंसी कर्मी से दारोगा को पानी मांगना महंगा पड़ गया। पानी मांगना इन्फोक्लेब एजेंसी कर्मी शिवरंजन को नागवार लगा। पहले दोनों में नोकझोंक हुआ फिर दारोगा ने हाथ चलाया फिर एजेंसी कर्मी ने मोबाइल से हमला कर दिया। जिसमें दारोगा जी का सिर फट गया। जिसे तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर छुट्टी कर दिया।घटना के बाद इसकी जानकारी तत्काल वरीय अधिकारियों को दिया गया। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एस डी पी ओ सहित अन्य अधिकारियों ने घटना स्थल पहुंच कर घटना की जानकारी हासिल किया। इस घटनाक्रम के बावत जब कमांडेन्ट होमगार्ड से पूछा गया तो उन्होंने स्पष्ट कहा कि पानी मांगने के विवाद को लेकर झड़प हुआ जिसमें एसआई जख़्मी हो गया। इस घटना की जानकारी तत्काल जानकारी डीएम एवं एसपी को दिया गया। घटना की जांच के टीम गठित कर दिया गया है जांच दोषी पाए जाने वाले पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रशांत किशोर ने जनसभा को किया संबोधित, समर्थकों ने ढोल- नगाड़ों के साथ किया जोरदार स्वागत

प्रात: किरण संवाददाता

सहरसा जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर अपनी बिहार बदलाव यात्रा के तहत लगातार अलग-अलग जिलों और प्रखंडों में लोगों से संवाद कर रहे हैं और स्थानीय पत्रकारों से भी बात कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सहरसा नगर पंचायत के सौर बाजार में आयोजित बिहार बदलाव सभा को संबोधित किया। बेगूसराय से सहरसा के रास्ते में प्रशांत किशोर का विभिन्न स्थानों पर नागरिक अभिनंदन किया गया। पार्टी और उनके समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। समर्थकों ने उन्हें फूल- माला से लाद दिया। प्रशांत किशोर के पीछे गाड़ियों का लंबा काफिला चल रहा था। संबोधन में प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में अधिकारी और नेता राशन कार्ड बनाने से लेकर जमीन की रसीद कटाने तक के लिए रिश्वत ले रहे हैं, जिससे आम लोग परेशान हैं। उन्होंने कहा कि वह यहां लोगों को जागरूक करने आए हैं, उन्हें अपने बच्चों के भविष्य के लिए वोट करना चाहिए। जनता इस बात से संतुष्ट है कि उसे पांच किलो अनाज, सिलेंडर और बिजली मिल रही है। लेकिन जनता यह नहीं सोचती कि उसके बच्चों को शिक्षा और रोजगार नहीं मिल रहा है। प्रशांत किशोर ने जनता से बड़ा वादा करते हुए कहा कि दिसंबर 2025 से 60 साल से अधिक उम्र के हर पुरुष और महिला को 2000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस साल छठ के बाद सहरसा के युवाओं को 10-12 हजार रुपये की मजदूरी करने के लिए अपना घर-परिवार छोड़कर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने बड़ा ऐलान किया कि जब तक सरकारी विद्यालयों में सुधार नहीं हो जाएगा, तब तक आप अपने 15 साल से कम उम्र के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाएं और उनकी फीस सरकार भरेगी ताकि गरीब का बच्चा भी अंग्रेजी मीडियम स्कूल में पढ़ सके ।राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय सिंह ने जनता से अपील की कि उन्हें और उनके बच्चों को लूटने वाले नेताओं को वोट न दें। अगली बार अपने बच्चों के लिए वोट दें और बिहार में जनता का राज स्थापित करें। बिहार में व्यवस्था परिवर्तन कर जनता का राज स्थापित करने के लिए नेताओं का चेहरा देखकर वोट न करें।

## टीओआइ-1846बी - जल से भरी दूसरी धरती जहां एक वर्ष में दिनों की संख्या - सिर्फ चार है



जितेन्द्र कुमार सिन्हा

सुपर अर्थ टीओआइ-1846बी (ळठक-1846) ग्रह का खोज न केवल रोमांचक है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि पृथ्वी जैसी दुनिया कहीं और भी हो सकता है। लेकिन क्या यह सच में रहने लायक होगा? क्या वहां जीवन संभव है? सुपर अर्थ शब्द का प्रयोग उन ग्रहों के लिए किया जाता है जो आकार में पृथ्वी से बड़ा होता है, लेकिन बहुत विशाल गैस ग्रहों (जैसे बृहस्पति) से छेटा। यह चट्टानी ग्रह हो सकता है, और इनमें से कुछ में वायुमंडल और पानी जैसी चीजें भी हो सकता है। टीओआइ-1846बी (ळठक-1846) इसी श्रेणी का एक ग्रह है। यह आकार में पृथ्वी से लगभग दो गुना और द्रव्यमान में चार गुना भारी है। सुपर अर्थ की खोज मोरक्को के ऑकाइमेडेन लैब के खगोलविदों ने नासा की ळ्एरए (ळ्रंल्ल२्रल्ल एॅ्रक्षन्ल्ल्री२ि१५्८ रंंी'/ॅी) की मदद से की गई है। ळ्एरए एक अंतरिक्ष दूरबीन है, जिसे खासतौर पर सौरमंडल से बाहर के ग्रहों की खोज के लिए डिजाइन किया गया है। इसकी पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने हाई रिजॉल्यूशन इमेजिंग, स्पेक्ट्रोस्कोपी और पाउंड बेस्ड कलर फोटोग्राफी जैसी आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया है। खोज की गई जानकारी से यह स्पष्ट हुआ है कि यह ग्रह काफी पुराना है और इसमें भरपूर मात्रा में पानी की मौजूदगी के संकेत हैं। टीओआइ-1846बी पृथ्वी से करीब 154 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। यह ग्रह एक तारे की परिक्रमा करता है जो आकार में सूर्य जैसा है, लेकिन द्रव्यमान में सूर्य से थोड़ा हल्का (लगभग 0.42 सौर द्रव्यमान) है। इसका मतलब यह हुआ कि उस तारे से ऊर्जा और गर्मी का प्रवाह सूर्य की तुलना में कुछ कम है, लेकिन फिर भी यह ग्रह काफी गर्म है। टीओआइ-1846बी की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि वहां एक साल में सिर्फ चार दिन होते हैं। यानि यह ग्रह अपने तारे की परिक्रमा सिर्फ चार पृथ्वी दिनों में पूरी कर लेता है। इसका मतलब है कि यह तारे के बेहद पास स्थित है, जिससे ग्रह की सतह पर अत्यधिक गर्मी रहता है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस ग्रह की सतह का तापमान लगभग 568 केल्विन (यानि करीब 295 डिग्री सेल्सियस) है। यह तापमान इतना अधिक है कि यहां पारंपरिक जीवन (जैसा कि हम पृथ्वी पर जानते हैं) की संभावना लगभग शून्य है। ग्रह पर पानी की भरपूर मात्रा होने की पुष्टि हुई है, लेकिन इतनी गर्मी में पानी संभवतः वाष्प रूप में होगा या बहुत उच्च दबाव पर तरल अवस्था में। वैज्ञानिकों का कहना है कि इस ग्रह का वायुमंडल अभी पूरी तरह से अध्ययन के लिए शेष है। एक और रोचक तथ्य यह है कि टीओआइ-1846बी की उम्र लगभग 7.2 अरब वर्ष आंकी गई है, जो पृथ्वी (लगभग 4.5 अरब वर्ष पुरानी) से कहीं ज्यादा है। इसका मतलब है कि यह ग्रह ब्रह्मांड के प्रारंभिक काल में बना होगा। यह जानकारी खगोल विज्ञान की उस अवधारणा को और मजबूत करता है कि जीवन के लिए अनुकूल परिस्थितियां समय के साथ बदलती है और एक ग्रह पर जीवन लंबे समय तक रह पाता है या नहीं, यह कई फैक्टरों पर निर्भर करता है। पृथ्वी जैसे ग्रहों की खोज करना सिर्फ विज्ञान की जिज्ञासा नहीं है, यह भविष्य में मानव जाति के अस्तित्व से भी जुड़ा हुआ है। जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाओं और जनसंख्या विस्फोट के चलते वैज्ञानिक यह मानते हैं कि भविष्य में पृथ्वी के बाहर जीवन की तलाश करना पड़ सकता है। टीओआइ-1846बी भले ही जीवन के लिए उपयुक्त न हो, लेकिन यह दिखाता है कि पृथ्वी जैसी दुनिया कहीं और भी मौजूद हो सकता है। और अगर ऐसा है, तो संभव है कि कहीं जीवन भी हो। 2025 की शुरुआत में वैज्ञानिकों ने एक और सुपर अर्थ ह्र ळ्ऊ 20794 ा का खोज किया था। यह ग्रह पृथ्वी से करीब 20 प्रकाश वर्ष दूर है और इसका द्रव्यमान पृथ्वी से छह गुना ज्यादा है। इसकी कक्षा गोल नहीं है, जिससे तापमान में भारी उतार-चढ़ाव होता है। इस कारण वहां जीवन की संभावना भी काफी कम है।

## सस्ते कर्ज से बढ़ेगी आर्थिक रफ्तार

इन दिनों भारत के विकास से संबंधित प्रकाशित हो रही रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि अब भारत में सस्ते कर्ज से आर्थिक रफ्तार बढ़ेगी। पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए रेपो रेट में 50 आधार अंकों यानी 0.50 प्रतिशत की कटौती का ऐलान किया है। अब रेपो रेट 6 प्रतिशत से घटकर 5.5 प्रतिशत हो गई है। इस वर्ष 2025 में फरवरी से अब तक लगातार तीसरी बार रेपो रेट में कटौती हुई है। इसके साथ ही रिजर्व बैंक ने नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में भी एक प्रतिशत की बड़ी कटौती करते हुए इसे तीन प्रतिशत के स्तर पर ला दिया है। रिजर्व बैंक ने रेपो रेट और सीआरआर में बड़ी कटौती करके तेज विकास की जरूरत और महंगाई के बीच बुद्धिमत्तापूर्ण समीकरण स्थापित किया है। इससे बाजार मांग में मजबूती और निवेश के नए माहौल को बल मिलेगा। यही कारण है कि रिजर्व बैंक के नए मौद्रिक उपायों के बाद शेयर बाजार में उछाल आया है। इस समय आरबीआई के द्वारा ब्याज दर घटाने के कई महत्वपूर्ण आधार हैं। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की खुदरा महंगाई अप्रैल 2025 में घटकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई है। मई में खुदरा महंगाई दर सिर्फ 2.82 प्रतिशत रही। मई 2025 की खाद्य महंगाई दर अक्टूबर 2021 के बाद से सबसे कम है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत इस साल जून में 27.1 रुपए रही, जो पिछले साल जून में 29.4 रुपए की थी। हालांकि, इस साल मई के 26.2 रुपए की तुलना में यह महंगी हो गई है। टमाटर, प्याज और आलू की कीमतों में सबसे अधिक गिरावट आने से घर में बन रही शाकाहारी और मांसाहारी थाली की लागत जून में सालाना आधार पर घट गई है। इसी तरह, मांसाहारी थाली इस साल जून में 54.8 रुपए की रही, जो पिछले साल इसी महीने में 58 रुपए की थी। हालांकि, यह भी मई के 52.6 रुपए की तुलना में महंगी हो गई है। टमाटर एक साल में 42 रुपए से 24 फीसदी गिरकर 32 रुपए किलो हो गया है, लेकिन मासिक आधार पर 36 फीसदी महंगा है, क्योंकि अवाक में आठ फीसदी की भारी कमी आई है। यह बात महत्वपूर्ण है कि रिकॉर्ड कृषि उत्पादन और अच्छा मानसून भी ब्याज दर में कमी का कारण है। हाल ही में केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने 2024-25 फसल वर्ष के लिए कृषि उत्पादन का जो तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया है, इस अनुमान के मुताबिक देश में खाद्यान्न का रिकॉर्ड उत्पादन 35.39 करोड़ टन होगा। इसके साथ ही गेहूं, धान, मक्का, मूंगफली और सोयाबीन सहित प्रमुख फसलों के उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि अनुमानित है। गेहूं का उत्पादन 11.75 करोड़ टन, धान का उत्पादन 14.90 करोड़ टन, मक्का उत्पादन 4.23 करोड़ टन, मोटे अनाजों का उत्पादन 62.1 लाख टन, दलहन उत्पादन 2.52 करोड़ टन, तिलहन उत्पादन 4.26 करोड़ टन, मूंगफली का उत्पादन 1.19 करोड़ टन और सोयाबीन का उत्पादन 1.52 करोड़ टन होने का अनुमान है। भारत मौसम विभाग ने इस साल 2025 में देश में मॉनसून के दौरान औसत से 5 फीसदी अधिक वर्षा के अनुमान प्रस्तुत किए हैं और मानसून ने समय पूर्व दस्तक भी दे दी है। ऐसे में सस्ते कर्ज के बीच अच्छी फसल और अच्छे मानसून से सरकार को महंगाई नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष 2025-2026 में खुदरा महंगाई के 4 प्रतिशत से नीचे 3.7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। निश्चित रूप से नए मौद्रिक उपायों से न सिर्फ नकदी में सुधार होगा, बल्कि बैंकों को फंड की लागत घटाने में भी मदद मिलेगी। सीआरआर में कटौती से दिसंबर 2025 तक बैंकिंग व्यवस्था में करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए की प्राथमिक नकदी आएगी। ऐतिहासिक रूप से सामान्य समय में सीआरआर 4 प्रतिशत के सामान्य स्तर पर रखा जाता है। अत्यधिक आवश्यक होने पर कोविड-19 महामारी के दौरान सीआरआर घटाकर 3 प्रतिशत के स्तर पर रखा गया था। ब्याज दर घटने से उद्योग-कारोबार के लिए विकास के मौकों के साथ आम आदमी को सस्ते कर्ज के लाभ होंगे। घरों और वाहनों की मांग बढ़ेगी। खास तौर से हाल ही में मकानों की बिक्री में तेज गिरावट के कारण रियल एस्टेट उद्योग की मुश्किलें ब्याज दरों में कटौती से कम होते हुए दिखाई देंगी। ईएमआई के घटने से ऋण लेने वाले सभी लोगों को भी राहत मिलते हुए दिखाई देगी। इसमें कोई दो मत नहीं है कि ब्याज दर घटने से सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के बढ़ने में भी मदद मिलेगी। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 जीडीपी में उम्मीद से कम 6.5 फीसदी की वृद्धि हुई है। अब चालू वित्त वर्ष में सस्ते कर्ज से आर्थिक गतिविधियों में तेजी की संभावना विकास दर को बढ़ाने वाला सकारात्मक संदेश है।

# फाइलों में लटकी तबादला नीतिः शिक्षक टकटकी लगाए बैठा है

**अब तो सत्र बीच में आ चुका है, इसलिए विभाग कुछ नहीं करेगा। सब कुछ ठहरा हुआ, धुंधला और अधर में लटका हुआ प्रतीत होता है। मॉडल संस्कृति विद्यालयों और प्रधानमंत्री श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों में शिक्षक तैनाती हेतु जो परीक्षा हुई थी, उसके परिणाम बनकर तैयार हैं। लेकिन घोषणा इसलिए नहीं हो रही क्योंकि सामान्य तबादला नीति 2025 को अभी तक कैबिनेट की स्वीकृति नहीं मिली है। यहां यह प्रश्न अनिवार्य हो जाता है कि क्या परीक्षा करवाने से पहले यह सुनिश्चित नहीं किया गया था कि नीति बन चुकी है या उसके अनुमोदन की समयसीमा क्या होगी? यदि परीक्षा का परिणाम नीति पर टिका है, तो उसे पहले क्यों लिया गया? यह एक प्रशासनिक चूक है या राजनीतिक विलंब? परिणाम न घोषित करने का तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वे सीलबंद लिफाफों में रखे गए हैं जिन्हें किसी ने नहीं देखा, ताकि कोई हस्तक्षेप संभव न हो। यह ह्लसीलबंद ईमानदारीह्व की परंपरा एक ओर दिखाती है कि विभाग पारदर्शिता का ढोंग कर रहा है और दूसरी ओर यह भी स्पष्ट करता है कि परिणामों के साथ कुछ न कुछ संभावित ह्यखेलह्न से विभाग खुद भी डरता है। इस स्थिति को और अधिक हास्यास्पद बनाती है विभाग की दोहरी प्रवृत्ति-जब वह स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) जैसी संरचना बनाकर एक महीने में ही भंग कर देता है।**






**डॉ. सत्यवान सौरभ**
(लेखक)

हरियाणा के शिक्षक एक बार फिर से असमंजस, अफवाहों और अधूरी सूचनाओं के बीच फंसे हुए हैं। स्कूलों में रोज सुबह की शुरूआत चाय और स्टाफरूम की बातचीत से होती है-ट्रांसफर कब होंगे? इस प्रश्न का उत्तर किसी के पास नहीं, पर अनुमान सबके पास है। कोई कहता है अगस्त में, कोई कहता है कैबिनेट के बाद, कोई मानता है अब तो सत्र बीच में आ चुका है, इसलिए विभाग कुछ नहीं करेगा। सब कुछ ठहरा हुआ, धुंधला और अधर में लटका हुआ प्रतीत होता है। मॉडल संस्कृति विद्यालयों और प्रधानमंत्री श्री योजना के तहत चयनित स्कूलों में शिक्षक तैनाती हेतु जो परीक्षा हुई थी, उसके परिणाम बनकर तैयार हैं। लेकिन घोषणा इसलिए नहीं हो रही क्योंकि सामान्य तबादला नीति 2025 को अभी तक कैबिनेट की स्वीकृति नहीं मिली है। यहां यह प्रश्न अनिवार्य हो जाता है कि क्या परीक्षा करवाने से पहले यह सुनिश्चित नहीं किया गया था कि नीति बन चुकी है या उसके अनुमोदन की समयसीमा क्या होगी? यदि परीक्षा का परिणाम नीति पर टिका है, तो उसे पहले क्यों लिया गया? यह एक प्रशासनिक चूक है या राजनीतिक विलंब? परिणाम न घोषित करने का तर्क यह भी दिया जा रहा है कि वे सीलबंद लिफाफों में रखे गए हैं जिन्हें किसी ने नहीं देखा, ताकि कोई हस्तक्षेप संभव न हो। यह ह्लसीलबंद ईमानदारीह्व की परंपरा एक ओर दिखाती है कि विभाग पारदर्शिता का ढोंग कर रहा है और दूसरी ओर यह भी स्पष्ट करता है कि परिणामों के साथ कुछ न कुछ संभावित ह्यखेलह्न से विभाग खुद भी डरता है। इस स्थिति को और अधिक हास्यास्पद बनाती है विभाग की दोहरी प्रवृत्ति-जब वह स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) जैसी संरचना बनाकर एक महीने में ही भंग कर देता है। यही विभाग है जो दिसंबर से तबादले करवाने की बात कर रहा है और जुलाई तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया। हर सप्ताह एक नया आदेश आता है और अगले सप्ताह कोई दूसरा अधिकारी उसे रद्द करा देता है। इससे यह साफ हो जाता है कि विभाग में समन्वय का सर्वथा अभाव है। हर कोई अपने स्तर पर ह्लफैसलाह्व लेने को तत्पर है, लेकिन शिक्षा व्यवस्था को दिशा देने वाला कोई नहीं। शिक्षक वर्ग इस भ्रम और अपारदर्शिता से मानसिक थकावट का शिकार हो चुका है। हर विद्यालय में इसी एक मुद्दे पर बातचीत होती है-कोई ट्रांसफर की फाइल बनवा रहा है, कोई सीसीएल फॉर्म भरवा रहा है, कोई रिजल्ट आने की प्रतीक्षा में है, और कोई अपने संपर्कों से जानकारी जुटाने की कोशिश में है। एक प्रकार का मानसिक खिंचाव और अस्थिरता है जो शिक्षकों के काम को प्रभावित कर रहा है। ऐसे में यह सोचने योग्य है कि जिस व्यवस्था पर भविष्य की पीढ़ी टिकी है, वह खुद अस्थिर और भ्रामक हो गई है। इसके पीछे प्रशासन की निर्णयहीनता तो है ही, साथ ही यह राजनीतिक प्राथमिकताओं की भी उपेक्षा है। चुनावों, घोषणाओं, और दिखावटी योजनाओं में सरकारें व्यस्त हैं लेकिन शिक्षक तबादला नीति जैसी बुनियादी जरूरतों को लेकर कोई स्पष्टता नहीं है। जब शिक्षक मानसिक रूप से अस्थिर रहेंगे, तो बच्चों की पढ़ाई कैसे स्थिर रह पाएगी? हरियाणा के कई जिलों में एक ही शिक्षक दो-दो स्कूलों में पढ़ा रहा है, कुछ स्कूलों में विषय विशेषज्ञ ही नहीं हैं, और दूसरी ओर जिनका तबादला होना चाहिए, वे वर्षों से एक ही स्थान पर टिके हैं। मैनजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एमआईएस) को आधार बनाकर ऑनलाइन तबादला प्रणाली की बात की गई थी। पर नीति न बनने के कारण यह सिस्टम भी अपडेट नहीं हो पा रहा। तकनीक का नाम लेकर प्रक्रियाओं को पारदर्शी बनाने का दावा तो किया गया, लेकिन जब तक नीति नहीं आती, तब तक सब कुछ एक क्लिक से दूर है। यह एक ऐसा डिजिटल सपना है जो अभी तक साकार नहीं हुआ। शिक्षकों का प्रमोशन हुआ, कई स्थान रिक्त हो गए। अब सवाल यह है कि क्या ट्रांसफर प्रमोशन के बाद होंगे? अगर हां, तो फिर कितने और प्रमोशन लंबित हैं? इन सवालों का कोई जवाब विभागीय वेबसाइट पर नहीं है, केवल शिक्षक संगठनों के व्हाट्सएप ग्रुप में अफवाहें हैं। यही नहीं, विभाग के ही एक अधिकारी के अनुसार कैबिनेट की बैठक अगस्त में प्रस्तावित है। इसका मतलब है कि नीति अगस्त के अंतिम सप्ताह तक आएगी, तब तक तो सत्र का मध्य आ जाएगा। और फिर यही तर्क दिया जाएगा कि बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसलिए तबादले अगले सत्र तक स्थगित किए जाएं। यह चक्र हर साल दोहराया जाता है। नीति नहीं बनती, फिर कहा जाता है सत्र बीच में है। शिक्षक अपनी योजना नहीं बना पाते। न वे उउछ ले सकते हैं, न मानसिक रूप से तैयार हो सकते हैं कि उन्हें स्थानांतरण मिलेगा या नहीं। विभाग एक गंभीर संकट में है- जहाँ फाइलें चल रही हैं पर निर्णय नहीं। इस असमंजस का सबसे बड़ा नुकसान विद्यार्थी झेलते हैं। जब कोई शिक्षक दो साल से ट्रांसफर की प्रतीक्षा में है, तो उसका ध्यान स्वाभाविक रूप से पढ़ाई से हटता है। कई शिक्षक ऐसे हैं जो घर से सैकड़ों किलोमीटर दूर कार्यरत हैं और पारिवारिक ज़िम्मेदारियों के कारण मन से अशांत हैं। क्या यही मानसिकता लेकर वे बच्चों को शिक्षा दे पाएंगे? यह भी सत्य है कि हरियाणा में तबादलों के नाम पर वर्षों से राजनीति हुई है। कभी ट्रांसफर लिस्ट में भाई-भतीजावाद होता है, कभी पंचायत चुनावों से पहले तबादले रुक जाते हैं, कभी किसी नेता के कहने पर नाम जोड़ या घटा दिए जाते हैं। पारदर्शिता की बात केवल नीति पत्रों में होती है, जमीन पर उसका कोई संकेत नहीं मिलता। यदि सरकार और विभाग वास्तव में शिक्षा सुधार को गंभीरता से लेना चाहते हैं, तो उन्हें इस स्थिति को सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने होंगे। सबसे पहले-स्पष्ट समयसीमा दी जाए कि तबादला नीति कब आएगी। दूसरा-जब तक नीति नहीं आती, तब तक परीक्षा परिणामों को लेकर भ्रम न फैलाया जाए। तीसरा-विभागीय समन्वय बढ़ाया जाए ताकि एक आदेश आने के बाद कोई दूसरा अधिकारी उसे रद्द न कर सके। और सबसे महत्वपूर्ण-हर प्रक्रिया को ऑनलाइन ट्रैक करने योग्य बनाया जाए। ट्रांसफर कोई कृपा नहीं, यह शिक्षक का अधिकार है। उसे ह्लफेवरह्व की तरह प्रस्तुत करना, एक अपमानजनक प्रवृत्ति है। शिक्षक न तो कोई राजनैतिक कार्यकर्ता हैं, न ही किसी गुट का हिस्सा। वे उस नींव के पत्थर हैं, जिन पर समाज का भविष्य खड़ा है। और यदि नींव को ही अनिश्चितता में रखा जाएगा, तो शिखर कैसे मजबूत बनेगा? यह लेख एक आग्रह है-शिक्षा विभाग और सरकार से, कि वह इस भ्रम, ढुलमुल रवैये और प्रशासनिक कायरता से बाहर आए। तबादला नीति को केवल फाइलों और लॉकरों में बंद करने के बजाय, जमीन पर उतारें। क्योंकि शिक्षक अब थक चुका है। और जब शिक्षक थकता है, तो पूरा समाज सुस्त हो जाता है।

# कांवड़ या हुड़दंग? आस्था की राह में अनुशासन की दरकार

**इन यात्राओं का उद्देश्य आत्मशुद्धि, समर्पण और शांति की प्राप्ति होता है। परंतु हाल के वर्षों में कुछ तीर्थ यात्राएँ, विशेषकर कांवड़ यात्रा, अपने मूल स्वरूप से भटक कर हंगामा, शोर-शराबा और अनुशासनहीनता का पर्याय बनती जा रही हैं। जहाँ एक ओर लाखों श्रद्धालु राजस्थान के रामदेवरा जैसे स्थानों पर सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर शांति और श्रद्धा से पूजा-अर्चना करते हैं, वहीं दूसरी ओर कांवड़ यात्रा के दौरान अक्सर सड़कों पर कब्जा, डीजे की धुनों पर नाचना, ट्रैफिक जाम, तोड़फोड़ और मारपीट की खबरें आती रहती हैं। सवाल उठता है-क्या आस्था का मतलब अराजकता है? कांवड़िये ही हुड़दंग क्यों करते हैं, जबकि अन्य तीर्थयात्राएँ शांति से होती हैं? श्रद्धा का स्वरूपः विनम्रता या प्रदर्शन? भारत में धार्मिक यात्राओं का इतिहास पुराना है-पदयात्रा, व्रत, नियम और तपस्या इनका मूल हिस्सा रहे हैं। लेकिन कांवड़ यात्रा, खासकर उत्तर भारत के कुछ इलाकों में, अब एक शक्ति प्रदर्शन में बदलती जा रही है। श्रद्धालु अब भक्त कम, और रौबदार शिवभक्त ज्यादा नजर आते हैं।**





**प्रियंका सौरभ**
लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत जैसे धर्मप्रधान देश में तीर्थयात्राओं और धार्मिक यात्राओं का एक गहरा सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रहा है।

इन यात्राओं का उद्देश्य आत्मशुद्धि, समर्पण और शांति की प्राप्ति होता है। परंतु हाल के वर्षों में कुछ तीर्थ यात्राएँ, विशेषकर कांवड़ यात्रा, अपने मूल स्वरूप से भटक कर हंगामा, शोर-शराबा और अनुशासनहीनता का पर्याय बनती जा रही हैं।

जहाँ एक ओर लाखों श्रद्धालु राजस्थान के रामदेवरा जैसे स्थानों पर सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर शांति और श्रद्धा से पूजा-अर्चना करते हैं, वहीं दूसरी ओर कांवड़ यात्रा के दौरान अक्सर सड़कों पर कब्जा, डीजे की धुनों पर नाचना, ट्रैफिक जाम, तोड़फोड़ और मारपीट की खबरें आती रहती हैं। सवाल उठता है-क्या आस्था का मतलब अराजकता है? कांवड़िये ही हुड़दंग क्यों करते हैं, जबकि अन्य तीर्थयात्राएँ शांति से होती हैं? श्रद्धा का स्वरूपः विनम्रता या प्रदर्शन? भारत में धार्मिक यात्राओं का इतिहास पुराना है-पदयात्रा, व्रत, नियम और तपस्या इनका मूल हिस्सा रहे हैं। लेकिन कांवड़ यात्रा, खासकर उत्तर भारत के कुछ इलाकों में, अब एक शक्ति प्रदर्शन में बदलती जा रही है।

श्रद्धालु अब भक्त कम, और रौबदार शिवभक्त ज्यादा नजर आते हैं।

बाइक पर 10-15 लोग, डीजे बजाते ट्रक, और शोर-शराबे में हर-हर महादेव का नारा-यह सब आस्था से अधिक दिखावे और गुटबाजी का प्रतीक लगता है। इसके विपरीत रामदेवरा की यात्रा में न कोई सुरक्षा खतरा, न सरकारी तामझाम, फिर भी वहां अनुशासन और सेवा का वातावरण होता है। ऐसा क्यों? मर्दानगी और ह्लहर-हर महादेवह्व का नया संस्करण कांवड़ यात्रा में आज जो हुड़दंग दिखाई देता है, वह भक्ति का नहीं, मर्दानगी का अवतार है। ह्लहर-हर महादेवह्व जैसे पवित्र नारे को कई बार उग्रता और हिंसा के साथ जोड़ दिया गया है। यह माचो मर्दानगी का ऐसा संस्करण है जिसमें भक्त बाइक पर स्टंट करता है, तेज म्यूज़िक पर झूमता है और किसी ने कुछ कहा तो झगड़े पर उतर आता है। रामदेवरा में लोग अपने परिवार के साथ, बड़ों के आशीर्वाद के साथ जाते हैं।

वहाँ शांति, सेवा और दर्शन ही उद्देश्य होता है, न कि सोशल मीडिया रील्स और तड़क-भड़क। प्रशासनिक ढिलाई और राजनीतिक मजबूरी प्रशासन के लिए कांवड़ यात्रा अब आस्था का नहीं, सिरदर्द का विषय बन गई है। रास्तों को बंद करना पड़ता है, जबरदस्ती स्कूल-कॉलेज की छुट्टियाँ करनी पड़ती हैं और पुलिस को कांवड़ियों को ह्लमना करनेह्व की हिम्मत नहीं होती। इसके पीछे एक बड़ा कारण है-राजनीतिक संरक्षण। कोई भी सरकार कांवड़ियों को नाराज नहीं करना चाहती, विशेषकर जब धार्मिक भावनाएं उबाल पर हों।

नतीजा यह होता है कि कुछ असामाजिक तत्व इस ढील का फायदा उठाकर पूरे आयोजन को बदनाम कर देते हैं।

सोशल मीडियाः भक्ति या ब्रांडिंग? आजकल कांवड़ यात्रा का एक और बड़ा आयाम है-सोशल मीडिया प्रमोशन। भक्त कम, ह्लइन्फ्लुएंसरह्व ज्यादा हैं। कोई रील बना रहा है, कोई फेसबुक लाइव कर रहा है, कोई अपने ट्रक की सजावट दिखा रहा है।

भक्ति अब कैमरे के सामने ह्लपोजह्न करने की प्रक्रिया बन गई है। रामदेवरा जैसे स्थलों पर ऐसी कोई प्रवृत्ति नहीं दिखती। वहाँ लोग अपने मन और आत्मा से जुड़ते हैं, न कि अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से।

समूह की ताकत और मनोवैज्ञानिक भ्रम कांवड़ यात्रा का एक बड़ा पहलू है-भीड़ की ताकत और समूह मनोविज्ञान। जब सैकड़ों-हजारों लोग एक साथ चलते हैं तो व्यक्ति की जिम्मेदारी गायब हो जाती है।

कोई एक गलती करता है, और पूरी भीड़ प्रतिक्रिया में उग्र हो जाती है। रामदेवरा जैसी यात्राओं में लोग छोटे-छोटे समूहों में या व्यक्तिगत रूप से जाते हैं।

वहाँ अनुशासन भी व्यक्तिगत होता है और उत्तरदायित्व भी।

आस्था और उन्माद में अंतर कांवड़ यात्रा में जो देखा जा रहा है, वह भक्ति नहीं, उन्माद है। यह वह धर्म नहीं है जिसकी शिक्षा भगवान शिव देते हैं। वे तो योगी हैं, शांति और तपस्या के प्रतीक हैं।

उन्हीं शिव के नाम पर सड़कें कब्जा करना, गाड़ियों में तोड़फोड़ करना, दुकानें बंद करवाना-यह कहां की भक्ति है? क्या यह ईश्वर को प्रसन्न करता है या समाज को संकट में डालता है? समाधानः भक्ति में अनुशासन और प्रशासन में दृढ़ता समस्या की पहचान जरूरी है, लेकिन समाधान भी उतना ही जरूरी है। इस दिशा में निम्नलिखित सुझाव कारगर हो सकते हैंः धार्मिक संगठनों को आगे आना चाहिए जो कांवड़ यात्रा का संयोजन करते हैं, उन्हें स्वयं अनुशासन और संयम का संदेश देना होगा। प्रशासन को राजनीतिक दबाव से ऊपर उठकर कानून का पालन करवाना चाहिए, चाहे वह कोई भी समुदाय हो। भक्तों को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या उनकी यात्रा भगवान शिव को प्रसन्न कर रही है या बदनाम कर रही है।

सोशल मीडिया पर फालतू दिखावे की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करना चाहिए, और असामाजिक तत्वों की पहचान कर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# अब वोटर बनने के लिए नागरिकता का शिगूफा

डॉ. श्रीगोपाल नारसन

अब तक भारत में पहचान और नागरिकता साबित करने के लिए आधार कार्ड और पैन कार्ड को सबसे जरूरी दस्तावेज माना जाता था। लेकिन हाल ही में सरकार की नई घोषणा ने लोगों को चौंका दिया है। अब आधार और पैन की जगह दो नए दस्तावेजों को नागरिकता प्रमाण के तौर पर मान्यता दी जा रही है। यह बदलाव खासतौर पर उन लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है जो आधार या पैन कार्ड नही बनवा पाए है। इन दो दस्तावेजों में राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर में नाम व नागरिकता प्रमाणपत्र को अब पहचान और नागरिकता के पुख्ता सबूत के रूप में स्वीकार किया जाएगा, खासकर सरकारी योजनाओं, पासपोर्ट आवेदन, नौकरी या बैंक खाता खोलने जैसे मामलों में ये दस्तावेज काम आएंगे। यदि आपका नाम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर में में नहीं है, तब आप नागरिकता प्रमाणपत्र के माध्यम से अपनी नागरिकता साबित कर सकते हैं। यह प्रमाणपत्र केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा जारी किया जाता है। नागरिकता प्रमाणपत्र लेने के लिए जरूरी दस्तावेज में जन्म प्रमाणपत्र या स्कूल का प्रमाणपत्र, साथ ही माता-पिता की नागरिकता से जुड़े दस्तावेज, इसके लिए सन 1950 से पहले का कोई भी निवास प्रमाणपत्र जैसे जमीन का रिकॉर्ड, राशन कार्ड आदि जिसे शपथ पत्र व दो गवाहों द्वारा सिद्ध किया जा सकता है। दरअसल आधार कार्ड एक पहचान पत्र है, लेकिन यह नागरिकता का प्रमाण नहीं है। वही पैन कार्ड मुख्यतः टैक्स से जुड़ा दस्तावेज है, जो नागरिकता को प्रमाणित नही करता। जिन लोगो का आधार कार्ड या पैन कार्ड में नाम, जन्मतिथि या पता गलत है या जो सन 1950 से पहले के प्रवासी हैं या जिनके पूर्वज दूसरे देश से आए थे। या जो शरणार्थी है या फिर सीमावर्ती क्षेत्रों में रहते हैं और जिनका राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर में नाम नहीं है और अब तक कोई वैध नागरिकता प्रमाणपत्र जिन्होंने नही बनवाया। उन सभी को तुरंत संबंधित दस्तावेज इकट्ठा करके अपना नाम राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर में नाम जुड़वाना चाहिए या नागरिकता प्रमाण पत्र प्राप्त करना चाहिए। इसके लिए हर राज्य में नागरिकता प्रमाणपत्र केंद्र बनाए जा रहे हैं। एनआरसी अपडेट करने की प्रक्रिया फिर से शुरू की जा रही है, जिसके लिएडिजिटल पोर्टल तैयार किया गया है, जहां से फॉर्म भरे जा सकते हैं। स्थानीय निकायों को निर्देश दिए गए हैं कि वे लोगों को उक्त दस्तावेज तैयार करने में मदद करें। सरकार ने अब तक भारत के प्रत्येक नागरिक को आधार कार्ड देने की मुहिम तो चलाई लेकिन नागरिकता प्रमाण पत्र के बारे में कभी नही सोचा गया। भले ही भाजपा ने सन 2014 के बाद अभी तक ज्यादातर चुनाव बिना किसी डर के जीते है लेकिन जब तीसरे आम चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का नारा जनता ने नकार दिया तो भाजपा को सत्ता में बने रहने की फिक्र हुई और भाजपा सरकार के कहने पर पहली बार केंद्रीय चुनाव आयोग ने बिहार से मतदाताओं की नागरिकता जांचने की मुहिम शुरू की, जो अब सुप्रीम कोर्ट के सुनवाई दायरे में पहुंच गई है। यदि ये मुहिम भारत सरकार का गृह मंत्रालय उसी तर्ज पर चलाता जैसे कांग्रेस सरकार ने आधार पहचान पत्र के लिए देशव्यापी मुहिम चलाई थी, तब हम सब इसका समर्थन करते, लेकिन दुनिया के तमाम देशों में जन्मजात और अनुवांशिक नागरिकता प्रचलित है इसलिए सभी के पास अलग से कोई नागरिकता प्रमाण पत्र नही होता। नागरिकता प्रमाणपत्र उन्ही प्रदेशियों के लिए जारी किया जाता है जो इसके लिए बाकायदा आवेदन करते हैं। भारत में आमतौर से कोई भी शासकीय सुविधा या अधिकार पाने के लिए आयकर प्रमाण पत्र से ज्यादा महत्व आधार पहचान पत्र को दी जा रही है। ज्यादातर के पास वंशानुगत या जन्म आधारित नागरिकता है लेकिन इसका कोई प्रमाण पत्र भी किसी के पास नहीं है। हालांकि पासपोर्ट के आधार पर पूरी दुनिया देश के नागरिकों को भारतीय मानकर अपने यहां आने- जाने देती है, कारोबार करने देती है। लेकिन पासपोर्ट को अपने देश में नागरिकता का प्रमाण पत्र नहीं माना जाता। यदि विदेशी सरकारें भी भारत सरकार की तरह पासपोर्ट के आधार पर हमें भारतीय मानने से इंकार कर दें तो हम कहीं आ जा भी नही सकेंगे। यद्यपि पासपोर्ट जारी ही तब किया जाता है जब जन्म का, आवास का, संपत्ति का और पुलिस द्वारा चरित्र का सघन सत्यापन करा लिया जाता है, यही प्रक्रिया मतदाता पहचान पत्र जारी करने मे अपनाई जाती है। ऐसे में यदि बिहार या देश के किसी भी राज्य में जारी मतदाता पहचान पत्रों को संदिग्ध माना जा रहा है तो इसके लिए दोषी स्वयं केंद्रीय चुनाव आयोग है। चुनाव आयोग का बीएलओ से लेकर जिला स्तर का अधिकारी इस प्रक्रिया में दोषी है। क्योंकि उन्होंने ही एक लंबी प्रक्रिया के बाद आधार कार्ड आदि दस्तावेज बनवाये है। नागरिकता प्रमाण पत्र मुख्य रूप से उन लोगों को जारी किया जाता है जो जन्म, वंश, पंजीकरण, प्राकृतिकरण या क्षेत्रीय समावेशन के माध्यम से भारतीय नागरिकता प्राप्त करते हैं, नागरिकता अधिनियम, 1955 के मुताबिक, भारत में जन्मे अधिकांश लोग स्वतः नागरिक माने जाते हैं, और उनके लिए नागरिकता का प्रमाण आमतौर पर जन्म प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, या अन्य दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी आदि के माध्यम से स्थापित किया जाता है। रक रजिस्टर बनाकर मौजूदा सरकार ने असम में एन आर सी प्रक्रिया के तहत नागरिकता सत्यापन करने का अभियान चलाया था जिसमें लगभग 1.9 मिलियन लोग नागरिकता साबित करने में असफल रहे है,

राष्ट्रीय दैनिक
प्रात:किरण
पटना, मंगलवार, 15 जुलाई, 2025



# मनरेगा योजना में अनियमितता की शिकायतें प्राप्त होगी तो सीधे बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी : जिला पदाधिकारी

●प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी

●किसी भी प्रकार की शिथिलता और अकर्मण्यता तथा अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

प्रात: किरण संवाददाता




बेतिया(घनश्याम)। जिला पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। समीक्षा के क्रम में सर्वप्रथम खेल मैदान की समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि खेल मैदान मनरेगा की वर्तमान में सबसे प्राथमिक योजनाओं में से एक है। प्राथमिकता के आधार पर मनरेगा में खेल के मैदान को पूर्ण करना था। किंतु समीक्षा के क्रम में पाया गया कि मैनाटांड़, बगहा-1, बगहा-2,भीतहां, पिपरासी में खेल मैदान की प्रगति संतोषजनक नहीं है। जिला पदाधिकारी द्वारा इस पर असंतोष प्रकट की गई एवं इन सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों क वेतन स्थगित करने का निर्देश उप विकास आयुक्त को दिया गया। साथ ही इनसे स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा कार्य पूर्णता की समीक्षा की गई जिसमें पाया गया कि 2022-23 से पूर्व की भी कई योजनाएं हैं जिन्हें पूर्ण नहीं किया गया है इसके अलावा 23-24,24-25 की भी कई योजनाएं को पूर्ण नहीं किया गया है जिससे स्पष्ट है कि कार्य की पूर्णता पर कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जॉब कार्ड सत्यापन की समीक्षा क्रम में पाया गया कि जॉब कार्ड धारी के जॉब कार्ड का सत्यापन में संतोषजनक कार्य नहीं किया जा रहा है। साथ ही साथ उनके जॉब कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने में प्रगति नहीं लाई जा रही है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा खेद प्रकट किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त को खराब प्रदर्शन करने वाले पंचायत रोजगार सेवकों को चिन्हित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। वृक्षारोपण के कार्य की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि पंचायत में वृक्षारोपण का कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा है। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त को निर्देश दिया गया कि जिन पंचायत में अभी तक प्लांटेशन का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है उन सभी पंचायत के पंचायत रोजगार सेवकों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मनरेगा के कार्य में पूरी तरह से पारदर्शिता लाएं और विभागीय दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए कार्य में प्रगति लाएं। जिला पदाधिकारी द्वारा कड़ी चेतावनी दी गई कि मनरेगा योजना में किसी भी प्रकार की शिथिलता और आकर्मण्यता तथा अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कहीं से भी किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायतें प्राप्त होगी तो सीधे बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही साथ प्राथमिकी दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। जिला पदाधिकारी द्वारा किए गए समीक्षा के क्रम में कमतर प्रदर्शन वाले मैनाटांड़, बगहा-1, बगहा-2, भीतहां, पिपरासी, रामनगर, लौरिया और नौतन के कार्यक्रम पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछा गया है एवं इनका वेतन स्थगित किया गया है। इसके साथ ही साथ कमतर प्रदर्शन वाले 85 पंचायत रोजगार सेवकों से स्पष्टीकरण पूछा गया है और उन्हें 15 दिन का समय दिया गया है। यदि 15 दिन के अंदर इनका प्रदर्शन बेहतर नहीं होता है तो विहित प्रक्रिया का अनुपालन करते हुए उनकी बर्खास्तगी की कार्रवाई की जाएगी।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 07 चनपटिया को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

●विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के दौरान अद्वितीय निष्ठा कर्तव्यपरायणता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निवर्हन करने पर प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र



बेतिया(घनश्याम)। विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के दौरान बेहतर कार्य करने पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 07 चनपटिया (विधान सभा क्षेत्र)-सह-उप विकास आयुक्त, पश्चिम चम्पारण सुमित कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इन्हें यह प्रशस्ति पत्र विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के दौरान अद्वितीय निष्ठा कर्तव्यपरायणता एवं समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निवर्हन करने पर प्रदान किया गया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी 07 चनपटिया (विधान सभा क्षेत्र)-सह-उप विकास आयुक्त, पश्चिम चम्पारण के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि इनके द्वारा मतदाता सूची के अद्यतन कार्य को समयबद्ध, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढ़ंग से निष्पादित किया गया है, जो सराहनीय है। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता, विभागीय जांच, श्री कुमार रविन्द्र, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा, नगर आयुक्त, नगर निगम बेतिया लक्ष्मण तिवारी सहित सभी जिलास्तरीय पदाधिकारी, अभियंता उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सवान के प्रथम सोमवारी को जल अभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

परसा। प्रखंड कार्यालय के पास नवनिर्मित शिव मंदिर परिसर से ग्रामीणों के सहयोग से गाजे बाजे घोड़े के साथ निकाली गई भव्य कलश यात्रा. कलश यात्रा की जाथा प्रभुनाथ महाविद्यालय परसा चेतन परसा दरोगा राय चौक परसा बाजार सैदपुर मस्तीचक होते हुए तुला ब्रह्म स्थान पर वैदिक मनतोउच्चारण के साथ कलश मे जलभरी की गई. कलश यात्रा मस्तीचक परसा हाई स्कूल चौक चेतन परसा पोखरपुर होते हुए शिव मंदिर पहुंच,शिवजी की जलाभिषेक किया गया.कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालुगण हुए शामिल.इस दौरान श्रद्धालुओं में जल अभिषेक करने के लिए काफी उत्साह का माहौल देखा गया. प्रखंड व नगर के अलग-अलग शिव मंदिरों पर जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़.

### बीएलओ पर हुई कार्रवाई

दरियापुर ।स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में चल रहे गहन मतदाता पुनरीक्षण कार्य में बीएलओ को लापरवाही करना महंगा साबित हो गया ।इस लापरवाही को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी दीनबंधु दिवाकर के द्वारा लगभग आधा दर्जन बीएलओ से स्पष्टीकरण की मांग की गई है ।इनलोगों के द्वारा संतोषजनक कार्य नहीं किया गया था।

### बाबा गौरीशंकर नाथ मंदिर जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

बनियापुर । प्रखंड के बेरूई स्थित गौरीशंकर नाथ मंदिर में माह के पहली सोमवारी को जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमर पड़ी है जहाँ दिखा आस्था का सैलाब सावन में आने वाले प्रत्येक सोमवार का विशेष महत्व होता है।इस दिन व्रत रखकर शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, धतूरा और अन्य पूजन सामग्रियां अर्पित करना अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। श्रावण मास के कृष्ण पक्ष कीŸ प्रतिपदा तिथि से भगवान शिव को समर्पित पवित्र माह की शुरूआत हो जाती है।इसे देवों के देव महादेव का प्रिय महीना माना गया है। धार्मिक मान्यता है कि इस मास में यदि श्रद्धापूर्वक शिवलिंग पर केवल एक लोटा जल भी अर्पित किया जाए, तो भगवान शिव प्रसन्न होकर अपने भक्तों को सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। वहीं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दखते हुए गाड़ी संख्यामें पुलिस बल तैयार देखें वही देखा गया कि एक तरफ पुरुषों की दूसरी तरफ लइन महिलावों की लाइन लगा कर जलाभिषेक करते दिखे भाड़ी संख्या मे श्रद्धालुओ की भीड़।

### विदा हुए ग्रामीण एसपी : कुछ सपने पूरे कुछ रह गए अधूरे

छपरा कार्यालय। सारण पुलिस अधीक्षक ग्रामीण का स्थानांतरण हो जाने पर विदाई समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। इस अवसर पर सारण रेंज के पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से पुलिस अधीक्षक ग्रामीण को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना दी। पुलिस उपमहानिरीक्षक व वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के सराहनीय कार्यों को याद किया। उन्हें आगे भविष्य में ऐसे ही अपने कार्यों से पुलिस विभाग की सेवा करते रहने के लिए शुभकामनाएं दी। समारोह में अधिकारियों ने एसपी ग्रामीण के नेतृत्व, कार्यशैली, एवं उनके द्वारा पुलिसिंग के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान की सराहना की। उन्होंने न सिर्फ अपराध नियंत्रण में अहम भूमिका निभाई, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस-पब्लिक रिलेशन को भी सुदृढ़ किया। इस मौके पर डीडीसी सारण, एसडीपीओ सोनपुर, एसडीपीओ मढ़ौरा, पुलिस उपाधीक्षक, रक्षित, पुलिस उपाधीक्षक साइबर, दो परि० पुलिस उपाधीक्षक एवं अन्य वरीय पदाधिकारी, कर्मी मौजूद थे।

## श्रावण के पहली सोमवारी को उमड़ी शिवालयों में शिव भक्त श्रद्धालुओं की भीड़



प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। बगहा के सभी शिवालयों में श्रावण की पहली सोमवारी को शिव भक्त श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ पड़ी ।वहीं इंडो नेपाल सीमा स्थित वाल्मीकि टाइगर रिजर्व व त्रिवेणी संगम तट के किनारे स्थित जटाशंकर मंदिर में भी शिव भक्तों की जलाभिषेक के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। बतादें,वीटीआर जंगल के गर्भ स्थित पौराणिक मंदिर जटाशंकर की कहानी पौराणिक कथाओं में वर्णित है। कहा जाता है कि भगवान शंकर और भस्मासुर के बीच हुई लड़ाई के दौरान भगवान के जटा का कुछ अंश त्रिवेणी संगम तट के समीप टाइगर रिजर्व के जंगल में गिर गया था। उसके बाद से जटाशंकर बाबा के नाम से प्रसिद्ध,जटाशंकर मंदिर में प्राचीन काल से लेकर वर्तमान तक प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंच पूजा अर्चना करते हैं। यह भी माना जाता है कि त्रेता युग में महर्षि वाल्मीकि अपने दो वीर शिष्यों के साथ भगवान जटाशंकर का पूजा अर्चना करने के लिए अपने आश्रम से प्रतिदिन आते थे। माता सीता भी प्रतिदिन जटाधारी भोलेनाथ की पूजा अर्चना करती थी। क्योंकि भगवान राम भी भगवान शंकर के ही उपासक थे।

## स्वर्णिम विहान ने स्वर्णकार समाज के बच्चे बच्चियों के शैक्षणिक विकास हेतु बैठक संपन्न

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय स्वर्णकार समाज के बच्चे बच्चियों को शिक्षा एवं पठन-पाठन के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से स्वर्णिम विहान ( एक नि:शुल्क शैक्षणिक प्रकोष्ठ ) स्वर्णकार समाज के प्रबुद्ध लोगों तथा इस समाज के शिक्षक समुदाय से जुड़े लोगों की एक आवश्यक बैठक छपरा शहर के कटहरी बाग स्थित कृष्णा कुमार वैष्णवी के आवासीय परिसर नूतन निकेतन, कौशल्या कॉलोनी में आयोजित की गई । इस बैठक में विभिन्न पहलुओं जैसे समाज के बच्चे बच्चियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने हेतु हर तरह का सहयोग करने, सेमिनार आयोजित करने, छात्र शिक्षक समागम का कार्यक्रम आयोजित करने, इंटरव्यू बोर्ड की व्यवस्था करने तथा समाज के ऐसे पूर्वजों की जयंतियां मनाने का कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया जिन्होंने समाज के लिए विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्य संपादित किया। बैठक में प्रकोष्ठ के चीफ कोऑर्डिनेटर कृष्ण मोहन प्रसाद ने प्रकोष्ठ की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी उपस्थित सदस्यों के बीच साझा किया। बैठक की अध्यक्षता आनंद कुमार साह ने किया। बैठक में अकादमी काउंसिल के सदस्यों की सूची जारी की गई जिस काउंसिल में मुख्य रूप से स्वर्णकार समाज के शिक्षक गण नामित किए गए थे। साथ ही प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी के सदस्यों की भी सूची सभी सदस्यों को हस्तगत कराया गया। इस सूची के अनुसार आनंद कुमार साह को मुख्य संरक्षक सह अध्यक्ष, डॉ.रामबाबू प्रसाद, सी ए अमित कुमार ,कृष्णा कुमार वैष्णवी, सुभाष प्रसाद सभी सह संरक्षक ,प्रोफेसर अमर नाथ प्रसाद तथा प्रोफेसर अभय कुमार सिन्हा क्रमशः चीफ एकेडमिक पेट्रोन तथा डिप्टी चीफ अकैडमिक पेट्रोन की जवाबदेही तय की गई । उसी प्रकार जयप्रकाश गुप्ता को डिप्टी चीफ कोऑर्डिनेटर सह ज्वाईंट सेक्रेटरी, शंभू कुमार को उपाध्यक्ष ,कृष्ण मोहन प्रसाद को चीफ को-ऑर्डिनेटर सह जेनरल सेक्रेटरी ,जगमोहन प्रसाद को फाइनेंस सेक्रेट्री ,एक्ट्रेस वैष्णवी को प्रवक्ता तथा इवेंट एंकर की जवाबदेही सौंपी गई। विनोद राज को एकेडमिक काउंसिल के चीफ कन्वेनर , डा० विश्वजीत कुमार को डिप्टी कन्वेनर तथा ज्योति कुमारी एवं आकृति रचना को महिला तथा बाल विकास प्रकोष्ठ के संयोजक के रूप में कमेटी में चयनित किया । विशाल कुमार को मीडिया प्रभारी बनाया गया। इस अवसर पर स्वर्णकार समाज के शिक्षकों की एक बड़ी संख्या तथा प्रबुद्ध एवं संभ्रांत श्रेणी के सर्राफा व्यवसायी एवं कारीगर समूह के लोगों ने भाग लिया। बैठक की कार्यवाही गुरु वंदना एवं गायत्री मंत्र से आरंभ की गई तथा राष्ट्रीय गान से समाप्त किया गया। उपस्थित लोगों ने अपने-अपने विचार देते हुए यह संकल्प लिया कि प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बहुत ही निकट भविष्य में एक पेरेंटिंग सेशन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अंत में इस सभा के अध्यक्ष तथा नवचयनित मुख्य संरक्षक सह प्रेसिडेंट आनंद कुमार साह ने धन्यवाद व्यापित किया तथा चीफ कोऑर्डिनेटर ने बैठक की समाप्ति की घोषणा की।

## 91 वां बिहार स्टेट जूनियर सीनियर एथलेटिक्स चेम्पियशिप के 100 मीटर फराटर्ट दौड़ में सौरभ ने गोल्ड मेडल जीता

**थरुहट क्षेत्र के युवक ने गोल्ड मेडल जीतकर चंपारण का मान बढ़ाया**



●नेशनल एथलेटिक्स गेम्स प्रतियोगिता के लिए सौरभ चुने गया

प्रात: किरण संवाददाता

बगहा। पटना में चल रहे 91वां बिहार स्टेट जूनियर और सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 100 मीटर दौड़ रेस (इवेंट्स) में चंपारण थरुहट के लाल सौरभ ने फराटा भरते हुए 10.20 का समय निकालते हुए गोल्ड मेडल जीता। इसके साथ ही थरुहट के लाल सौरभ कुमार ने नेशनल चेम्पियनशिप में अपनी जगह बना ली है।अब चंपारण के लाल देश के लिए ( दौड़ेंगे )खेलेंगे।बतादें की सौरभ कुमार बगहा पुलिस जिला के संतपुर सोहरिया पंचायत के मुखिया के पौत्र और पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी रमेश महतो के पुत्र है। जिन्होंने बिहार की राजधानी पटना में 91 वें स्टेट सीनियर एथलेटिक्स के 100 मीटर इवेंट्स में कई बढ़ाओ को पार कर फाइनल प्रतियोगिता में 10.20 सेकेंड का समय निकालकर प्रथम स्थान हासिल कर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इसकी जानकारी मिलते ही खेल जगत के साथ साथ थरुहट क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई पिता रमेश महतो ने बताया कि यह गौरव का क्षण है और हमे पूरी उम्मीद है कि आगे देश के लिए अपनी योगदान 100% सौरभ देते हुए चंपारण और देश का नाम रौशन करेंगे।

## कबीर कोहिनूर अवॉर्ड से सम्मानित होने पर पत्रकारों एवं बुद्धिजीवियों ने जितेंद्र बच्चन को दी बधाई

●एसकेएफआई एवं कायस्थ परिवार के सदस्यों ने खुशी जाहिर की

प्रात: किरण संवाददाता




छपरा कार्यालय। समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्षएवंवरिष्ठपत्रकारजितेंद्रबच्चन को भारतीय कबीर मठ,राजस्थान द्वारा कबीर कोहिनूर अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किए जाने पर छपरा के कई पत्रकारों,समाजसेवियों,चित्रांश संगठनों के प्रतिनिधियों सहित एस के एफ आई के पदाधिकारियों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया है तथा कहा कि उनके इस सम्मान से संस्था सहित अन्य क्षेत्रों में गर्व की बात है। समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया के बिहार प्रदेश प्रभारी एवं सारण जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष डॉ .विद्या भूषण श्रीवास्तव ने श्री बच्चन जी को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उन्हें पत्रकारिता कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला है तथा कहा कि विगत दिनों अखिल भारतीय कबीर मठ, सदगुरू कबीर आश्रम सेवा संस्थान ,नागौर,राजस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम में कुल 100 महान विभूतियों को उनकी उत्कृष्टता के लिए विभिन्न क्षेत्रों में योगदान के लिए कोहिनूर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था जिनमें राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र बच्चन शामिल थे जिन्हें पूर्व केंद्रीय श्रम मंत्री एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री सत्य नारायण जाटिया,विशिष्ट अतिथि स्वामी संपूणार्नंद महाराज ,मठ के श्री महंत भारत भूषण एवं डॉ.नामक दास ने प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया है। उधर, कायस्थ परिवार,छपरा के संरक्षक प्रोफेसर के.पी .श्रीवास्तव ,मुख्य संयोजक अभिजीत कुमार श्रीवास्तव,अध्यक्ष राजेश कुमार सिन्हा उर्फ मिंटू,उपाध्यक्ष कमल किशोर सहाय , महासचिव अजय कुमार सहाय ,सचिव अजित कुमार सहाय ने ऑल इंडिया कायस्थ काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पत्रकार जितेंद्र बच्चन को कबीर कोहिनूर अवॉर्ड से सम्मानित किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इससे चित्रांश परिवार गौरवान्वित है । देश के विभिन्न समाचार पत्रों में कार्य करने वाले एवं निष्पक्ष तथा खोजपरख खबरों को महत्व देने वाले प्रख्यात पत्रकार जितेंद्र बच्चन ने सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों को धरातल पर उतार कर एक अमिट छाप छोड़ी है नतीजन,उन्हें कबीर कोहिनूर अवॉर्ड से सम्मानित होना एक ज्वलंत उदाहरण है,ऐसा कई चित्रांश संगठनों के प्रतिनिधियों का कहना है।इस बीच सारण जिला के कई पत्रकारों डॉ. सुनील प्रसाद, किशोर कुमार,गजेंद्र कुमार,धर्मेन्द्र कुमार राम,संजय कुमार पाण्डेय आदि सहित कई बुद्धिजीवियों ने श्री बच्चन के कबीर कोहिनूर अवॉर्ड से सम्मानित होने पर बधाई दिया है।

## भारत स्काउट और गाइड सारण ने की श्रद्धालुओं की सहायता

●अनुमण्डल पदाधिकारी छपरा सदर एवम जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के संयुक्त निर्देश पर स्काउट और गाइड ने की सहायता

प्रात: किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। भारत स्काउट और गाइड सारण की टीम ने प्रसिद्ध धनी धर्मनाथ मंदिर में शिविर आयोजित कर सावन माह के प्रथम सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं की सेवा तथा सहायता की।अनुमण्डल पदाधिकारी छपरा सदर एवम जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण के संयुक्त निर्देश के आलोक में स्काउट और गाइड को प्रतिनियुक्त किया गया ।जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण ने बताया कि जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट ओपन टूप के 30 स्काउट और गाइड ने भाग लिया। जिला संगठन आयुक्त(स्काउट)अमन राज ने बताया की भारत स्काउट गाइड की पहचान सेवा और सहायता है,उन्होंने कहा कि सावन माह का प्रथम सोमवारी के मौके पर भीड़ के दौरान श्रद्धालुओं की कई तरह की परेशानियां होती है। इसको ध्यान में रखते हुए स्काउट और गाइड को प्रतिनियुक्त किया गया है। जिसमें स्काउट और गाइड के स्वयंसेवकों के द्वारा भीड़ नियंत्रण तथा श्रद्धालुओं को जलाभिषेक करने और जलाभिषेक करने के बाद मंदिर से सुरक्षित बाहर निकलवाने में सहयोग किया गया ।शिविर में डिस्ट्रिक ओपन टूप के स्काउट मास्टर प्रणव,आशुतोष,सोनू के देख रेख में स्काउट विक्की, सुमित, विवेक,गोलू,हर्षित,शुभम,गाइड अमृता, आस्था, नंदनी,मुस्कान,खुशी,रीतिका, सौम्या सहित 30 स्काउट और गाइड के स्वयंसेवक सेवा दिए।

## अज्ञात असमाजिक लोगों ने बीती रात लगाई आग, सारे सामान जलकर हुई राख

प्रात: किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। सारण जिले के डोरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मुसेपुर महारानी स्थान स्थित ओ पी एण्ड कम्पनी के टेंट हाउस गोदा में रविवार रात के बीती रात में असमाजिक लोगों के द्वारा किरासन तेल छिड़ककर आग लगा दी गई ।गोदाम में रखे लगभग आठ लाख रुपए की सम्मान जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों के द्वारा आग के लाफ देखकर लोगों ने शोर मचाया तो लोग जग और घटना की सुचना टेंट हाउस के मालिक मुसेपुर महारानी स्थान निवासी स्वः रामफल सिंह के पुत्र अमन कुमार सिंह के द्वारा दुरभाष पर सुचना डोरीगंज थानाध्यक्ष दिलीप कुमार और डायल 112 को दी सूचना मिलते ही डोरीगंज थानाध्यक्ष दिलीप कुमार दल बल के साथ डोरीगंज और अवतार नगर थाने की फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया लेकिन गोदाम में रखे सारे सामान जलकर राख हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने की कही ।इस घटनास्थल पर पहुंचे स्थानीय मुसेपुर पंचायत के मुखिया बब्लू कुमार राय, विनोद सिंह सहित उपस्थित गणमान्य लोग काफी अफसोस जतायीं और प्रशासन से कारवाई की मांग कर उचित मुआवजे की मांग की गई।

## परसा में चल रहा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान

प्रात: किरण संवाददाता

परसाः- प्रखंड क्षेत्र में विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 के तहत मतदाता सूची का अद्यतन कार्य चल रहा है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देश पर परसा प्रखंड मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ और सुपरवाइजर यह कार्य कर रहे हैं ।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस विशेष अभियान का मुख्य उद्देश्य योग्य मतदाताओं को सूची में जोड़ना और अयोग्य मतदाताओं के नाम हटाना है ।सोमवार को परसा प्रखंड के अन्याय पंचायत स्थित ब्रम्हपुर क्षेत्र के बीएलओ जितेंद्र कुमार व ज्ञानप्रकाश आर्य के अनुसार, उनके क्षेत्र में 100 से अधिक मतदाता दिल्ली, पंजाब समेत अन्य राज्यों में मजदूरी कर रहे हैं। इन प्रवासी मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जा सकते हैं ।जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्वाचन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का निर्देश दिया है। इस पुनरीक्षण में पारदर्शिता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बीएलओ घर-घर जाकर 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवाओं का सत्यापन कर रहे हैं। साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि कोई अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो ।बीडीओ राकेश कुमार ने बताया कि निर्वाचन आयोग का यह विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम इसलिए चलाया जा रहा है क्योंकि क्षेत्र में कई ऐसे लोग हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी है, लेकिन उनका नाम अभी तक मतदाता सूची में मौजूद है। वहीं, कुछ लोग लंबे समय से अपने विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर अन्य जगह बस चुके हैं। ऐसे लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए ही घर-घर सर्वेक्षण किया जा रहा है। बीएलओ गणना प्रपत्र लेकर घर-घर जा रहे हैं और मतदाताओं से जरूरी दस्तावेज जुटा रहे हैं ।निर्वाचन आयोग 1 अगस्त 2025 को ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी करेगा। नागरिक 1 सितंबर 2025 तक दावे और आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। अंतिम मतदाता सूची 30 सितंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी ।नए मतदाताओं को आयु प्रमाण पत्र, पहचान पत्र और निवास प्रमाण जैसे आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे। निर्वाचन आयोग ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आस-पास के लोगों को इस अभियान के बारे में जागरूक करें। यदि किसी का नाम सूची में नहीं है या जानकारी गलत है, तो वे 1 सितंबर से पहले आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

## पटना आईआईएमएस के प्रसिद्ध कैंसर विशेषज्ञ ने डीएवी कैसर सुरक्षा के बारे मे किया जागृत

बनियापुर । प्रखंड के सुप्रसिद्ध विद्यालय डी ए वी पब्लिक स्कूल के सभागार में कैंसर सुरक्षा के बारे में एक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ( अक्क्र्टर ) पटना से कैंसर के विभागाध्यक्ष डॉ जगजीत पाण्डेय जी सहित विद्यालय निदेशक धनंजय कुमार, सचिव प्रमोद सिंह, प्राचार्य अमन सिंह सहित विद्यालय के शिक्षकगण की मौजूदगी मे आयोजित कार्यक्रम मे प्राथमिक लक्षण,उपचार पर डॉ जगजीत पाण्डेय ने विद्यालय के बच्चों को कैंसर के बारे में जागरूक किया। कैंसर के शुरूआती लक्षण, कैंसर के प्रकार तथा अलग-अलग स्टेज पर कैंसर का क्या उपचार है उसके बारे में भी जानकारी देते हुए डॉ जगजीत पाण्डेय ने बताया कि कैंसर से घबराने या डरने के बजाय उसका समुचित उपचार करना चाहिए। साथ ही साथ उन्होंने अपने संबोधन में बच्चों को उनके पढ़ाई के क्षेत्र में ध्यान देने को कहा और यह बताया कि सच्ची मेहनत कभी भी व्यर्थ नहीं होती। विद्यालय निदेशक धनंजय कुमार एवं सचिव प्रमोद सिंह ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम को संबोधित किया और बताया कि डॉ जगजीत पाण्डेय के इस अभियान के तहत के हर वर्ग के लोगों में कैंसर को लेकर जागरूकता उत्पन्न होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय निदेशक धनंजय कुमार एवं सचिव प्रमोद सिंह ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन, स्वागत संबोधन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य अमन सिंह ने किया।

## नगर निगम क्षेत्र में 2.76 करोड़ की लागत से लगेंगे 90 वॉट वाले पांच हजार लाइट: गरिमा

●नगर निगम बोर्ड के निर्णय के आधार पर जारी निविदा के लिए 28 जुलाई तक की जा सकेगी ऑनलाइन दावेदारी

●30 जुलाई को अपराह्न तीन बजे से पहले संवेदकों को अपने अपलोड कागजातों को हार्ड कॉपी जमा करने का आदेश,

प्रात: किरण संवाददाता



बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में 90- 90 वॉट के पांच हजार एलईडी लाइट लगाने की निविदा जारी कर दी गई है। नगर निगम बोर्ड द्वारा पारित योजना के तहत लाइट लगाने में नगर निगम के नव अधिग्रहित क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इस योजना के तहत संपूर्ण नगर निगम क्षेत्र विद्युतीकरण पर कुल करीब 2.76 करोड़ के अंतर्गत लागत आएगी। खरीदारी के बाद पांच हजार लाइट लगाने के लिए अन्य चयनित एजेंसी को दीपावली से पूर्व ही लाइट अधिष्ठापन की योजना को पूरा करना होगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि नगर निगम बोर्ड के निर्णय के आधार पर जारी निविदा के लिए इच्छुक और योग्य संवेदकों द्वारा 28 जुलाई तक ऑनलाइन दावेदारी की जा सकेगी। वही 30 जुलाई को अपराह्न तीन बजे से पहले संवेदकों को अपने अपलोड कागजातों को हार्ड कॉपी जमा करने का आदेश दिया गया है। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई को ही अपराह्न तीन बजे के बाद सशक्त स्थायी समिति निविदा के विरुद्ध अपलोड कागजातों की जांच कर के निर्णय करेगी।

## विक्रमपुर में आयोजित जन सुराज की जनसभा में उमड़ा जनसैलाब

मढ़ौरा/छपरा। मढ़ौरा विधानसभा क्षेत्र के नौतन पंचायत अंतर्गत विक्रमपुर गांव के वार्ड संख्या 3 में रविवार की देर शाम जन सुराज की बिहार बदलाव यात्रा के तहत एक भव्य जनसभा का आयोजन किया गया। इस ह्यबिहार बदलाव संवादह्व जनसभा की अगुवाई मढ़ौरा विस की नेत्री डॉ. नूतन कुमारी ने की, जहां हजारों की संख्या में ग्रामीणों व समर्थकों की भागीदारी देखी गई। जन सभा में शामिल जनसमूह ने डॉ. नूतन कुमारी के प्रति जबरदस्त उत्साह व समर्थन प्रकट किया। ग्रामीणों ने न केवल भावी प्रत्याशी के लिए नारे लगाए, बल्कि जन सुराज की विचारधारा को भी सराहा। जनता के साथ लिया बदलाव का संकल्पः जन सभा को संबोधित करते हुए डॉ. नूतन कुमारी ने कहा कि बिहार में व्यवस्था परिवर्तन की आवश्यकता है। यहां की बदहाली को दूर करने के लिए अब जनता को जागरूक होना होगा। अगर हम आज नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ी भी पिछड़ती जाएगी। मढ़ौरा को सुंदर व सशक्त बनाने के लिए हमें अब जनता का राज स्थापित करना होगा। उन्होंने जनता के साथ मिलकर बदलाव व विकास का संकल्प लिया। इस अवसर पर जन सुराज के प्रदेश व जिला स्तरीय कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। मंच से राहुल सिंह (सह संयोजक, चुनाव अभियान समिति), उर्मिला सिंह (संयोजक, चुनाव अभियान समिति), रामपुकार मेहता (प्रदेश कोर कमेटी सदस्य), सुरेश सिंह, बाबर खान, राघवेंद्र प्रताप सिंह, राजनंदन राय, प्रीति रानी, नवनीत राय, उषा देवी, कुमार शिवम, विकास गौतम, प्रभात गिरी, राजीव रंजन सिंह, सीपी शर्मा, अभय कुमार शर्मा, भरतेश्वर सिंह सहित कई अन्य पदाधिकारियों ने जन सुराज की विचारधारा को विस्तार से जनता के समक्ष रखा। सभा का संचालन जिला प्रवक्ता कुलदीप महासेठ ने किया। सभा के दौरान डॉ. नूतन कुमारी के समर्थकों की विशिष्ट उपस्थिति भी चर्चा का विषय रही। पुरुष कार्यकर्ता जहां पीली टीशर्ट में सुसज्जित थे, वहीं महिला कार्यकर्ता बैच लगाए नजर आईं। लोगों ने बताया कि मढ़ौरा में किसी भी राजनीतिक दल के साथ इतनी संगठित टीम पहले कभी नहीं देखी गई। लोकप्रियता में लगातार वृद्धिः जनसभा में उमड़ी भीड़ और डॉ. नूतन कुमारी के समर्थन में दिखा जनसैलाब इस बात की ओर संकेत करता है कि आगामी विधानसभा चुनावों में जन सुराज को मढ़ौरा क्षेत्र में मजबूत जनाधार मिल सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### मतदाता गहन पुनरीक्षण के तहत आरा विधानसभा में गणणा फार्म भरने में भारी लापरवाही पर रोक लगेः क्यामुद्दीन अंसारी

आरा। भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने एक बयान जारी कर कहा है कि मतदाता गहन पुनरीक्षण में आरा विधानसभा के कई बुथो पर भारी गड़बड़ी देखने को मिल रही है.गणणा फार्म भरने में दर्जनों बी एल ओ भारी लापरवाही बरत रहे हैं. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि लगातार हमने आरा विधानसभा के विभिन्न बुथों की गड़बड़ी की सूचना देते रहे हैं आज भी बुथ संख्या 98,बुथ संख्या 132,बुथ संख्या 181,बुथ संख्या 184.की सिकायत की है.आरा नगर के अनाईठ हो या खेताड़ी मुहल्ला, सहित वार्ड 25,26,27,28,30,33.के बी एल ओ की सिकायत आम जनता से मिल रही है. भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने आरा विधानसभा के निवार्ची पदाधिकारी और सह निवार्ची से मांग की है कि इन उपर्युक्त वार्डों और मुहल्ले की जांचो परांत जो हो सके कार्रवाई की जाय जिससे मतदाताओं को उनका गणणा फार्म समय पर जमा हो सके.

### युवती के गायब होने पर परिजनों ने किया मुकदमा दर्ज

शेरघाटी। थाना क्षेत्र के तेतरिया गांव से एक युवती के फरार होने की सूचना पुलिस से पुलिस को दी गई है, इस मामले में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि तेतरिया गांव के रहने वाले दिलचंद साव नामक व्यक्ति ने दिए गए आवेदन के आलोक में कहा है कि मेरी बेटी बीते तीन तारीख से घर से गायब है, जिसका कुछ भी अब तक पता नहीं चल पाया है इधर बेटी के गायब होने के बाद परिजनो को रो रो कर बुरा हाल है, परिजनों का कहना है कि किसी के द्वारा मति मार कर उसे भाग लिया गया है,जोकि काफी पूजा पाठ करती थी और भगवान के भजन करती थी हालांकि इस मामले में पुलिस छानबीन भी कर रही है।

### बारुण के अष्टभुजी मंदिर में मेदांता अस्पताल द्वारा निःशुल्क जांच शिविर का आयोजन

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित ग्राम पंचायत पिपरा के अष्टभुजी मंदिर के प्रांगण में अष्टभुजी महोत्सव आयोजन समिति पिपरा के तत्वाधान में सूर्य राघव मंदिर बड़ेम के अध्यक्ष, महोत्सव रत्न संजीव कुमार सिंह के सौजन्य से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया।जिसमें, भारत के श्रेष्ठ अस्पताल जयप्रभा मेदांता सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के योग्य एवं कुशल चिकित्सकों के द्वारा लगभग 1000 ग्रामीणों का इलाज किया गया।उनके स्वास्थ्य की जांच की गई और उन्हें सलाह देकर दवा की जानकारी दी गई।कार्यक्रम की शुरूआत फीता काटकर मुख्य अतिथि संजीव कुमार सिंह,प्रोफेसर विजय कुमार सिंह,स्थानीय सरपंच नीलम देवी,भाजपा नेता अजीत कुमार सिंह, नीतिश कुमार पांडेय पौथू पंचायत के पूर्व मुखिया संजीव द्विवेदी, पंचायत समिति सदस्य अमरेश सिंह,आनंद कुमार,मुखिया प्रतिनिधि विजय कुमार सिंह, मेदांता के चिकित्सक डॉ राहुल, डॉ प्रिया एवं अन्य लोगों के द्वारा किया गया। डॉ प्रिया एवं डॉ राहुल ने संबोधन के क्रम में बताया कि मानव जीवन में स्वस्थ रहने के लिए समय से इलाज बहुत बड़ी पहलू है।समय रहते यदि जटिल रोग की पहचान कर ली जाए तो उसे पूर्णतया ठीक किया जा सकता है।मुख्य अतिथि प्रोफेसर विजय कुमार सिंह ने कहा कि मेदांता अस्पताल के डॉक्टरों की उपस्थिति होना हमारे पंचायत के लिए गर्व की बात है।

### ग्रामिण विकास मंत्री द्वारा छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया

गया जी।गया जी के परैया में युवा जदयू के द्वारा आयोजित युवा समागम सह छात्र-छात्राएं सम्मान समारोह में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार शामिल हुए. इस कार्यक्रम में मंत्री श्रवण कुमार के अलावे नीतीश पटेल, गया युवा जदयू के अध्यक्ष रामाकांत कुमार उर्फ सतीश पटेल, विधायक मनोरमा देवी समेत कई पटना से आए और जिले के नेता मौजूद थे। इस दौरान युवा समागम समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि यह एक बड़ा आयोजन है, जिसे गया जिला युवा जदयू के द्वारा आयोजित कराया गया है. इसके लिए गया जदयू के युवा के अध्यक्ष रामाकांत कुमार उर्फ सतीश पटेल और मुखिया संगीता देवी को धन्यवाद देते हैं. मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम में हम बताने आए हैं, कि हम लोगों ने बिहार का बड़ा बदलाव किया है. 20 सालों के दौरान बिहार में ऐसे काम किए गए, जो असंभव थे. पुल पुलिया, सड़के, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा सभी गांवों की पहुंच तक लाया है।बिहार आज बदला है।का बिहार और 2005 के पहले का बिहार में आसमान जमीन का फर्क है. मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि हम आग्रह करते हैं, वैसे लोगों से जिनकी उम्र 40, 50, 60, 70 साल की है. ये लोग अपने 2005 के के पहले का बिहार कैसा था,

# समस्याओं के समाधान होने तक जंग जारी : जिलाध्यक्ष

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ, भोजपुर इकाई की बैठक आदर्श मध्य विद्यालय नवादा आरा में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटू एवं संचालन जिला सचिव सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद शौकत अली ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटू ने कहा कि शिक्षकों के साथ सरकार भेदभावपूर्ण नीति अपनाते हुए प्राथमिक से उच्चतर माध्यमिक तक के शिक्षकों को 18 से 20 वर्षों की सेवा के बाद भी प्रोन्नति से वंचित रखा है। मंटू ने कहा कि सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बावजूद विशिष्ट शिक्षकों को सहायक शिक्षक का दर्जा नहीं मिल रहा एवं उनका वेतन निर्धारण नही हो पा रहा है जो अत्यंत निंदनीय है। संचालन कर्ता जिला सचिव सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद शौकत अली ने सरकार से मांग किया कि सभी नियोजित ,विशिष्ट और विद्यालय अध्यापकों को एकीकृत करते हुए 9300-34800 वेतनमान, राज्यकर्मी जैसी सुविधाएं सेवा निरंतरता और प्रोन्नति सुनिश्चित की जाए। जिला उपाध्यक्ष परमेश्वर पासवान एवं जिला कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद ने शनिवार को विद्यालय का समय मध्यान्तर तक करने की मांग की।शिक्षक नेताओं ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा संघ ने की है। इसके तहत 16 जुलाई को जिला पदाधिकारी को मांग पत्र सोपा जाएगा ,19 जुलाई को जिला मुख्यालय में मशाल जुलूस निकाला जाएगा , और 22 जुलाई को पटना के गर्दनीवाग में विधानसभा घेराव किया जाएगा । बैठक में मुख्य रूप से संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटू, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद, उपाध्यक्ष परमेश्वर पासवान, संजय कुमार सिंह, सदाकत हुसैन, सचिव उपेन्द्र कुमार सिंह, प्रखण्ड अध्यक्ष क्रमशः किंग अभिषेक क्षत्रप, सत्येन्द्र दुबे, विजय कुमार, अरुण कुमार सिंह उर्फ गोरखनाथ सिंह, मोहम्मद असलम रजा, निर्भय कुमार सिंह,नन्द किशोर सिंह,राणा जी सिंह, रितेश कुमार,लालबाबू सिंह, सचिव क्रमशः जयप्रकाश ठाकुर, मोहम्मद आफताब अहमद,लालबाबू यादव, विजय सिंह,ओमप्रकाश गुप्ता, हरेन्द्र कुमार,जगदीशपुर महासचिव चन्द्रदेव कुमार सिंह, हरेन्द्र कुमार सिंह सहित दर्जनों शिक्षक प्रतिनिधि मौजूद थे।

## मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग की बड़ी उपलब्धि, लग्जरी कार से भरी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद, एक तस्कर गिरफ्तार



आरा।जिलापदाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के आदेश पर मद्यनिषेध विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।इस क्रम में सहायक आयुक्त मद्यनिषेध श्री रजनीश को गुप्त सूचना मिली की हरियाणा से एक क्रेटा कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब भोजपुर के रास्ते पटना की ओर जा रहा है। सहायक आयुक्त मद्यनिषेध, भोजपुर द्वारा निरीक्षक प्रकाश चंद्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। बक्सर पटना फोर लेन पर दौलतपुर ओवर ब्रिज के पास, (थाना-आरा मुफ्फसिल, जिला-भोजपुर) में एक उजाले की रंग के हुंडई कंपनी की क्रेटा कार की जाँच करने पर कार के अंदर से भारी मात्रा में अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। कार पर निबंधन संख्या अंकित नहीं पाया गया। कार के चालक हंस राज, पे०-ललन प्रसाद, सा०-करंजा, थाना-नौबतपुर, जिला-पटना, बिहार, को गिरफ्तार करते हुए अग्रतर कार्रवाई हेतु न्यायालय को सुपुर्द कर दिया गया है। उक्त वाहन से 500 का 96 पीस जो की 288 पीस मे कुल 192.000 लीटर होता है। जप्त शराब का बाजार मूल्य करीब 04 लाख के करीब आँका गया। जप्त शराब को हरियाणा से पटना ले जाया जा रहा था। छापेमारी दल में निरीक्षक प्रकाश चंद्र, यावर निरीक्षक शिवम कुमार झा, सहायक अवर निरीक्षक श्री राजकुमार राजा, एवं सहायक अवर निरीक्षक श्री रवि कुमार,के साथ साथ मद्यनिषेध सिपाही, सैप और होमगार्ड के जवान सामिल थे।

## छात्रों के बीच नागरिकता कल्याण कार्यक्रम का आयोजन

● प्रयास संस्था द्वारा भी चलाया गया जागरूकता अभियान

प्रात : किरण संवाददाता



रक्सौल। एसएसबी 47 वीं वाहिनी रक्सौल महिला प्लाटून, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम एवं प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण द्वारा उत्क्रमित उच्च विद्यालय हरैया के प्रांगण में स्कूली बच्चे/बच्चियों के बीच नागरिक कल्याण कार्यक्रम एवं मानव व्यापार, बाल यौन शोषण, बाल विवाह के मुद्दों पर जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसएसबी महिला सब इंस्पेक्टर दिव्या शर्मा द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत एस एस बी 47 वीं वाहिनी रक्सौल के तहत भिन्न-भिन्न योजनाओं के बारे में बच्चों और बच्चियों को दिया गया खास कर बच्चों और बच्चियों को शिक्षा से जुड़े रहने की फायदे को समझाया तथा एसएसबी पार्लियामेंट्री फोर्स करने के लिए मनोबल बढ़ाया गया एवं एसएसबी भर्ती और प्रशिक्षण क्रिया के बारे में बताया गया। साथ ही साथ नौकरी की सुरक्षा और कैरियर विकास के बारे में भी समझाया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी द्वारा मानव व्यापार, बाल यौन शोषण, बाल विवाह रोक थाम हेतु बच्चों और बच्चियों जागरुग किया गया और उन्हें किसी भी अंजान व्यक्ति के बहकावे में और झांसे में ना आए, अगर आपको ऐसा लगता है कि कोई बच्चा किसी के बहकावे में आ गया है तो इसकी जानकारी चाइल्ड हेल्प लाइन 1098 व प्रयास संस्था के हेल्प लाइन नंबर 9289692023 पर दे सकते हैं। इस तरह से स्कूली बच्चों और बच्चियों मानव व्यापार, बाल यौन शोषण, बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में जागरुक किया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक जाने आलम द्वारा एसएसबी एवं प्रयास संस्था को समय-समय पर ये कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मंतव्य रखा गया, ताकि ट्रेफिकिंग से बच्चों को बचाया जा सके। धन्यवाद ज्ञापन शिक्षिका नर्गिस खातून द्वारा किया गया। मौके सब इंस्पेक्टर दिव्या शर्मा, सुनीता सिंह, मलेमगंबी, सीमा राई, शिवांगी राज, आर्य लक्ष्मी चंद्रन, प्रयास जुवेनाइल एड सेंटर पूर्वी चम्पारण की जिला परियोजना समन्वयक आरती कुमारी, सामाजिक कार्यकर्ता राज गुप्ता, उमेश कुमार श्रीवास्तव, स्कूल शिक्षक अमरेंद्र कुमार मिश्रा, अजीत प्रियदर्शी, जगजीत कुमार गुप्ता, सान्या बैठा तथा सैकड़ों बच्चे बच्चिया शामिल थे।

## विद्यालय सुरक्षा को लेकर पीएसएसीडब्लूए भोजपुर की बड़ी पहल

● एसपी ने स्कूल परिसरों के बाहर गश्ती की मांग को दी मंजूरी

प्रात : किरण संवाददाता



भोजपुर। भोजपुर जिले में निजी विद्यालयों की सुरक्षा को लेकर आज एक ऐतिहासिक पहल की गई। प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन भोजपुर की अध्यक्ष एवं एस.एन. मेमोरियल स्कूल की संचालिका डॉ. स्मिता सिंह एवं वरीय पदाधिकारी निर्मल , उदय एवं श्री एन.के. पाण्डेय के नेतृत्व में भोजपुर के पुलिस अधीक्षक राज कुमार से भेंट की और विद्यालयों की सुरक्षा, शुल्क विवाद, व प्रशासनिक सहयोग से संबंधित मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर एक लिखित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में समेत अनेक वरिष्ठ सदस्य शामिल रहे। इस बैठक में निजी स्कूलों को आए दिन जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, उन पर गंभीरता से संवाद हुआ – जिनमें शामिल हैंः कुछ अभिभावकों द्वारा विद्यालयों व शिक्षकों पर लगाए जा रहे निराधार आरोप शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार शुल्क अदायगी में देरी के कारण संस्थानों की संचालन में आ रही बाधाएं प्रमुख मांगें इस प्रकार रहींः1.विद्यालय परिसरों के बाहर नियमित पुलिस गश्ती (पेट्रोलिंग) की व्यवस्था की जाए। 2अभिभावकों को समय पर फीस जमा करने के लिए प्रशासनिक दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। 3.विद्यालय प्रबंधन को कानूनी सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि वे अनुचित दबावों से मुक्त होकर कार्य कर सकें। 4.पुलिस एवं प्रशासन के साथ सतत संवाद हेतु एक स्थायी समन्वय तंत्र का निर्माण किया जाए। डॉ. स्मिता सिंह ने कहा, ह्लहमने यह पहल भोजपुर में शिक्षा की गरिमा एवं सुरक्षा को बनाए रखने के लिए की है। विद्यालयों की विश्वसनीयता तभी बनी रह सकती है जब सुरक्षा और सम्मान दोनों सुनिश्चित हों। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री राज कुमार ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना और विद्यालय परिसरों के बाहर नियमित गश्ती की मांग को तुरंत स्वीकृति दी। साथ ही अन्य बिंदुओं पर शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया। इस सकारात्मक आश्वासन पर ढरअउहअ भोजपुर के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रढ महोदय के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. स्मिता सिंह ने कहा, ह्लरढ महोदय की तत्परता ने हम सभी विद्यालय संचालकों को आश्वस्त किया है। आने वाले समय में भोजपुर एक सुरक्षित एवं समरस शैक्षणिक वातावरण की ओर अग्रसर होगा। इस अवसर पर उपस्थित ढरअउहअ के वरिष्ठ सदस्यों में शामिल थेः गिरीश , विनोद , उदय , रंजन , राजेन्द्र , नागेन्द्र , वसी राजन , सुजीत , संजीव , ऋषि सोनू श्रीवास्तव, राजन गुप्ता, राजेन्द्र सिंह, चंद्र भूषण सिंह, नरेंद्र सिंह, अंगद , रजनीश , रजनीश ओझा, धर्मेन्द्र राय, शारदानंद सिंह, अंगद ठाकुर, राकेश ओझा, मिथिलेश ठाकुर, विजेंद्र तिवारी, रविकांत , रब्नवाज एवं अन्य सम्माननीय सदस्यगण।PSACWA भोजपुर की यह पहल निश्चित ही जिले में शिक्षा के माहौल को और अधिक सुरक्षित एवं सकारात्मक बनाएगी। संगठन ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते सभी मांगों पर समुचित कार्यवाही की जाती है तो भोजपुर जिले में निजी शिक्षा क्षेत्र का और अधिक विकास संभव हो सकेगा।

## बिजली कनेक्शन ट्रांसफारमर से नहीं जोड़ने से खेती-किसानी चौपट : क्यामुद्दीन अंसारी

पिरौंटा में किसानों की बैठक में बिजली कनेक्शन ट्रांसफारमर से जोड़ने की मांग उठी



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भाकपा माले राज्य कमेटी सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने एक प्रेस बयान जारी कर बताया कि कल देर रात पिरौंटा गांव में किसानों की एक बैठक संपन्न हुई. जिसमे इस इलाके के खेती-किसानी के चौपट होने पर गहरी चिंता प्रकट की गयी. किसानों का कहना था कि गांव में बिजली के खंभे लगा दिए गए हैं ट्रांसफारमर लग गये है पर बिजली का कनेक्शन नहीं जोड़ने की वजह से पुरे इलाके की खेती -किसानी चौपट हो रही है. किसानों की बैठक को संबोधित करते हुए भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि तेजी से खेती-किसानी का सिजन जा रहा है.वर्षा नहीं होने की वजह से धान के बिचड़े सुख रहे है जिससे किसानों का छाती फट रहा है भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने बिजली विभाग के ए.सी. तथा भोजपुर जिला पदाधिकारी से मांग की है कि पिरौंटा, नागोपुर यादवपुर, महकमपुर बारा, बसंतपुर सहित दर्जनों गांवों में बिजली कनेक्शन ट्रांसफारमर से जोड़ा जाए जिससे आरा प्रखंड के खेती-किसानी को बचाया जा सके.पिरौंटा किसानों की बैठक में सामिल प्रमुख लोगों में जलालुद्दीन अंसारी, मोहन यादव, हरिशंकर साह,मनुपासवान, हिम्मत यादव, अंकुर अहिर सहित कई दर्जन किसान मौजूद थे.

## अध्यात्म मार्ग पर चलकर ही जीवन का कल्याण संभव है : मुनिश्री विशल्य सागर




आरा। श्री दिगंबर जैन चंद्रप्रभु मंदिर में चातुर्मास कर रहे मुनिश्री विशल्य सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में बताया कि अध्यात्म मार्ग पर चलकर ही जीवन का कल्याण संभव है। वैसे तो अध्यात्म का मार्ग सभी के लिए है, अध्यात्म के मार्ग पर कोई भी मनुष्य चल सकता है, अध्यात्म विज्ञान की प्रयोगशाला के समान है इसलिए यह भी यह बताना जरूरी है कि बिना सही मार्ग दर्शन के अध्यात्म के मार्ग पर चलना सही नहीं है। समय के साथ अध्यात्म से जुड़ना भी बहुत जरूरी है। अध्यात्म वो शिक्षा है जिसको पाने के बाद उसकी प्यास बढ़े न की कम हो। यह बात सच है कि समय एक ऐसी गाड़ी के समान है जिसमें रिवर्स गियर या ब्रेक नहीं होते। इसका मतलब है कि समय निरंतर आगे बढ़ता रहता है, और हम उसे वापस नहीं ला सकते या उसे रोकने के लिए कोई ब्रेक नहीं लगा सकते। एक बार समय बीत गया, तो वह चला गया। इसलिए समय रहते अपने जीवन के कल्याण के लिए अध्यात्म से जुड़ना जरूरी है। मीडिया प्रभारी निलेश कुमार जैन ने बताया कि मुनिसंघ के चातुर्मास कलश स्थापना समारोह में भिण्ड (मध्य प्रदेश) से पधारे सैकड़ों की संख्या में मुनिभक्तों ने सोमवार को मुनिश्री का भावपूर्वक पूजन, भक्ति, आराधना कर अपने जीवन को धन्य किया।

## आरा में पकड़े गए बंदरों का नया आशियाना होगा कैमूर का जंगल

नगर निगम द्वारा बंदर पकड़ने का अभियान सातवें दिन रहा जारी



प्रात : किरण संवाददाता

आरा। आरा शहर के नवादा इलाके में नगर निगम द्वारा सोमवार को बंदर पकड़ने का अभियान सातवें दिन जारी रहा। इस दौरान काफी संख्या में बंदरों को पकड़ा गया। नगर निगम की महापौर इंदु देवी ने बताया कि स्थानीय लोगों के निवेदन पर बंदरों को पकड़ने का अभियान नगर निगम द्वारा लगातार चलाए जा रहा है। इस दौरान अब तक सौ से अधिक बंदर पकड़े गए। आज सातवें दिन भी बंदर को पकड़ने का अभियान जारी रहा। इस दौरान कई बंदर पकड़े गए। उन्होंने बताया कि नगर निगम द्वारा पकड़े गए बंदरों को भभुआ (कैमूर) के जंगल में छोड़ा जाएगा। ताकि वे जंगलो में आराम से रह सके। उन्होंने बताया कि बंदरों को पकड़ने का अभियान आगे भी जारी रहेगा। बता दें कि आरा शहर के नवादा, बंधन टोला, करमन टोला, मील रोड, हरी जी हाता समेत अन्य इलाकों में बंदरों के आतंक से लोगों की परेशानियां बढ़ गई है। आलम यह है कि लोगों को अपने घरों में रखे सामानों को बचाने के लिए कई उपाय करने पड़ते हैं।

## पहली सोमवारी पर शिव मंदिरों व देवालयों में उमड़ा आस्था का सैलाब

प्रात : किरण संवाददाता



उदवंतनगर। भगवान शिव को प्रिय सावन माह की पहली सोमवारी पर जिले के शिव मंदिरों व देवालयों में आस्था का शैलाब उमड़ा।सोमवार को सावन के पहली सोमवारी पर शिव भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। श्रद्धालु शिव अराधना में तल्लीन दिखे । सुबह से ही वातावरण में भक्ति गीत गुंजायमान रहा। मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चार सुनाई दिया। चतुर्दिक हर हर महादेव का जयघोष गूंजता रहा। पहली सोमवारी श्रद्धालुओं के लिए इस खास रहा। जिले के तमाम शिव मंदिरों व देवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ महादेव को जलाभिषेक के लिए उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने महादेव का जलाभिषेक किया।भोर होते ही मंदिरों से वैदिक मंत्रोच्चार की ध्वनि सुनाई देने लगी।सावन को लेकर सभी बड़े व छोटे शिव मंदिरों को बिजली बल्बों की लड़ियों से सजाया गया। जिले के प्रसिद्ध सिद्धेश्वर महादेव, पतलेश्वर महादेव, महादेवा महादेव,बाबा लंगटनाथ धाम, कुंडेश्वर महादेव,बहरी महादेव शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं की अधिक भीड़ देखी गई।बाल,वृद्ध,युवा, महिला सभी वर्ग के श्रद्धालु सोमवारी व्रत व शिव पूजन में जुटे दिखे। वातावरण शिव मय दिखा। प्रसिद्ध मंदिरों के आसपास प्रसाद व फूल बेलपत्र के दुकान सजे दिखे। उदवंतनगर के ऐतिहासिक बाबा लंगटनाथ धाम स्थित शिव मंदिर में दूर दूर से हजारों शिव भक्त जलाभिषेक के लिए पहुंचे। सावन महीने का पहली सोमवारी पर बाबा लंगटनाथ धाम शिवमय दिखा। सावन महीने का अंतिम दिन व पहली सोमवारी को लंगटनाथ मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों ने बताया कि सोमवारी पर बाबा लंगटनाथ मंदिर में अधिक भीड़ रही। यहां आने वाले भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखकर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से सभी आवश्यक इंतजाम किए गए थे। सोमवार को अधिकतर महिलाओं व श्रद्धालुओं ने व्रत रखा। मंदिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालु कतार में खड़े रहे। मंदिरों में साज सजावट देखी गई। साफ सफाई का विशेष ख्याल रखा गया। इस मौके पर जगह जगह भजन संध्या, शिव आध्यात्मिक चर्चा सहित हरिनाम संकीर्तन भी आयोजित किए गए।

## मरीजों को सुलभता से मिले एंबुलेंस का लाभ : जिला पदाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

बोतिया (घनश्याम)। जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में सोमवारीय बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में बारी-बारी से सभी पदाधिकारियों एवं अभियंताओं ने विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रहे विभिन्न व्यवधानों से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। जिला पदाधिकारी ने एक-एक कर सभी व्यवधानों को सुना और उसका समुचित निराकरण किया। कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिले सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को सरकार द्वारा देय सभी सुविधाएं ससमय मुहैया कराना सुनिश्चित करें। मरीजों की सुविधा हेतु तैनात एंबुलेंस हर समय तैयार रहे और इसका लाभ मरीजों को सुलभता के साथ मिले, इसे सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि टीबी मुक्त भारत अभियान, दस्त की रोकथाम अभियान, आयुष्मान आरोग्य मंदिर हेतु भूमि की उपलब्धता आदि को लेकर संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर तेजी के साथ कार्य करें और लक्ष्य की प्राप्ति करें। महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र को निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत लंबित आवेदनों को अविलंब निष्पादित कराने की दिशा में कार्रवाई करें। एलडीएम को निर्देश दिया गया कि बैंकर्स के साथ एक बैठक निर्धारित करें। इस बैठक में जिन भी विभागों/कार्यालयों का बैंकर्स के साथ कोई इश्यू हो, वे इस बैठक में भाग लेंगे। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित विद्युत विपत्र का भुगतान करने हेतु विभाग से आवंटन की मांग करें और विपत्र का भुगतान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि जिलास्तरीय जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों पर आवेदकों का पता सहित मोबाईल नंबर भी अंकित हो, इसे सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने लैंड रेवेन्यू का अंचल वाइज, एलआरडीसी वाइज डाटाबेस तैयार करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने जिला कोषागार पदाधिकारी को निर्देशित किया कि लंबित विपत्रों से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## बाढ़ पूर्व तैयारियों को ले की गई समीक्षा बैठक




आरा । जिलाधिकारी भोजपुर तनय सुल्तानिया के निदेर्शानुसार अपर समाहर्ता, भोजपुर के द्वारा बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा हेतु बड़हरा प्रखंड के विभिन्न तटवर्ती क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में गंगा नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि को ध्यान में रखते हुए उन्होंने केशोपुर, मौजमपुर, महुली घाट सहित अन्य संवेदनशील स्थलों का भ्रमण कर स्थिति का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने अंचलाधिकारी को बाढ़ से संबंधित सभी आवश्यक तैयारी ससमय सुनिश्चित करने ,अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सावन की पहली सोमवारी पर छः महीनवा महादेव मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

आरा। सावन का पावन महीना शुरू हो चुका है। सोमवार को सावन की पहली सोमवारी के अवसर पर आरा के चौकीपुर स्थित छः महीनवा महादेव मंदिर में शिव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगे और देर शाम तक मंदिर में भक्तों की आवाजाही बनी रही। महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सभी भक्त जन बड़ी श्रद्धा और आस्था के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक करते नजर आए। मंदिर परिसर ह्लहर हर महादेवह्व और ह्लबोल बमह्व के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। कई भक्तों ने व्रत रखा था और भोलेनाथ के दर्शन कर अपने मनोकामनाओं की पूर्ति की कामना की। सावन के महीने का विशेष महत्व है, विशेषकर सोमवारी का। धार्मिक मान्यता के अनुसार, पहली बार सावन सोमवार का व्रत माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए रखा था। वह कठिन तपस्या में लीन थीं। नारद मुनि ने उन्हें मार्ग बताया कि सावन मास के हर सोमवार को व्रत रखने, शिवलिंग पर जल अर्पित करने और एकाग्र ध्यान करने से मनोकामना पूर्ण होती है। माता पार्वती ने पूरे नियम से यह व्रत किया और अंततः भगवान शिव ने उन्हें अपना जीवनसाथी बना लिया। इसी वजह से यह व्रत आज भी विशेष रूप से अविवाहित कन्याओं के लिए फलदायी माना जाता है। छः महीनवा महादेव मंदिर में आज की सोमवारी को लेकर विशेष तैयारियां की गई थीं। मंदिर की साफ-सफाई, जलाभिषेक की व्यवस्था, लाइन और सुरक्षा की व्यवस्था में अनेक भक्तों ने सेवा दी। सेवा में लगे प्रमुख लोगों में राजदेयाल, कमलेश ब्यास, रामचंद बिहारी पासवान, प्रकाश कुमार, दिनेश, राहुल, राजा, अभिषेक, छोटू, रोहित, विशाल, श्याम भूअन, अमन, जियालाल उर्फ रितेश, छोटू कुमार, बीटू, रंजय, सोनू रंजय पासवान, बिकी कुमार, भोला, मलू, अमरेश कुमार, गोलू, रवि, संजय भगत, आदित्य कुमार, खखनू, अजय पासवान, किरण पासवान, उमाशंकर, ओमप्रकाश पासवान, शनि पासवान, रमेश पासवान, नीरज कुमार, त्रिभुवन, धर्मनाथ कुमार और राजा बाबू ने सक्रिय भागीदारी निभाई। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तों का आना-जाना लगा रहा। हर भक्त ने पूरी श्रद्धा से पूजा-अर्चना की और भगवान शिव से आशीर्वाद प्राप्त किया। सावन की इस पहली सोमवारी ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण से भर दिया और एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। शिवभक्तों का यह उत्साह देखकर स्पष्ट होता है कि आस्था और भक्ति की शक्ति आज भी लोगों के जीवन में गहराई से जुड़ी हुई है। मंदिर प्रशासन ने सभी श्रद्धालुओं को सहयोग प्रदान किया और आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## बाल संरक्षंण के विषयो पर हितधारकों को किया गया प्रशिक्षित

आरा। जिले में बाल संरक्षण से सम्बंधित अधिनियमों, नियमावलियों आदि के प्रमुख प्रावधानों, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओ के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने एवं परिवार आधारित वैकल्पिक देखभाल की महत्ता से प्रतिभागियों को अवगत कराने के उद्देश्य से जिला बाल संरक्षण इकाई भोजपुर एवं संस्था मिरेकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त प्रयास से बाल संरक्षण के विभिन्न हितधारकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय परिषद्, चाइल्ड हेल्प लाइन, विशिष्ट दत्तकग्रहण संस्थान भोजपुर के कर्मियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जिला बाल संरक्षण इकाई भोजपुर के सहायक निदेशक श्री आलोक कुमार गौतम, बाल संरक्षण पदाधिकारी श्री रविशंकर वर्मा, श्री शक्ति कुमार भास्कर एवं संस्था मिरेकल फाउंडेशन ऑफ इंडिया के पदाधिकारी श्री दीपक कुमार, श्री विष्णुदत्त पांडेय एवं डॉक्टर संगीता उपस्थित रही। इस कार्यक्रम की शुरूवात सहायक निदेशक श्री आलोक कुमार गौतम के द्वारा दीप प्रज्वल्लन के साथ हुई। उन्होंने इस मौके पर सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं उनका उत्साहवर्धन करते हुए प्रशिक्षण में प्राप्त सीख को आत्मसात करते हुए अपने कार्यो में लागू करने की सलाह दी।

# नगर निगम में प्रकाश व्यवस्था पर समीक्षा बैठक : पितृपक्ष मेले व शहर की प्रकाश व्यवस्था को लेकर सख्त हुए नगर आयुक्त

●नगर आयुक्त ने लाइटों की मरम्मती में लापरवाही बरतने वाले संवेदक पर 63000 की लगाई पेनाल्टी, जेई से मांगा स्पष्टीकरण

●प्रकाश व्यवस्था से संबंधित शिकायत हेतु कंट्रोल रूम व टोल फ्री नम्बर जारी करने का दिया निर्देश

प्रातः किरण संवाददाता




गयाजी। नगर निगम कार्यालय में सोमवार को नगर आयुक्त कुमार अनुराग की अध्यक्षता में प्रकाश व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक हुई है। आयोजित इस बैठक में पितृपक्ष मेले और शहर के अन्य क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था की समीक्षा की गई है। इस समीक्षा बैठक में पितृपक्ष मेले और शहर के अन्य क्षेत्रों में प्रकाश व्यवस्था की स्थिति पर विस्तृत रूप से चर्चा के बाद कामों में लापरवाही बरतने वाले संबंधित पर नगर आयुक्त सख्त दिखें है।नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने शहर में प्रकाश व्यवस्था की हो रही मेंटेनेंस से संबंधित जेई व संवेदक से पूरे कामों की समीक्षा की गई है। इब समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि मानपुर सिक्स लेन पुल पर लगे 40 लाइट पूरी तरह बंद है। इसके अलावा शहर में एक आकलन के अनुसार लगभग 30 के आस पास हाई मास्क लाइट मेंटेनेंस के अभाव में भी बंद पड़े हैं। पूर्व में, ई ई एस एल द्वारा शहर के सभी लाइटों की मरम्मती की जाती थी। इसके पश्चात, 53 वार्डों को 3 ग्रुप में बांटा गया था और लाइट्स की मरम्मती हेतु निविदा निकाली गई थी। परन्तु, एक हीं संवेदक द्वारा तीनों ग्रुप का निविदा लिया गया था चूंकि इनकी बोली सबसे कम थी। नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि संवेदक को प्रयाप्त समय दिया गया परन्तु इनके कार्य में सुधार प्रदर्शित नहीं हो रही है। आए दिन, लाइट्स की शिकायत प्राप्त हो रही है एवं जिस गति से संवेदक को लाइट्स को सुधारना चाहिए, वह गति यह प्रयाप्त समय मिलने के बावजूद, नहीं कर पा रहे हैं। नगर आयुक्त ने संबंधित संवेदक पर काम में लापरवाही बरतने व स समय 40 स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस न होने को लेकर 36000 पेनाल्टी लगाई है। इसके अलावा 30 हाईमास्क लाइट के मेंटेनेंस अभाव में बंद होने पर 27000 की पेनाल्टी लगाई है। इस प्रकार कार्यों में लापरवाही बरतने पर कुल 63000 रुपए की पेनाल्टी लगाई गई है। इसके साथ संबंधित कनीय अभियंता से भी स्पष्टीकरण मांगा है क्योंकि उनके पास संवेदक के द्वारा किए जा रहे कार्य का पूर्ण विवरण नहीं था। इसपर सख्त निर्देश दिया है कि अबतक शहर में प्रकाश व्यवस्था की मेंटेनेंस अभाव में बंद पड़े लाइटों की आंकलन कर दो दिन के अंदर सभी कामों का रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इस बैठक में नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए कि मेला क्षेत्र और शहर के अन्य हिस्सों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो, ताकि श्रद्धालुओं और नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित संवेदक को सख्त निर्देशित करते हुए कहा कि शहरवासी के शिकायत के लिए लाइटों की मेंटेनेंस को लेकर एक कंट्रोल रूप स्थापित करें, साथ एक टॉल फ्री नम्बर जारी करें, ताकि जिस क्षेत्र में मेंटेनेंस के अभाव में लाइट खराब पड़े हैं, उसे स समय ठीक किया जा सके। अगली बैठक में सभी कार्यों को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया है। इस बैठक में नोडल पदाधिकारी प्रकाश व्यवस्था, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता और संबंधित संवेदक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### इनर व्हील क्लब द्वारा किया गया स्वास्थ्य शिविर का : आयोजन

बोधगया। इनर व्हील क्लब ऑफ बोधगया तथा इनर व्हील क्लब ऑफ गया सिटी के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को चंदौती स्थित रामभजन रिसॉर्ट में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में दिल्ली के प्रसिद्ध अपोलो और मेदांता अस्पताल के वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. डी. एम. प्रसाद ने लोगो की स्वास्थ्य जांच की तथा कई महत्वपूर्ण सुझाव दीये है। इस कार्यक्रम की शुरूआत में इनरव्हील क्लब ऑफ बोधगया की प्रेसिडेंट प्रो. (डॉ) वीणा पाठक तथा इनरव्हील क्लब ऑफ गया सिटी की प्रेसिडेंट सीमा भवानी ने डॉ. प्रसाद को प्रतीक चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया हुइस निः शुल्क शिविर में स्थानीय लोगो की अच्छी भीड़ जुटी और उनलोगों शिविर का भरपूर लाभ उठाया है। इस अवसर इनरव्हील क्लब ऑफ बोधगया की सेक्रेटरी डॉ. अर्चना कुमारी,सरिता वर्मा, सुषमा प्रसाद, हर्षा सिन्हा, गोपा सिन्हा, रीना प्रसाद, खुशबू, रीमा देवी सहित इनरव्हील क्लब ऑफ गया सिटी की सेक्रेटरी मन्दाकिनी सहित सभी क्लब सदस्य मौजूद थीं।

### रेलवे सुरक्षा बल ने मोबाइल फोन चोरी के दो आरोपी को पकड़ा

गया रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा ऑपरेशन यात्री सुरक्षा के तहत कार्रवाई की है। आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक बनारसी यादव ने बताया कि इस ऑपरेशन में, 27 वर्षीय अमित कुमार नामक व्यक्ति को दो चोरी किए गए मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया है। ये मोबाइल फोन रियलमी कंपनी के हैं और इनकी अनुमानित कीमत 22,000 रुपये है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने पूछताछ में बताया कि उसने रेलवे परिसर से रेल यात्रियों से दोनों मोबाइल फोन चोरी किए थे। उसके खिलाफ रेलवे पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है। ऐसी घटनाएं अक्सर रेलवे स्टेशनों पर होती रहती हैं, जहां चोर यात्रियों के सामान को निशाना बनाते हैं। लेकिन रेलवे सुरक्षा बल की सक्रियता के कारण ऐसे अपराधियों को पकड़ने में मदद मिलती है। गया रेलवे स्टेशन पर हुई इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि रेलवे सुरक्षा बल यात्रियों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है

### एनईपी पर आयोजित क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

बोधगया। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के केंद्रीय मन्नुलाल पुस्तकालय सभागार में ह्लराष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020ह्व पर केंद्रित संवादात्मक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रकोष्ठ एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में हुआ है। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 100 से अधिक विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता के अंत में परिणाम घोषित किए गए, जिसमें सुलभ समूह के चंदन कुमार, मनोज कुमार, प्रिंस अमन और अभिषेक कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# प्रशासन के सामने बाल मजदूर काम कर रहे फिर भी प्रशासन चुप

प्रातः किरण संवाददाता

अरवल सदर। जहां एक तरफ बाल मजदूर को रोकथाम के लिए श्रम विभाग अभियान चलाकर बच्चों को बाल मजदूर से छुड़ाने का काम कर रही है वहीं अरवल के कोर्ट परिसर में ही छोटे-छोटे बच्चे ट्रैक्टर चला कर मिट्टी एवं बालू से भरा ट्रैक्टर को सैकड़ो वकील एवं पुलिस के नजर के सामने से गुजर रहे हैं श्रम विभाग एवं विकास पथ विक्रम बाल मजदूर मुक्त जिला बनाने के लिए हमेशा लगातार अभियान चला रहे हैं फिर भी निर्भीक होकर बाल मजदूर से काम करवाया जा रहा है ऐसा माना जा रहा है जैसे की बाल मजदूर के लिए कोई कानून ही नहीं है जिस तरह बेखौफ छोटे-छोटे बच्चों से काम लिए जा रहे हैं वैसे काम करवाने वाले व्यक्ति को सरकार के द्वारा निर्धारित की गई फाइल को दोगुना किया जाए तभी वैसे व्यक्ति को डर लगेगा काम कर रहे है बच्चे सब पूछने के बाद बच्चों ने बताया डर किस बात की पुलिस प्रशासन के सामने तो कम कर रहे हैं बाल मजदूर को रोकने के लिए श्रम विभाग के द्वारा धावा दल निकल कर हमेशा अभियान चलाया जा रहा है एवं जागरूक किया जा रहा है एवं विकास पथ विक्रम लगातार धावा दल में अहम भूमिका निभा रही है कई बार धावा दल के माध्यम से बच्चों को रेस्क्यू भी करने का कोशिश किया गया परंतु कहीं के थाना के ड्राइवर के द्वारा एवं चौकीदार के द्वारा दुकानदार को जाकर सचेत कर दिया जाता है

# सचई गांव में बरकरार है पेयजल संकट, बूंद बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण

प्रातः किरण संवाददाता



कुर्था (अरवल) स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के सचई पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या 11 के ग्रामीण इन दिनों पेयजल संकट से जूझ रहे हैं बिगत 10 दिनों से राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना में शामिल हर घर नल जल योजना भी लोगों को काफी परेशान कर रखा है 10 दिन से लोगों को नल जल योजना के तहत भी पानी में मयसर नहीं हो सका है मजबूरन लोगों को दूसरे के घरों में पेयजल के लिए घूमना पड़ रहा है इस संबंध में सचई पंचायत के वार्ड संख्या 11 के ग्रामीण संजय मिश्रा सोनू कुमार, नागेंद्र मिश्रा, पूजा देवी विभा मिश्रा समेत कई ग्रामीणों ने बताया कि विगत 10 दिनों से हम लोगों के यहां नल जल योजना के तहत पानी नहीं मिल रहा है जिसके वजह से हम लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे हैं पीने के पानी के लिए लोगों के घरों में दस्तक देने पड़ रहे हैं जहां काफी मन्नते के बाद लोगों के द्वारा पानी मुहैया कराई जा रही है वहीं उन्होंने राज्य सरकार के प्रति नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि एक तरफ राज्य सरकार के महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल योजना को लेकर राज्य सरकार ढिंढोरा पीट रही है तो दूसरी तरफ पीएचडी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही एवं गैर जिम्मेदाराना हरकत के वजह से हम लोगों को विगत 10 दिनों से पीने का पानी मुहैया नहीं हो पा रही है जिसके वजह से आम जनों को कई प्रकार की समस्याएं झेलनी पड़ रही है वहीं ग्रामीणों ने बताया कि समय रहते अगर हम लोगों को नल जल योजना के तहत पानी नहीं मुहैया कराई गई तो मजबूरन होकर हम लोग सड़क पर उतरने को बाध्य हो जाएंगे।

# ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल में दो हजार युवा युवितयों को रोजगार मुहैया कराई गई



गया जी। जहा एक तरफ केन्द्र सरकार कल गया जी मे रोजगार मुहैया कराई,आज वही मनीष कुमार कश्यप एवं डा बी डी शर्मा ने गया शहर के ज्ञान भारती वर्ल्ड स्कूल में मगध प्रमंडल के बेरोजगार युवाओं का पुरा स्कूल परिसर और इंटरव्यू सेंटर भरा हुआ था।इस रोजगार मेले का उद्घाटन कर्ता सौरभ शर्मा उर्फ सोनू के साथ।मनीष कश्यप ने अपने प्रयास से इस मेले में निजी कंपनियों को बुलाया था। जिसमें टाटा मोटर्स,फिल्पकार्ट , उत्कर्ष बैंक, जैसे दर्जनों कंपनी ने आकर तिन हजार से उपर युव युवतियों का इंटरव्यू और भाइंमा लेकर दो हजार युवाओं को रोजगार दिया गया और बचे हुए लोगों को फोन के माध्यम से सुचना दीया जाएगा। इस रोजगार मेले कि सफलता के लिए डा बी डी शर्मा, अंकित सिर्फ, सचिन ठाकुर, दिवाकर पाण्डेय, विवेक दुबे,पवन मिश्रा, अवकाश शर्मा, रजनीश राय काफी संख्या में युवतियों भी शामिल थी ।

# पीएम सूर्यघर बिजली योजना से आपके सपनों को साकार करने में जुटा टैलीशिया एनर्जीज

●सोलर पावर के जरिए मुफ्त और स्वच्छ बिजली प्रदान करने में अहम भूमिका निभा रही है- टैलीशिया एनर्जीज

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। भारत सरकार की ह्लपीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनाह्व ने देशभर में ऊर्जा क्रांति की नींव रखी है। इस योजना का मकसद है आम नागरिकों को सोलर पावर के जरिए मुफ्त और स्वच्छ बिजली प्रदान करना - और इसमें अहम भूमिका निभा रही है टैलीशिया एनर्जीज। यह बातें शनिवार को गया स्थित कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए टैलीशिया एनर्जीज के निदेशक दीपक कुमार ने कहा है कि पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत टैलीशिया एनर्जीज लोगों को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। यह कंपनी भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड राष्ट्रीय स्तर के आधा दर्जन वेंडर्स में एक है। क्या है पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई यह योजना भारत के हर घर तक सौर ऊर्जा पहुँचाने की एक दूरदर्शी पहल है। इसका मुख्य उद्देश्य हैः घरेलू बिजली खर्च को कम करना है। ग्रामीण और शहरी इलाकों में ऊर्जा आत्मनिर्भरता बढ़ाना है। सौर ऊर्जा को लोकप्रिय बनाना पर्यावरण को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाना है। सरकार इस योजना के तहत सब्सिडी और वित्तीय सहायता भी देती है, जिससे आम लोग बिना बड़ी पूंजी लगाए अपने घरों की छतों पर सोलर पैनल लगवा सकें। टैलीशिया एनर्जीजः सोलर ड्रीम्स को बना रहा है रियलिटी टैलीशिया एनर्जीज ने खुद को इस राष्ट्रीय पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना लिया है। यह कंपनी पीएम सूर्यघर योजना के अंतर्गत लोगों को न केवल किफायती सोलर पैनल सिस्टम मुहैया करा रही है, बल्कि पूरी प्रक्रिया को बेहद आसान भी बना रही है। सरल प्रक्रिया, शानदार सपोर्ट टैलीशिया एनर्जीज घर बैठे फॉर्म भरने, तकनीकी सर्वे, इंस्टॉलेशन और सब्सिडी क्लेम तक हर स्टेप में सपोर्ट देता है। आप बस संपर्क करें : बाकी काम उनका है! प्रमाणित तकनीक और भरोसेमंद सेवा इनकी सोलर सिस्टम यूनिट्स मनेस्ट्री ओफ न्यू एण्ड एण्ड रीनेएबल इनर्जी द्वारा अप्रूव्ड हैं, जो इन्हें गुणवत्ता और सुरक्षा के मामले में सबसे आगे रखता है। क्या फायदा है ग्राहकों को? 0 बिजली बिल की तरफ कदम सरकार की सब्सिडी से लागत में भारी कटौती 25 साल की वारंटी वाले पैनल रिटर्न ओफ इंनभेस्मेंट सिर्फ 4-5 साल में ग्रीन एनर्जी से पर्यावरण में योगदान अब आपका नंबर है : सोलर अपनाएं, सेविंग्स बढ़ाएं अगर आप भी सोच रहे हैं अपने घर को बिजली बिलों से मुक्त करने का, तो टैलीशिया एनर्जीज आपके सपनों को साकार करने में आपका भरोसेमंद साथी बन सकता है।

# हमारा उद्देश्य है कि वार्डों व हरेक टोलों के लोगों को यह समझाना है कि उनका एक वोट कितना कीमती है: राजू वर्णवाल

गया जी। गयाजी महानगर जदयू द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से आज छठा दिन भी जिलाध्यक्ष महानगर जदयू गयाजी राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल , शहर के स्थानीय प्रबुद्ध व बुद्धिजीवियों एवं जदयू के समर्पित सैकड़ों कार्यकताओं के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गयी, प्रभात फेरी गयाजी, चाँद-चौरा से प्रारंभ होकर शाहमीर तकिया, नवागढ़ी, नई सड़क स्थित नीरज वर्मा के आवास पर चाय पे चर्चा व मुख्यमंत्री की कल्याणकारी योजनाओं पर संवाद के साथ, विभिन्न टोलों और वार्डों में भ्रमण करने के दौरान बरनवाल ने कहा कि हमारा उद्देश्य सिर्फ प्रभात फेरी निकालना नहीं, बल्कि प्रत्येक वार्डों व हरेक टोलों के लोगों को यह समझाना है कि उनका एक वोट कितना कीमती है। बीएलओ को पुनरीक्षण फॉर्म भरकर अवश्य रूप से जमा करवाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग खासकर अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाएं और लोकतंत्र को मजबूत करें। जदयू हमेशा से सामाजिक न्याय और लोकतांत्रिक भागीदारी के लिए प्रतिबद्ध रहा है। जगह-जगह स्थानीय लोगों ने प्रभात फेरी का स्वागत किया और इसकी सराहना की है। प्रभात फेरी के माध्यम से जदयू महानगर ने यह संदेश देने की कोशिश की कि हर नागरिक का वोट देश और राज्य के लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नुकसानदायक हो सकती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में हम लोकतंत्र को और मजबूत करने के लिए यह अभियान चला रहे हैं, ताकि कोई भी नागरिक मतदाता पुनरीक्षण से वंचित न रह जाए। उन्होंने जदयू कार्यकताओं से 26 जुलाई तक प्रत्येक बूथ पर सक्रिय रहकर जनसंपर्क और मतदाता सत्यापन में सहयोग करने की अपील की है प्रभात फेरी में संगठन प्रभारी श अरमान उर्फ गुड्डू ,लालजी प्रसाद ,नीरज वर्मा डॉ सुनील , दिवाकर और पुट्टू , नीरज , प्रभात राउत, संजय कुमार सिन्हा उर्फ संजू, राजकुमार साह,कन्हैया लाल ढोकड़ी, सुबोध ,मिंता देवी,अनिल पटेल , गोपाल प्रसाद,अमर चंद्रवंशी,छोटू , महेंद्र ,अर्जुन राम,मानिकचंद गुप्ता , बमबम चंद्रवंशी , अरुण दास, सहित सैकड़ों की संख्या में लोगों की मौजूदगी दर्ज की गई है।

# महान स्वतंत्रता सेनानी अनुग्रह बाबू को भारत रत्न देने की मांग



औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के महाराणा प्रताप चौक के समीप स्थानीय बुद्धिजीवियों समाजसेवी,साहित्यकारों की की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।सिद्ध पीठ के पीठाधीश्वर शिव शिष्य पुरुषोत्तम पाठक के नेतृत्व में भारत माता के अमर सपूत बिहार विभूति अनुग्रह नारायण सिंहा जी को सर्वोच्च असैनिक सम्मान भारत रत्न देने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिह , समकालीन जवाबदेही पत्रिका के प्रधान संपादक डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, प्रमंडलीय शिक्षक संघ के नेता रामभजन सिंह,अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ शिवपूजन सिंह,कवि लवकुश प्रसाद सिंह, अलख देव सिंह,राम सुरेश सिंह,अशोक कुमार सिंह,नारायण सिंह,रिटायर्ड डीएसपी उदय प्रताप सिंह, योगेंद्र सिंह,अर्जुन प्रसाद सिंह, योगेंद्र कुमार सिंह रामविलास सिंह, सहित अन्य लोगों ने एक स्वर में मांग किया कि अनुग्रह बाबू को भारत रत्न अवश्य मिलना चाहिए क्योंकि,आजादी की लड़ाई में अनुग्रह बाबू की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। चंपारण सत्याग्रह में बिहार में गांधी जी को बुलाकर उन्होंने इसकी शुरूआत कराई थी चंपारण सत्याग्रह ही आजादी के लड़ाई की पृष्ठभूमि बनी और महात्मा गांधी एवं अनुग्रह के सत्याग्रह के कारण देश आजाद हो सका। आजादी के बाद जब बिहार में सरकार का गठन हुआ तो वे प्रथम उपमुख्यमंत्री बनाए गए।अपने कार्यकाल में आधुनिक बिहार के नवनिर्माण में उल्लेखनीय भूमिका निभाई।

# दानिका द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

प्रातः किरण संवाददाता




औरंगाबाद। जिला मुख्य औरंगाबाद के क्लब रोड के समीप दुर्गा मंदिर के प्रांगण में दानिका संगीत महाविद्यालय के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा सप्ताह के निमित गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाई गई।माता सरस्वती के वंदना के साथ दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ औरंगाबाद विधानसभा के लोकप्रिय विधायक आनंद शंकर सिंह,हम पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सुनील कुमार चौबे,आदि गंगा पुनपुन महोत्सव के संस्थापक देवबली सिंह,वरीय अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी,प्रसिद्ध लोक गायक शिवनंदन प्रसाद,दानिका के डायरेक्टर डॉ रविंद्र कुमार द्वारा किया गया। संचालन की जिम्मेवारी संगीत शिक्षक मास्टर विकास एवं मोहम्मद अनवर ने निर्वहन किया। संबोधन के क्रम में मुख्य अतिथि आनंद शंकर सिंह ने कहा कि संगीत के क्षेत्र में दानिका किसी परिचय का मोहताज नहीं है। संगीत एक ऐसी विधा है जो जनमानस को जोड़ने का काम करती है। आपसी समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देने में इस विधा का महत्वपूर्ण योगदान है। दानिका के विद्यार्थियों ने अपने गुरुदेव डॉ रविंद्र कुमार को गुरु चरण वंदना के साथ उनका पूजन अर्चन किया।उनके माथे पर तिलक लगाकर उनके दीघार्यु होने की कामना की। डॉ रविंद्र कुमार ने अपने शिष्यों को संदेश देते हुए कहा कि जो व्यक्ति गुरु के सान्निध्य में रहकर अपनी जीवन शैली को सुचारू रूप से संचालन करते हैं उनका जीवन सफल माना जाता है। गुरु की बातों को स्वीकार कर अपने जीवन में उतारते हैं तो उनका जीवन सफल होता है वे जीवन संघर्ष में सफल हो जाते हैं। विधायक प्रतिनिधि प्रदीप कुमार सिंह,हम पार्टी के जिलाध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह,छात्र हम पार्टी के राहुल कुमार सिंह, कुमार ब्रजेश,ओम प्रकाश पांडेय,प्रियदर्शी किशोर श्रीवास्तव जयकिशन जी, उज्जवल बाबा,अशोक पांडेय,डॉ चंद्रदीप राम,दिनेश राम,गायक अमित कुमार सिंह,सनोज सागर,सुरेश विद्यार्थी के गरिमामई उपस्थिति में सभी अतिथियों को अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में दानिका परिवार के सभी विद्यार्थियों ने एक से एक बढ़कर गीत संगीत की प्रस्तुति दी।गुरु के प्रति निष्ठा भक्तिपूर्ण संगीत से सभी लोगों को भाव विह्वल कर दिया।

# मानिश ने मां तारा से बिहार की जनता से एकजुट होकर बिहार के विकास के लिए की प्रार्थना



गया जी। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने आज बंगाल स्थित मां तारा पीठ पहुंचकर मां तारा का विधिवत पूजन-अर्चन एवं दर्शन किया है। उन्होंने बिहार वासियों एवं विशेष रूप से गया जिले के निवासियों की सुख, समृद्धि, शांति और निरोग जीवन के लिए मां तारा से प्रार्थना की है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि मां तारा आदि शक्ति का स्वरूप हैं, जो अपने भक्तों की हर पीड़ा का अंत करती हैं और उन्हें आध्यात्मिक शक्ति के साथ सामाजिक बल भी प्रदान करती हैं।इस मौके पर डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि आज भारत वैश्विक स्तर पर एक मजबूत राष्ट्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने मां तारा से प्रार्थना की कि प्रधानमंत्री मोदी को दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त हो, ताकि उनका नेतृत्व देश को और अधिक प्रगति की दिशा में ले जा सके। डॉ. मिश्रा ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते हुए जल्द ही विकसित भारत और विश्व गुरुह्व के स्वप्न को साकार करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा की नीतियां और शासन प्रणाली आम जनता के कल्याण के लिए समर्पित है, और मां तारा का आशीर्वाद इस मार्ग को और अधिक सशक्त बनाएगा। उन्होंने अंत में बिहार की जनता से एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करने का आह्वान किया है।

# वार्ड सदस्य महासंघ के बैनर तले एक विशाल धरना प्रदर्शन किया गया

●वार्ड सदस्यों के हक की लड़ाई जारी रहेगा : मनोज



अरवल। वार्ड सदस्य महासंघ के संरक्षक रेल आंदोलन के सूत्रधार मनोज सिंह यादव के नेतृत्व में अरवल जिला मुख्यालय में विशाल धरना, प्रदर्शन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मनीष पासवान एवं संचालन प्रखंड अध्यक्ष इंदल सिंह ने किया, अरवल जिला मुख्यालय के प्रखंड परिसर बाबासाहेब अंबेडकर प्रतिमा स्थल पर सोमवार को जिला वार्ड सदस्य महासंघ के बैनर तले एक विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस धरना में जिले के विभिन्न पंचायतों से सैकड़ों की संख्या में वार्ड सदस्य शामिल हुए। प्रदर्शन का नेतृत्व महासंघ के संरक्षक मनोज सिंह यादव ने किया, धरना का मुख्य उद्देश्य पंचायती राज विभाग द्वारा जारी संविधान संकल्पों और आदेशों के अनुपालन में हो रही लापरवाही के खिलाफ आवाज उठाना था। वार्ड सदस्यों ने आरोप लगाया कि विगत दो वर्षों से पंचायत सचिव और प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी द्वारा विभागीय संकल्पों की अनदेखी की जा रही है, जिससे उनके अधिकारों का हनन हो रहा है और विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है। 15वें वित्त आयोग की राशि में अनियमितता का आरोप प्रदर्शन में यह स्पष्ट रूप से कहा गया कि अपर मुख्य सचिव पंचायती राज विभाग, बिहार सरकार द्वारा दिनांक 22 जून 2021 को जारी संकल्प संख्या 2935 के अनुसार 15वें वित्त आयोग की राशि में से वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के खातों में प्रतिमाह 4000 की दर से राशि हस्तांतरित होनी थी, जो अब तक अधिकांश पंचायतों में नहीं की गई। इसके साथ ही 2000 मासिक मानदेय और 24000 सालाना जल योजना के लिए भी निधि सीधे खातों में भेजने का आदेश था, जिसका पालन आज तक नहीं किया गया। गली-नाली योजनाओं में घोर लापरवाही मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अंतर्गत गली-नाली पक्कीकरण कार्यों में वार्ड सभा की सहमति की अनदेखी कर योजनाएं पास कर दी जा रही हैं। वार्ड सदस्यों ने कहा कि यह न सिर्फ जनता के साथ धोखा है बल्कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन भी है। स्थाई समितियों का गठन नहीं, जानकारी का अभाव धरना में यह भी मांग उठी कि ग्राम पंचायतों की छह स्थायी समितियों का गठन आज तक नहीं किया गया है और वार्ड सदस्यों को इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। इससे वे अपने दायित्वों का निर्वहन करने में असमर्थ हैं। भ्रष्टाचार रोकने को उठाई तकनीकी निगरानी की मांग महासंघ ने ग्राम सभा एवं पंचायत कार्यकारिणी की बैठकों की वीडियोग्राफी अनिवार्य करने, इलेक्ट्रॉनिक बायोमेट्रिक उपस्थिति और उसी दिन पोर्टल पर प्रस्ताव अपलोड करने की भी मांग की, ताकि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। भत्ता, सुरक्षा और पेंशन की भी उठी मांग, निवर्तमान और वर्तमान वार्ड सदस्यों के लंबित भत्ते के शीघ्र भुगतान की मांग के साथ-साथ उन्हें शस्त्र लाइसेंस देने, सामान्य मृत्यु पर 10 लाख और आपराधिक घटनाओं पर 25 लाख मुआवजा तथा विशेष न्यायालय गठन की भी मांग की गई।

### डीएम ने बिहार पुलिस के सिपाही भर्ती परीक्षा मे प्रतिनियुक्ति को ले दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ की संयुक्त ब्रीफिंग

आरा। जिला दंडाधिकारी-सह- जिला पदाधिकारी भोजपुर एवं पुलिस अधीक्षक भोजपुर के द्वारा बिहार पुलिस के सिपाही भर्ती परीक्षा मे प्रतिनियुक्ति दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ संयुक्त ब्रीफिंग की गई। बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की वाहिनियों में सिपाही पद पर नियुक्ति हेतु भोजपुर जिला अंतर्गत कुल 24 परीक्षा केंद्रो पर लिखित परीक्षा कल बुधवार एवं 20 जुलाई रविवार को एकल पाली में निर्धारित है। स्वच्छ, निष्पक्ष एवं कदाचार मुक्त परीक्षा के सफल आयोजन हेतु 84 दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में 9:30 बजे पूर्वाह्न से 10:30 बजे पूर्वाह्न तक प्रवेश की अनुमति दिए जाने तथा समय अवधि समाप्त होने के पश्चात प्रवेश की अनुमति नहीं दिए जाने का निर्देश दिया। साथ ही परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा केंद्र छोड़ने की अनुमति नहीं दिए जाने कहां गया।

# जन वितरण विक्रेताओं के लंबित 8 सूत्री मांगों को लेकर विधानसभा घेराव करने की मांग

प्रातः किरण संवाददाता

गया जी। फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन बिहार प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष सचितानंद तिवारी के अध्यक्षता में पटना के गांधी मैदान स्थित आई एम ए हाल में बिहार प्रदेश के पदाधिकारीयों एवं कार्य समिति के सदस्यों तथा संपूर्ण बिहार के जिला अध्यक्षों सचिवों एवं सभी प्रखंडों को प्रखंड अध्यक्षों सचिवो सक्रिय जन वितरण विक्रेताओं का एकदिवसीय सम्मेलन एवं बैठक किया गया बैठक में सरकार के समक्ष जन वितरण विक्रेताओं की लंबित आठ सूत्री मांगों में जन वितरण विक्रेताओं को 30000 रुपया प्रतिमाह मानदेय देने ,अगस्त माह के शत प्रतिशत लाभुकों के बीच वितरण हेतु अतिरिक्त आवंटन करने, अनुकंपा पूर्व के भाती लागू करने और उम्र सीमा समाप्त करने , केंद्र सरकार के आदेश के आलोक में स्टॉक और वितरण पंजी रखने एवं लिखने की व्यवस्था को समाप्त करने एवं विक्रेताओं के आठ माह से बाकी कमीशन मार्जिन मनी भुगतान करने की प्रक्रिया को सरल करने की मांग की की गई एवं अन्य लंबित मांगों को भी प्रमुखता से उठाया गया इन सारी मांगों को यदि सरकार पूरी नहीं करती है तो वाध्य होकर चरण बद्ध तरीका से प्रखंड स्तर से जिला स्तर तक आंदोलन करने का निर्णय लिया गया है इस बैठक का संचालन बिहार प्रदेश के महामंत्री वरुण कुमार सिंह के द्वारा किया गया जिसमें गया जिला के जिला अध्यक्ष सह बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह ,जिला महामंत्री डॉ विजय कुमार यादव ,जिला उपाध्यक्ष रमाकांत सिंह, वजीरगंज प्रखंड अध्यक्ष शिवनाथ सिंह चंद्रवंशी, कैलेंदर कुमार सिंह सचिव ,गोपाल पासवान, सुबोध दास, केदार दास ,अखिलेश सिंह विजय कुशवाहा, नरेश यादव ,गिरीश सिंह आदि सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष एवं सक्रिय विक्रेतागण की उपस्थिति में एक दिवसीय सम्मेलन एवं बैठक किया गया जिसमें सर्व समिति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि बिहार प्रदेश के सभी पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्यों को आगामी सत्र 2025 26 के लिए स्वीकृति प्रदान किया गया साथ ही साथ वार्षिक लेखा जोखा प्रदेश महामंत्री वरुण कुमार सिंह के द्वारा पेश किया गया जिसको सर्व समिति से पारित करते हुए आगामी सत्र के लिए कार्य समिति सदस्यों को रखने का पूर्वक प्रस्ताव पारित किया गया साथ ही साथ महामंत्री के द्वारा अगर कोई संगठन के विस्तार में नाम शामिल करना चाहेंगे तो अपने स्तर से एवं अपने विवेक से निर्णय लेने हेतु अधिकृत किया गया साथ ही साथ यह भी प्रस्ताव पारित किया गया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अड़ियल रवैया के कारण जन वितरण विक्रेताओं के लंबित 8 सूत्री मांगों में जन वितरण विक्रेताओं मांगों को आज तक पूर्ति नहीं करने की स्थिति में यह निर्णय लिया गया कि आगामी विधानसभा के चालू सत्र के दौरान 22 जुलाई 2025 को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं विधानसभा के घेराव करने का भी निर्णय लिया गया और मुख्यमंत्री के नाम से एक ज्ञापन जन वितरण विक्रेताओं की मांग से संबंधित समर्पित किया जाएगा और जब तक हमारी मांगों को पूरा करने का आश्वासन एवं भरोसा मुख्यमंत्री के द्वारा नहीं दिया जाएगा तब तक आंदोलन जारी रखने का निर्णय लिया गया जिसमें गया जिला के सत प्रतिशत विक्रेता भाग लेंगेजो चरण तरीका से प्रखंड स्तर से जिला स्तर पर चलाया जाएगा और जरूरत पड़ने पर विक्रेताओं के मांग को अनदेखी करने की स्थिति में आगामी विधानसभा के चुनाव में सरकार के विरोध में बिहार के 55000 जन वितरण विक्रेता अपना-अपना मत को वैसे राजनीतिक पार्टियों को देगा जो जन वितरण विक्रेताओं के हित में एवं अपने मांग पत्रों में हमारी मांगों को प्रमुखता से उठाने का एवं दिलाने का भरोसा दिलाएंगे उनके साथ बिहार के 55000 जन वितरण विक्रेता एवं उनके आश्रित सभी परिवार के सदस्य एकमत होकर हर स्थिति प्रस्थिति में उनके साथ रहेंगे और सरकार के विरोध में आवाज को बुलंद करते रहे है।




# अब फंड जुटाने की तैयारी

- **रॉकेट सा उड़ा अनिल अंबानी का शेयर**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी के मालिकाना हक वाली कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में सोमवार को तूफानी तेजी आई है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर सोमवार को क्ष्स्थ में करीब 5 पर्सेंट के उछाल के साथ 396 रुपये पर पहुंच गए हैं। रेटिंग के मोर्चे पर अच्छी खबर और फंड जुटाने को लेकर होने वाली मीटिंग से रिलायंस इंफ्रा के शेयरों को तगड़ा बूस्ट मिला है। पिछले दो महीने में अनिल अंबानी की इस कंपनी के शेयर 45 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 425 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 169.75 रुपये है।



फंड जुटाने को लेकर 16 जुलाई को मीटिंग-रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर फंड जुटाने की तैयारी में है। अनिल अंबानी की फ्लैगशिप कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बुधवार 16 जुलाई 2025 को बैठक होनी है। इस मीटिंग में इक्विटी शेयरों/इक्विटी लिंक्ड सिक्योरिटीज के इश्यू, क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट या किसी दूसरे तरीके या फिर नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स के जरिए लॉन्ग टर्म रिसोर्सेज जुटाने पर विचार और उसे मंजूरी दी जाएगी।

कंपनी की रेटिंग हुई अपग्रेड- रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर की क्रेडिट रेटिंग में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। कंपनी की क्रेडिट रेटिंग तीन पायदान अपग्रेड हुई है। कंपनी के क्रेडिट प्रोफाइल में भी अच्छा सुधार आया है।

### 5 साल में शेयरों में 1100 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी

अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के शेयरों में पिछले पांच साल में 1100 पर्सेंट से अधिक का उछाल आया है। रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयर 17 जुलाई 2020 को 32.30 रुपये पर थे।

कंपनी के शेयर 14 जुलाई 2025 को 396 रुपये पर जा पहुंचे हैं। पिछले चार साल में रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में 388 पर्सेंट से ज्यादा की तेजी आई है। पिछले 3 साल में कंपनी के शेयर 293 पर्सेंट चढ़ गए हैं। अगर पिछले एक साल की बात करें तो रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर के शेयरों में 100 पर्सेंट से अधिक की तेजी आई है।

# त्योहारी सीजन में जॉब्स की बहार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत में त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ ही नौकरियों का बाजार भी गर्म होने लगा है। कंपनियां इस साल पिछले साल के मुकाबले 20-25 प्रतिशत ज्यादा कर्मचारियों की भर्ती की योजना बना रही हैं। ज्यादातर भर्तियां अस्थायी (टेम्परेरी) होंगी लेकिन इनसे हजारों युवाओं को रोजगार के मौके मिलेंगे।

### ई-कॉमर्स सेक्टर बना हायरिंग का केंद्र

एक प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनी अकेले 75,000 से ज्यादा लोगों को काम पर रखने की तैयारी में है। ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स सेक्टर में 30-35 प्रतिशत तक हायरिंग बढ़ने का अनुमान है। खुदरा, कंज्यूमर गुड्स, होटल और टूरिज्म सेक्टर भी इसमें पीछे नहीं हैं। सैमसंग, शाओमी, ओप्पो, वीवो, हायर और गोदरेज जैसी कंपनियां भी अपने रिटेल स्टोर्स पर अधिक स्टाफ रखने की तैयारी कर रही हैं।




### गिग वर्कर्स की डिमांड में उछाल

इस साल भारत में गिग वर्कर्स यानी प्रोजेक्ट आधारित काम करने वालों की संख्या 1.1 करोड़ के पार जा सकती है। क्विक कॉमर्स में 35-40 प्रतिशत और ई-कॉमर्स में 25-30 प्रतिशत हायरिंग बढ़ सकती है। गिग वर्कर्स की सबसे ज्यादा मांग डिलीवरी, वेयरहाउस, कस्टमर सपोर्ट और डिजिटल सेवाओं में है। येशब गिरी ने कहा, त्योहारी सीजन में कंपनियां पहले से तैयारी कर रही हैं और बड़ी संख्या में अस्थायी कर्मचारियों को जोड़ रही हैं। गर्मी के सीजन में कमजोर बिक्री के बाद उन्हें इस बार डिमांड में बूम की उम्मीद है।

### क्यों खास है फेस्टिव सीजन?

त्योहारों के दौरान कपड़े, इलेक्ट्रॉनिक्स, एफएमसीजी और ऑटोमोबाइल जैसे प्रोडक्ट्स की सालाना बिक्री का 30-40 प्रतिशत हिस्सा आता है। यही वजह है कि कंपनियां रक्षा बंधन से लेकर दिवाली और क्रिसमस तक का पूरा फायदा उठाना चाहती हैं।

दीपेश गुप्ता के अनुसार, इस बार कंपनियों को लास्ट माइल डिलीवरी, कस्टमर सर्विस और वेयरहाउस ऑपरेशन के लिए बड़ी संख्या में कर्मचारियों की जरूरत है।

आकृति चंद्रा ने बताया कि कंपनी ने पहले ही सप्लाई चेन और लॉजिस्टिक्स में भर्ती शुरू कर दी है। उन्होंने कहा, त्योहार इस बार अगस्त से शुरू हो रहे हैं, इसलिए हमने पहले ही कर्मचारियों की संख्या बढ़ा दी है।

# बिटकॉइन ने छुआ नया आसमान, 120000 डॉलर पार कर बनाया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन ने सोमवार को पहली बार 120,000 डॉलर का ऐतिहासिक स्तर पार कर लिया। यह उछाल इसलिए आया, क्योंकि निवेशकों को इस हफ्ते क्रिप्टो इंडस्ट्रीज के लिए बड़े नियमों में बदलाव की उम्मीद है। रायटर्स के मुताबिक सोमवार से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में ऐसे कई प्रस्तावों पर बहस शुरू हो रही है जो डिजिटल एसेट इंडस्ट्रीज को नए नियम दे सकते हैं। ये वो नियम हैं, जिनकी मांग उद्योग लंबे समय से कर रहा था।

**ट्रंप का क्रिप्टो प्रेसीडेंट दावा**–अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने खुद को क्रिप्टो प्रेसीडेंट कहा है और नीति निर्माताओं से उद्योग के पक्ष में नियम बदलने का आग्रह किया है। हालांकि, उनके विवादास्पद टैरिफ के बावजूद बिटकॉइन ने यह उछाल दर्ज की।

**बिटकॉइन का शानदार प्रदर्शन**–इन उम्मीदों के बीच सोमवार को एशियाई बाजार में बिटकॉइन .121,207.55 के नए रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा।

### पूरे क्रिप्टो बाजार में हरियाली

बिटकॉइन की तेजी ने पिछले कुछ हफ्तों में अन्य क्रिप्टोकरेंसी को भी ऊपर चढ़ाया है। दूसरी सबसे बड़ी करेंसी ईथर भी सोमवार को 3,048.23 के पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची। कॉइनमार्केटकैप के मुताबिक, पूरे क्रिप्टो बाजार की कुल कीमत अब लगभग 3.78 ट्रिलियन हो गई है।

# चांदी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड
# गरीबों का सोना एक झटके में 3483 उछलकर 115000 के करीब पहुंचा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गरीबों का सोना कही जाने वाली चांदी के भाव भी अब सातवें आसमान पर हैं। सर्राफा बाजारों में आज एक झटके में 3483 रुपये महंगी होकर चांदी ऑल टाइम हाई 113773 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। जबकि, एमसीएक्स पर 114800 के करीब ट्रेड कर रही थी। सोने के भाव भी अब 586 रुपये उछलकर 98097 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गए हैं। आज 14 जुलाई सोमवार को जीएसटी के साथ 24 कैरेट सोना जहां 101039 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से बिक रहा है तो चांदी 117186 रुपये किलो बिक रही है।

आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 584 रुपये महंगा होकर 97705 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। जीएसटी संग इसकी कीमत अब 100636 रुपये हो गई है। अभी इसमें मेकिंग चार्ज नहीं जुड़ा है। ज्वेलरी के लिए जारी रेट्स की बात करें तो 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 89857 रुपये प्रति 10 ग्राम है। जीएसटी संग यह 92552 रुपये है। आज 18 कैरेट गोल्ड की कीमत 73753 और जीएसटी के साथ यह 75965 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है।

सोने-चांदी के हाजिर भाव इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास।



**सोना खरीदें या करें गिरावट का इंतजार**– पृथ्वीफिनमार्ट कमोडिटी रिसर्च के मनोज कुमार जैन इसी समय सोना खरीदने का सुझाव देते हैं।

जैन ने कहा, हम 97,080 रुपये के स्टॉप लॉस के साथ 97,500 रुपये के आसपास सोना खरीदने का सुझाव देते हैं। जैन के अनुसार सोने को 3,344-3,327 डॉलर पर सपोर्ट है, जबकि रेजिस्टेंस 3,384-3,400 डॉलर प्रति ट्रॉय औंस पर है।

चांदी को 38.60-38.20 डॉलर पर सपोर्ट है, जबकि आज के सत्र में रेजिस्टेंस 39.10-39.80 डॉलर प्रति ट्रॉय औंस पर है। जैन ने कहा कि एमसीएक्स गोल्ड में 97,440-97,000 रुपये पर सपोर्ट और 98,280-98,850 पर रेजिस्टेंस है, जबकि चांदी को 1,11,850-1,10,500 रुपये पर सपोर्ट और 1,14,000-1,16,500 पर रेजिस्टेंस है। मेहता इक्विटीज के उपाध्यक्ष (जिंस) राहुल कलांत्री ने कहा कि सोने को 3,335-3,315 डॉलर पर सपोर्ट और 3,374-3,390 डॉलर पर रेजिस्टेंस है। चांदी को 38.20-37.90 पर सपोर्ट और 38.80-39.00 पर रेजिस्टेंस है। कलंत्री ने कहा कि रुपये में सोने को 97,390-97,080 रुपये पर सपोर्ट है जबकि रेजिस्टेंस 98,110-98,380 रुपये पर है। चांदी को 1,12,480-1,11,550 रुपये पर सपोर्ट है, जबकि प्रतिरोध 1,13,950-1,14,700 रुपये पर है।

### चांदी ने सोने को पछाड़ा

सर्राफा बाजारों में इस साल सोना करीब 22357 रुपये और चांदी 27756 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 76045 रुपये प्रति 10 के रेट से खुला था और चांदी 85680 रुपये प्रति किलो से। इस दिन सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ। चांदी भी 86017 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। वहीं, केवल जून में ही सोने के भाव में जहां, 2103 रुपये की उछाल रही वहीं, चांदी ने 9624 रुपये उछली।

# 5 साल में 1183 प्रतिशत का रिटर्न, आज 4.7 प्रतिशत चढ़ा भाव, कीमत 50 रुपये से कम




**नई दिल्ली, एजेंसी।** जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में आज 4.7 प्रतिशत की तेजी आई है। कंपनी के शेयर का भाव सोमवार को एनएसई में 24.75 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गया है। बीते एक हफ्ते दौरान जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड के शेयरों की कीमतों में 7 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है। इससे पहले 11 जुलाई को जयप्रकाशन पावर वेंचर्स लिमिटेड के शेयर 24.86 रुपये के 52 वीक हाई पर पहुंचने में सफल रहे हैं। इस साल यह पावर और इंफ्रास्ट्रक्चर स्टॉक 34.30 प्रतिशत की बढ़त हासिल कर लिया है। वहीं, 12 महीने में पोजीशनल निवेशकों को 31.50 प्रतिशत का रिटर्न मिल चुका है।

**5 साल में 1183 प्रतिशत की तेजी**– 2 साल से कंपनी के शेयरों को होल्ड करने वाले पोजीशनल निवेशकों को अबतक यह स्टॉक 302 प्रतिशत का रिटर्न दे चुका है। वहीं, 5 साल में जयप्रकाश पावर वेंचर्स लिमिटेड के शेयरों में 1183 प्रतिशत की तेजी आई है। चार्ट का बुलिश होना, टेक्निकल एंगल से साफ पता चल रहा है कि इस स्टॉक की अधिक खरीदारी हो चुकी है। रिलेटिव स्ट्रेंथ इंडेक्स 84.3 है। जोकि दर्शाता है कि आने वाले समय में कंपनी के शेयरों में नरमी देखने को मिल सकती है।

### क्या कह रहे हैं एक्सपर्ट्स

सीनियर रिसर्च एनालिस्ट कुनाम कांबले कहते हैं कि 24 रुपये के स्तर पर एक मजबूत रेजिस्टेंस दिखा रहा है। अगर कंपनी के शेयर इस स्तर के पार जाते हैं

# 6 कंपनियां ट्रेड कर रही हैं एक्स-डिविडेंड, लिस्ट में चर्चित नाम भी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में इस हफ्ते 70 से अधिक कंपनियां एक्स-डिविडेंड ट्रेड करने जा रही हैं। इसमें से 6 कंपनियां आज यानी सोमवार को एक्स-डिविडेंड ट्रेड कर रही हैं। आइए जानते हैं कि ये 6 कंपनियां कौन-कौन सी हैं और कितना डिविडेंड एक शेयर पर निवेशकों को दे रही हैं।

**आर आर केबल लिमिटेड**– कंपनी ने एक शेयर पर निवेशकों को 3.50 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। इस डिविडेंड के लिए कंपनी ने 14 जुलाई की तारीख को रिकॉर्ड डेट तय किया है। जोकि आज है। आर आर केबल लिमिटेड उन कंपनियों में से है जो निवेशकों को लगातार डिविडेंड देती आ रही है। कंपनी के शेयर इससे पहले अक्टूबर 2024 में एक्स-डिविडेंड ट्रेड किए थे। तब कंपनी ने एक शेयर पर 2.50 रुपये का डिविडेंड दिया था।

**क्राफ्ट्समैन ऑटोमेशन लिमिटेड**– हर शेयर पर कंपनी की तरफ से योग्य निवेशकों को 5 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा।




### जीएचसीएल टाइलें लिमिटेड

100 रुपये से कम की कीमत वाले इस स्टॉक की तरफ से योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 0.50 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा। कंपनी के शेयरों का भाव शुक्रवार को मार्केट के बंद होने के समय पर 90.50 रुपये पर था।

**बाईमेटल बियरिंग्स लिमिटेड**– यह स्टॉक योग्य निवेशकों को एक शेयर पर 13 रुपये का डिविडेंड देने का फैसला किया है। जोकि बीते कुछ सालों की तुलना में अधिक है। पिछले साल जुलाई में कंपनी आज से पहले आखिरी बार एक्स-डिविडेंड ट्रेड की थी।

# आपके हर ट्रांजैक्शन पर इनकम टैक्स डिपॉर्टमेंट की नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पहले जहां नकदी का जोर था तो पेमेंट छुपे रहते थे। अब डिजिटल दौर आ गया है। ऑनलाइन पेमेंट, बैंक ट्रांजैक्शन सबकी चिट्ठी खुल गई है। इनकम टैक्स विभाग की नजर अब हर पैसे पर है। पर जितना सबकुछ मॉडर्न हुआ, उतनी ही चालाकी से चोरी-धोखाधड़ी करने वाले भी बढ़े। इसलिए सरकार ने कुछ नए नियम बना डाले हैं।

सीए अजय बगड़िया ने बताया, आमतौर पर हर ट्रांजैक्शन पर इनकम टैक्स की नजर बनी रहती है। आप कितने रुपये की ऑनलाइन पेमेंट कर रहे हैं या फिर कैश के जरिए कुछ सामान खरीद रहे हैं। उन सब पर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की नजर रहती है। आईटीआर भरते समय अगर सावधानी नहीं रखी गई तो चूक होने पर विभाग नोटिस जारी कर सकता है। अगर आपने नीचे बताई गई 7 चीजें कीं, तो इनकम टैक्स वाले बाबू का नोटिस घर आ सकता है-...

**क्रेडिट कार्ड का बिल कैश से भरना**– बगड़िया इसे उदाहरण के साथ बताते हैं, मान लीजिए राजू ने अपना क्रेडिट कार्ड बिल करीब 1 लाख कैश जमा किया। टैक्स वालों ने कहा कि अरे भई। इतना बड़ा बिल कैश में क्यों भरा कहीं काला धंधा तो नहीं चल रहा यानी इसका मतलब है कि नोटिस का खतरा बढ़ गया। 1 लाख या ज्यादा कैश में बिल भरने पर सीधा रडार पर चढ़ जाओगे।

**बैंक में नकदी का ढेर लादना**– इस मामले में मान लीजिए सीमा ने बैंक में 10 लाख से ज्यादा कैश जमा किया। टैक्स अफसर नोटिस भेजकर पूछे, ये पैसा आया कहाँ से कमाई का सबूत दो। बगड़िया कहते हैं, ध्यान रहे, नोटिस आना मतलब गुनाहगार नहीं, बस सफाई देनी पड़ेगी। गड़बड़ लगी तो जुर्माना भी होगा।

**क्रेडिट कार्ड से शॉपिंग का जुनून**– बगड़िया एक उदाहरण से समझाते हैं कि मान लीजिए विजय का क्रेडिट कार्ड सालभर में 2 लाख से ज्यादा खर्च हुआ। इनकम टैक्स का नोटिस पहुंचा और विभाग ने पूछा, इतना खर्चा तनख्वाह कितनी है मैच करा के दिखाओ। बगड़िया कहते हैं कि बड़े-बड़े ट्रांजैक्शन हमेशा उनकी नजर में रहते हैं।




**शेयर/म्यूचुअल फंड में पैसा झोंकना**– सीए संतोष मिश्रा कहते हैं, मान लीजिए प्रिया ने शेयरों में 10 लाख से ज्यादा लगाए। नोटिस में डिपॉर्टमेंट ने पूछा, ये पैसा कहां से आया हमें तो पता चल ही गया। मिश्रा कहते हैं कि आप चाहे न बताएं, बैंक/ब्रोकर खुद रिपोर्ट कर देते हैं।

**प्रॉपर्टी खरीदो तो नकदी न दिखाना**– सीए संतोष मिश्रा कहते हैं, मान लीजिए राहुल ने 30 लाख (कहीं 20/50 लाख भी) की प्रॉपर्टी खरीदी और कुछ पैसे कैश में दिए। इस पर विभाग नोटिस जारी कर पूछ सकता है, कैश किसे दिया रसीद कहां है पैसे का सोर्स बताओ। उन्होंने कहा कि अगर गोलमाल हुआ तो नोटिस और जुर्माना तय है।

### 7 जगह चूके तो नोटिस आना तय

### विदेश घूमने पर पैसे उड़ाना

एक और केस में उदाहरण के साथ सीए अजय बगड़िया कहीते हैं, मान लीजिए अनीता ने एक साल में विदेश ट्रिप पर 2 लाख से ज्यादा खर्च किए। टैक्स वालों पूछ सकते हैं, इतना खर्च करने की हैसियत कैसे सैलरी कितनी हैयाद रखिए विदेश जाने वाला हर बड़ा खर्च उनके पास पहुंचता है। अगर किसी मोहन ने 10 लाख से ज्यादा कैश देकर स्नष्ठ कराई तो डिपॉर्टमेंट पूछ सकता है किकैश में स्नष्ठ ये पैसा किस काले धंधे से आया बैंक की ड्यूटी है कि वो खुद टैक्स विभाग को बता देते हैं।

**नोटिस आए तो घबराएं नहीं**– सीए अभिनंदन पांडेय कहते हैं कि टैक्स नोटिस आए तो घबराए नहीं। सबूत इकट्ठा करो- बैंक स्टेटमेंट, पे-स्लिप, बिक्री का बिल, गिफ्ट डीड (अगर कोई रिश्तेदार ने पैसे दिए हों)। जवाब ईमानदारी से दें, झूठ बोले तो मुसीबत बढ़ेगी। ष्ट्र से सलाह लें और उनकी मदद से जवाब देना सबसे सुरक्षित रास्ता है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com





## चेल्सी ने दूसरी बार फीफा क्लब वर्ल्ड कप जीता

**न्यू जर्सी (एजेंसी)।** चेल्सी ने दूसरी बार फीफा क्लब वर्ल्ड कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने 13 जुलाई को न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में खेले गए फाइनल में फ्रेंच क्लब पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हराया। इससे पहले चेल्सी ने 2021 में भी खिताब अपने नाम किया था। इस बार यह टूर्नामेंट अलग फॉर्मेट में खेला गया। इसमें 32 टीमों ने हिस्सा लिया और इसकी शुरुआत 14 जून को हुई थी। 2000 में शुरू हुए इस टूर्नामेंट में पिछले साल तक 8 टीमें ही हिस्सा लेती थी। फाइनल मुकाबले के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी स्टेडियम में मौजूद रहे। उन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी दी। चेल्सी के लिए कोल पाल्मर ने दो गोल किए। 22वें मिनट में पाल्मर ने पहला गोल दागा। इसके 8 मिनट बाद उन्होंने टीम की तरफ से दूसरा गोल कर दिया। 30वें मिनट तक चेल्सी की बढ़त 2-0 की हो गई थी। पहले हाफ के अंत में चेल्सी ने तीसरा गोल भी कर दिया। जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में तीसरा गोल दागा।चेल्सी के युवा खिलाड़ी कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल दिया है। यह अवॉर्ड् टूर्नामेंट के बेस्ट प्लेयर को दिया जाता है। कोल पाल्मर को गोल्डन बॉल दिया गया है। यह अवॉर्ड टूर्नामेंट के बेस्ट प्लेयर को दिया जाता है। इस टूर्नामेंट में पाल्मर ने तीन गोल और दो असिस्ट भी किए। चेल्सी के गोलकीपर रॉबर्ट सांचेज को गोल्डन ग्लव पुरस्कार मिला। फीफा क्लब वर्ल्ड कप एक इंटरनेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट है, जिसे फीफा आयोजित करता है। इसमें दुनियाभर की बड़ी क्लब फुटबॉल टीमें हिस्सा लेती हैं। यह हर साल आयोजित होता है। इसका उद्देश्य यह तय करना होता है कि दुनिया की सबसे बेहतरीन क्लब टीम कौन सी है। फीफा क्लब वर्ल्ड कप की शुरुआत 2000 में हुई थी।

## किंग्स्टन टेस्ट- दूसरे दिन 15 विकेट गिरे



**किंग्स्टन (एजेंसी)।वेस्टइंडीज** और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 15 विकेट गिरे। रविवार को दूसरे दिन वेस्टइंडीज की टीम 143 रन पर ऑलआउट हो गई। वहीं, दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 99 रन पर ही 6 विकेट गंवा दिए हैं दूसरे दिन वेस्टइंडीज ने 16/1 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। जॉन कैंप्बेल ने सबसे ज्यादा 36 रन बनाए। शाई होप 23, रोस्टन चेज और जस्टिन ग्रीव्स ने 18-18 रन का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्कॉट बोलैंड ने 3 विकेट झटके। जोश हेजलवुड और पैट कमिंस ने 2-2 विकेट लिए। जबकि ब्यू वेबस्टर और मिचेल स्टार्क को 1-1 विकेट मिला।दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी दूसरी पारी में 29 ओवर में 99 रन के ही स्कोर पर 6 विकेट गंवा दिए। कैमरन ग्रीन 42 और पैट कमिंस 5 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। सैम कोंस्टस और एलेक्स कैरी खाता भी नहीं खोल सके। ट्रैविस हेड ने 16, उस्मान ख्वाजा ने 14, ब्यू वेबस्टर ने 13, और स्टीव स्मिथ ने 5 रन बनाए। वेस्टइंडीज से अल्जारी जोसेफ ने 3 और शमार जोसेफ ने 2 विकेट लिए। जस्टिन ग्रीव्स को 1 विकेट मिला।


## भारत की मिश्रित टीम निशानेबाजी विश्व कप के पदक दौर में जगह बनाने से चूकी



**लोनाटो (एजेंसी)।** लक्ष्य श्योराण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) तीसरी सीरीज में परफेक्ट स्कोर बनाने के बावजूद ट्रैप मिश्रित टीम स्पर्धा में पदक दौर में जगह बनाने से चूक गए जिसके साथ भारत का अभियान ढ्डस्स्न्न लोनाटो विश्व कप में समाप्त हो गया। लक्ष्य और नीरू ने क्वालीफाइंग दौर में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर सिंह संधू (21,23,24) और प्रीति रजक (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी 138 अंक के साथ 22वें स्थान पर रही। एक दिन पहले महिला ट्रैप में चौथे स्थान पर रही नीरू ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 75 में से केवल एक ही निशाना चूका जबकि लक्ष्य दूसरी सीरीज में लय में नहीं दिखे और छह निशाने चूक गए जिससे भारतीय जोड़ी की पदक दौर में जगह बनाने की संभावनाओं को झटका लगा। ऑस्ट्रेलिया, ग्रेट ब्रिटेन और स्पेन की दोनों टीम 143 अंक के समान स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में शीर्ष पर रहीं।

# बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल पति से अलग हुईं

### बोलीं- बहुत सोचने के बाद हम दोनों ने फैसला लिया, 7 साल पहले लव मैरिज की थी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ शादी की थी। उन्होंने एक्स पर शादी की फोटो शेयर की थी।भारतीय बैडमिंटन प्लेयर साइना नेहवाल ने रविवार देर रात अपने पति और बैडमिंटन प्लेयर पारुपल्ली कश्यप (पी. कश्यप) से अलग होने की जानकारी दी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी में लिखा, बहुत सोच-विचार के बाद, कश्यप और मैंने अलग होने का फैसला किया है।

साइना ने लिखा, जिंदगी कभी-कभी हमें अलग-अलग दिशाओं में ले जाती है। हम एक-दूसरे के लिए शांति, तरक्की और उबरना चुन रहे हैं। मैं उनके साथ सभी यादों के लिए आभारी हूं और आगे के लिए शुभकामनाएं देती हूं। हमारी निजता को समझने और उसका सम्मान करने के लिए धन्यवाद। साइना ने रविवार रात करीब 11 बजे इंस्टाग्राम पर पति से अलग होने की जानकारी दी।

साइना नेहवाल ने 14 दिसंबर, 2018 को कश्यप पारुपल्ली के साथ लव मैरिज की थी। दोनों 2007 से रिलेशनशिप में थे। हालांकि 2005 से एक-दूसरे को जानते थे। अपने करियर के शुरुआती दिनों में दोनों हैदराबाद के पुलेला गोपीचंद एकेडमी में एक साथ ट्रेनिंग करते थे।

एकेडमी में ट्रेनिंग के दौरान ही दोनों मिले थे। दोनों इस खेल में काफी आगे बढ़े। लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहने के बाद 2018 में दोनों ने शादी की थी। हालांकि शादी तक दोनों की रिलेशनशिप के बारे में लोगों को भनक भी नहीं थी।

### साइना ओलिंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी

हरियाणा की रहने वाली साइना नेहवाल ओलिंपिक मेडल जीतने वाली पहली भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। उन्होंने लंदन ओलिंपिक-2012 में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाया था। वे 2015 में विमेंस सिंगल्स रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर?-1 प्लेयर रह चुकी हैं।

साइना बैडमिंटन में वर्ल्ड नंबर-1 रैंक हासिल करने वाली एकमात्र महिला भारतीय खिलाड़ी हैं। वे 3 ओलिंपिक गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। साइना ने 2010 और 2018 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था।

साइना ने 2008 में बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ ) विश्व जूनियर चैंपियनशिप जीतकर सुर्खियां बटोरी थीं। उसी साल उन्होंने पहली बार ओलिंपिक में हिस्सा लिया। वह ओलिंपिक क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

उन्होंने हॉन्गकॉन्ग की तत्कालीन वर्ल्ड नंबर-5 खिलाड़ी वांग चेन को हराया था, लेकिन इंडोनेशिया की मारिया क्रिस्टिन युलियांती से हार गईं। 2009 में, साइना बीडब्ल्यूएफ सुपर सीरीज प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। साइना को 2009 में अर्जुन अवॉर्ड और 2010 में राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### कश्यप 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीते

पारुपल्ली कश्यप तेलंगाना के हैदराबाद के रहने वाले हैं। उन्होंने 2014 के कॉमनवेल्थ गेम्स में गोल्ड मेडल जीता था। यह 32 सालों में किसी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी का कॉमनवेल्थ गेम्स में पहला मेडल था।

कश्यप पूर्व ऑल-इंग्लैंड चैंपियन प्रकाश पादुकोण और पुलेला गोपीचंद, दोनों के स्टूडेंट रहे हैं। वह 2012 में ओलिंपिक के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय पुरुष बैडमिंटन खिलाड़ी भी हैं।

2013 में कश्यप वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-6 थे। यह उनके करियर की सबसे ऊंची रैंक थी। हालांकि लगातार चोटों के कारण लंबे समय तक इस पोजिशन पर नहीं टिक सके।

# सिराज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत फाइन लगा

### एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया, डकेट को आउट करने के बाद आक्रामक जश्न मनाया

**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत फाइन लगा है। मैच फीस के अलावा उन्हें एक डिमेरिट पॉइंट भी दिया गया है।

सिराज लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट के चौथे दिन बेन डकेट को आउट करने के बाद एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते नजर आए थे। यह आईसीसी आचार संहिता के लेवल-1 उल्लंघन के बराबर है।

### डकेट के विकेट पर सिराज का एग्रेसिव सेलिब्रेशन

रविवार को छठे ओवर में इंग्लैंड ने दूसरी पारी में अपना पहला विकेट गंवाया। सिराज ने शॉर्ट ऑफ लेंथ बॉल फेंकी। बेन डकेट पुल करने गए, लेकिन बॉल ज्यादा नहीं उछली और वे मिड ऑन पर जसप्रीत बुमराह के हाथों कैच हो गए।

डकेट का विकेट मिलते ही सिराज एग्रेसिव सेलिब्रेशन करते नजर आए। वे दौड़ते हुए डकेट के पास गए और उनसे अपना कंधा टकरा दिया। जिसके बाद फील्ड अंपायर सिराज को समझाने पहुंच गए। डकेट 12 रन बनाकर आउट हुए।

### सिराज ने अपराध स्वीकार किया



सिराज ने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी रिची रिचर्डसन द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, जिससे औपचारिक सुनवाई की आवश्यकता समाप्त हो गई। यह आरोप मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, थर्ड अंपायर अहसान रजा और फोर्थ अंपायर ग्राहम लॉयड द्वारा लगाया गया था।

### 24 महीने में सिराज को दूसरा डिमेरिट पॉइंट

24 महीनों की अवधि में सिराज का यह दूसरा डिमेरिट पॉइंट था, जिससे उनके डिमेरिट पॉइंट्स की संख्या दो हो गई। उनका पिछला डिमेरिट पॉइंट 7 दिसंबर, 2024 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड टेस्ट के दौरान आया था। 24 महीने की अवधि में चार या उससे ज्यादा डिमेरिट पॉइंट जमा करने वाले खिलाड़ियों पर बैन लगाया जा सकता है।

### क्या कहता है कोड ऑफ कंडक्ट का नियम

आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के मुताबिक, लेवल-1 और लेवल-2 के उल्लंघन पर 1 से 2 डिमेरिट पॉइंट्स के साथ शून्य से 50 फीसदी मैच फीस लगती है। लेवल-3 के उल्लंघन करने पर 6 टेस्ट और 12 वनडे का सस्पेंशन मिलता है।

सिराज पर 1 डिमेरिट पॉइंट का जुर्माना लगाया गया है। वहीं, अगर कोई खिलाड़ी 24 महीने में चार या ज्यादा डिमेरिट पॉइंट जमा करता है, तो वे सस्पेंशन पॉइंट में बदल जाते हैं, जिसके बाद खिलाड़ी पर एक टेस्ट या दो वनडे या दो टी-20 मैचों का बैन लग सकता है। डिमेरिट पॉइंट 24 महीने तक रिकॉर्ड में रहते हैं, इसके बाद वे हटा दिए जाते हैं।

## लॉर्ड्स टेस्ट में जोफ्रा आर्चर के सामने भारत पस्त

### टीम के 7 बैटर्स पवेलियन लौटे, सुंदर शून्य पर आउट



**लॉर्ड्स (एजेंसी)।** भारतीय टीम लॉर्ड्स टेस्ट में इंग्लैंड से हार की कगार पर है। 193 रन का टारगेट चेज कर रही भारतीय टीम ने 95 रन पर 7 विकेट गंवा दिए हैं। रवींद्र जडेजा और नीतीश कुमार रेड्?डी क्रीज पर हैं। यहां से भारतीय टीम को 98 रन की जरूरत है। वॉशिंगटन सुंदर शून्य, केएल राहुल 39 और ऋषभ पंत 9 रन बनाकर पवेलियन लौट चुके हैं।

सोमवार को लॉर्ड्स स्टेडियम में चल रहे मुकाबले का आखिरी दिन है और पहले सेशन का खेल जारी है। आज भारत ने 58/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। एक दिन पहले इंग्लैंड ने दूसरी पारी में 192 रन बनाते हुए भारत को 193 रन का टारगेट दिया। पहली पारी में दोनों टीमों ने एक सामान 387-387 का स्कोर बनाया था। यहां किसी को बढ़त नहीं मिली थी।

दोनों टीमों की प्लेइंग-11

भारत ः शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, करुण नायर, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, नीतीश कुमार रेड्?डी, वॉशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज।

## अंडर-19 टेस्टः रॉकी फ्लिंटॉफ शतक से चूके

**लंदन (एजेंसी)।** बेकेनहैम में खेले जा रहे अंडर-19 टेस्ट के दूसरे दिन इंग्लैंड के बल्लेबाज रॉकी फ्लिंटॉफ सिर्फ 7 रन से शतक से चूक गए। उन्हें स्टंप्स से 5 मिनट पहले दीपेश देवेंद्रन ने 93 रन पर एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। रॉकी फ्लिंटॉफ के साथ कप्तान हमज़ा शेख ने भी 84 रन की अहम पारी खेली।



दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक इंग्लैंड ने 230 रन पर 5 विकेट गंवा दिए थे, और अभी भी वह भारत के 540 रन के स्कोर से 310 रन पीछे है। भारत की तरफ से हेनिल पटेल ने 2 विकेट लिए।

इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। पहले ही ओवर में हेनिल पटेल ने आर्ची वॉन को एलबीडब्ल्यू किया। जेडन डेनली को जीवनदान मिला लेकिन हेनिल ने शानदार गेंद पर उन्हें बोल्ड कर दिया। इसके बाद रॉकी फ्लिंटॉफ और कप्तान हमजा शेख ने मिलकर 154 रन की साझेदारी की।

शेख ने अनमोलजीत सिंह को लॉन्ग ऑफ पर छक्का भी मारा, लेकिन 14 साल के वैभव सूर्यवंशी ने उन्हें मिड-ऑफ पर कैच करा दिया। बेन मेयस 11 रन बनाकर विल्हान मल्होत्रा की गेंद पर एलबीडब्ल्यू हो गए।

## मुंबई न्यूयॉर्क ने जीता मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट

### वॉशिंगटन फ्रीडम को 5 रन से हराया, रुशिल उगारकर ने आखिरी ओवर में 12 रन डिफेंड किए

**डलास (एजेंसी)।** सीजन की शुरुआत में अपने पहले 7 में से 6 मैच हारने वाली मुंबई न्यूयॉर्क ने कमाल की वापसी करते हुए 2025 मेजर लीग क्रिकेट का खिताब जीत लिया।

ग्रैंड प्रेरी स्टेडियम डलास में खेले गए फाइनल में मुंबई न्यूयॉर्क ने वॉशिंगटन फ्रीडम को 5 रन से हराकर खिताब अपने नाम किया। रुशिल उगारकर को उनके 2 विकेट के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

वॉशिंगटन को जीत के लिए आखिरी ओवर में 12 रन चाहिए थे। क्रीज पर ग्लेन मैक्सवेल और ग्लेन फिलिप्स जैसे अनुभवी बल्लेबाज थे। लेकिन मिनी के 22 वर्षीय गेंदबाज रुशिल उगारकर ने बेहतरीन गेंदबाजी की। उन्होंने अपनी पहली और दूसरी बॉल पर सिर्फ एक-एक रन दिए। तीसरी बॉल पर रुशिल ने मैक्सवेल को बीट कर दिया।



चौथी बॉल पर मैक्सवेल लॉन्ग ऑन पर ब्रेसवेल के हाथों कैच आउट हुए। पांचवीं बॉल पर नए बल्लेबाज ओबस पीनार चूक गए। इसके बाद आखिरी बॉल पर 10 रन चाहिए थे। इस बॉल पर पीनार ने चौका लगा दिया। इस तरह मिनी ने मुकाबला 5 रन से जीत लिया।

### रन चेज में वॉशिंगटन की शुरुआत खराब

वॉशिंगटन फ्रीडम ने 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बेहद खराब शुरुआत की। पहले ही ओवर में ट्रेंट बोल्ट ने मिचेल ओवेन और एंड्रिस गाउस को आउट कर दिया।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल का शानदार प्रदर्शन आया काम

**दुबई (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज एडेन मार्करम को लॉर्ड्स में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए जून 2025 के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। 30 वर्षीय इस खिलाड़ी ने फाइनल में 136 रन बनाकर और दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका के 27 साल के सीनियर आईसीसी खिताब के इंतजार को खत्म करने में अहम भूमिका निभाई।


इस मौके पर शानदार प्रदर्शन करते हुए दक्षिण अफ्रीका के इस सलामी बल्लेबाज ने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे यादगार प्रदर्शनों में से एक - एक शानदार प्रदर्शन किया और अपनी टीम को पहली बार विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाया। मार्करम ने पुरस्कार जीतने पर कहा, यह पुरस्कार प्राप्त करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। हमारी टीम और दक्षिण अफ्रीका के लिए आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत में योगदान देना मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

# शुभमन गिल इंग्लैंड की धरती पर नंबर 1 बल्लेबाज बने

### द्रविड़-कोहली-गावस्कर सब पिछड़े

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारत के नए टेस्ट कप्तान और विराट कोहली के टेस्ट में संन्यास के बाद नंबर चार बल्लेबाज शुभमन गिल ने इंग्लैंड की धरती पर इतिहास रच दिया है। गिल ने एक साथ सुनील गावस्कर, राहुल द्रविड़ और विराट कोहली के रिकॉर्ड्स तोड़ दिए। इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में भले ही गिल ने 16 और 6 रन की पारियां खेली लेकिन इन 22 रन की बदौलत गिल ने इस सीरीज में 607 रन पूरे किए जिससे उन्होंने एक और ऐतिहासिक कारनामा अपने नाम किया। अब गिल 607 रन के साथ इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजो में नंबर एक बल्लेबाज बन गए है।

पहले यह रिकॉर्ड राहुल द्रविड़ के नाम था जिन्होने 2002 में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा 602 रन बनाए थे। लेकिन अब गिल के नाम इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है। इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर विराट कोहली है जिन्होने 2018 में इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 593 रन बनाए थे। चोथे नंबर पर सुनील गावस्कर है जिन्होने 1979 में इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में 542 रन बनाए।



### इंग्लैंड में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज

1. शुभमन गिल (2025) - 607 रन
2. राहुल द्रविड़ (2002) - 602 रन
3. विराट कोहली (2018) - 593 रन
4. सुनील गावस्कर (1979) - 542 रन
5. राहुल द्रविड़ (2011) - 461 रन
6. सचिन तेंदुलकर (1996) - 428 रन

गौर है कि इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज में शुभमन गिल ने अब तक तीन शतक लगाए है जिसमें एक डबल सेंचुरी भी शामिल है। एक टेस्ट सीरीज में सबसे अधिक रन बनाने के रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर मौजूद राहुल द्रविड़ ने 2002 में तीन शतक, विराट कोहली ने 2018 में दो शतक, सुनील गावस्कर ने 1979 में एक डबल सेंचुरी और चार अर्धशतक लगाए है।

## संक्षिप्त समाचार

### हिमाचल में 17 जुलाई तक तेज बारिश का खतरा, किन जिलों में ऑरेंज और कहां येलो अलर्ट?



**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में एक बार फिर भारी बारिश का खतरा मंडरा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने चेतावनी दी है कि 14 से 17 जुलाई तक प्रदेश में कई स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान कांगड़ा और सिरमौर जिलों में 14 जुलाई को भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है जबकि मंडी, शिमला और सोलन जिलों के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है। 15 जुलाई को चम्बा, कांगड़ा, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर में भारी बारिश का येलो अलर्ट रहेगा। 16 जुलाई को लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर बाकी सभी 10 जिलों में येलो अलर्ट रहेगा। वहीं 17 जुलाई को चम्बा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी और सिरमौर में फिर से येलो अलर्ट जारी किया गया है। 18 और 19 जुलाई को हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है, लेकिन इन दिनों के लिए कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। रविवार को मानसून की रफ्तार कुछ धीमी रही और प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में मौसम साफ बना रहा। इससे लोगों ने राहत की सांस ली। बीते 24 घंटों के दौरान चम्बा जिला के जोत में सर्वाधिक 30 मिमी, शिमला के कुफरी में 20 मिमी और शिमला, चौपाल, कंडाघाट, पांवटा, सोलन और नारकंडा में 10 मिमी वर्षा रिकॉर्ड हुई। इस बीच प्रदेश में भूस्खलन के चलते जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार रविवार को भूस्खलन के कारण एक नेशनल हाईवे समेत 227 सड़कें बंद रहीं। मंडी जिला सबसे अधिक प्रभावित है, जहां 172 सड़कें और एनएच-22 ठप पड़े हैं। मंडी के सराज उपमंडल में ही 93 सड़कें बाधित हैं। बिजली और पानी की आपूर्ति भी बुरी तरह प्रभावित हुई है। यहां 30 जून को बादल फटने से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। प्रदेश में 76 बिजली ट्रांसफार्मर और 787 पेयजल योजनाएं बंद पड़ी हैं। अकेले मंडी में 68 ट्रांसफार्मर और 175 पेयजल योजनाओं पर असर पड़ा है, जबकि कांगड़ा में 612 पेयजल योजनाएं और हमीरपुर में 166 ट्रांसफार्मर प्रभावित हुए हैं।

### ओडिशा के पुरी में एच5एन1 वायरस से हड़कंप, सरकारी आदेश पर 6700 मुर्गियां मारी

**पुरी, एजेंसी।** ओडिशा के पुरी जिले में बर्ड फ्लू (एच5एन1 वायरस) की पुष्टि के बाद प्रशासन ने तत्काल आपातकालीन नियंत्रण अभियान शुरू कर दिया है। जिला पशु चिकित्सा अधिकारी के अनुसार, संक्रमण को रोकने के लिए 6700 से अधिक मुर्गियों को मारा गया है। सूत्रों के अनुसार, पिछले एक हफ्ते से गांव में मुर्गियों की रहस्यमयी मौतें हो रही थीं, लेकिन बर्ड फ्लू की पुष्टि तब हुई जब ग्रामीणों ने चिंता जताई और प्रशासन ने सैंपल लिए। जानकारी के अनुसार, पुरी जिले के डेलंगा ब्लॉक के बड़ा अंकुला गांव में बीते हफ्ते मुर्गियों की असामान्य मौतें देखने को मिली थीं। ग्रामीणों की शिकायत पर 9 जुलाई को लिए गए सैंपल जांच के लिए भोपाल स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाई सिक्योरिटी एनिमल डिजीज भेजे गए थे। रिपोर्ट में एच5एन1 एवियन इन्फ्लुएंजा वायरस की पुष्टि हुई। पुरी के मुख्य जिला पशु चिकित्सा अधिकारी शरत कुमार बेहरा ने बताया कि क्षेत्र में 5 रैपिड रिस्पॉन्स टीम और स्वास्थ्य विभाग की टीमें तैनात की गई हैं। उन्होंने बताया, संक्रमित क्षेत्र में जीवित पक्षियों की आवाजाही पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है। सभी संक्रमित पक्षियों को 1 किलोमीटर के दायरे में मारने की कार्रवाई पूरी कर ली गई है। इसके साथ ही आसपास के 5 गांवों से और सैंपल लिए गए हैं ताकि वायरस के फैलाव का पता लगाया जा सके। राज्य के मत्स्य एवं पशु संसाधन विकास मंत्री गोकुलानंद मल्लिक ने संक्रमित क्षेत्र का दौरा किया और नियंत्रण उपायों का जायजा लिया।

# छत्तीसगढ़ में भाजपा विधायक खुशवंत साहेब पर हमला, गाड़ी का शीशा टूटा, हाथ में आई चोट



**बेमेतरा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में आरंग से भारतीय जनता पार्टी के विधायक और अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर हमला हुआ है। उनकी कार में असामाजिक तत्वों ने पथराव किया है, जिससे कार का शीशा टूट गया है। विधायक के हाथ में चोट भी लगी है। सूचना पर पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची। इस घटना ने जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा पर भी सवाल उठाने के साथ राजनीतिक गलियारों में खलबली मचा दी है। मिली जानकारी के मुताबिक बेमेतरा जिले के नवागढ़ में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद विधायक गुरु खुशवंत साहेब वापस रायपुर लौट रहे थे। नवागढ़ ब्लाक के चारभांठा ढोलिया और भोईनाभांठा के बीच बायपास रोड पर अचानक उनकी गाड़ी पर पत्थरबाजी की घटना हुई। वहीं इस मामले को लेकर गुरु खुशवंत साहेब का बयान सामने आया है।

उन्होंने कहा कि मुझे टारगेट किया गया या असामाजिक तत्वों ने हमला किया। यह जांच का विषय है। कार में जिस जगह पर मैं बैठा था, वहीं पत्थर से हमला हुआ। हमले के बाद गाड़ी फिसली, गाड़ी स्पीड होती तो बड़ी घटना हो सकती थी। विधायक गुरु खुशवंत साहेब ने कहा- पुलिस जांच कर हमलावरों पर कार्रवाई करें। उन्होंने आगे बताया कि सीएम विष्णुदेव साय ने फोन करके घटना की जानकारी ली है। आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब की गाड़ी पर असामाजिक तत्वों ने पत्थरबाजी कर दिया। वे बेमेतरा जिले के नवागढ़ में एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद रायपुर स्थित निवास लौट रहे थे। वापसी में चारभांठा ढोलिया और भोईनाभांठा के बीच बायपास रोड पर अचानक उनकी गाड़ी पर पत्थरबाज़ी की गई। पत्थर इतनी तेज़ी से फेंके गए कि यदि गाड़ी धीमी होती तो सीधा कांच तोड़ते हुए पत्थर विधायक को लग सकता था। यह हमला अत्यंत गंभीर माना जा रहा है। इस घटना के तुरंत बाद विधायक के पर्सनल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ कर दी गई है। विधायक खुशवंत फिलहाल सुरक्षित हैं, लेकिन इस हमले ने जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटनास्थल पर फॉरेंसिक और पुलिस की टीम मौके भी पहुंची। विधायक पर पत्थरबाजी करने वाले आखिर कौन हैं या कोई बड़ी योजना थी... यह जांच के बाद ही पता चल पायेगा।

# आंध्र प्रदेश में आमों से लदा ट्रक पलटा, नीचे दबकर 9 मजदूरों की मौत और 10 लोग घायल

**अन्नमय्या, एजेंसी।** आंध्र प्रदेश के अन्नमय्या जिले में रविवार रात दर्दनाक हादसा हो गया। आमों से लदा एक ट्रक पलट गया जिससे 9 मजदूरों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हैं। मृतकों में 5 महिलाएं शामिल हैं। घायलों को राजमपेट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा पुल्लमपेटा मंडल के रेड्डी चेरुवु कट्टा में हुआ, जो कडपा शहर से लगभग 60 किमी दूर है। पुलिस के अनुसार, आमों के ढेर के ऊपर बैठे मजदूर ट्रक पलटने से उसके नीचे दब गए।

रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रक चालक इस हादसे में बच गया। ड्राइवर ने पुलिस को बताया कि सामने से आ रही कार से टक्कर से बचने की कोशिश में नियंत्रण खो दिया। रेलवे कोडुरु और तिरुपति जिले के वेंकटगिरी मंडल के 21 दिहाड़ी मजदूर एसुकापल्ली और आसपास के गांवों में आम तोड़ने गए थे। ट्रक आमों के साथ रेलवे कोडुरु बाजार जा रहा था और मजदूर इसके ऊपर बैठे थे। हादसे में मजदूर 30-40 टन आमों के नीचे दब गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से बचाव कार्य शुरू किया। ट्रक और आमों के ढेर के नीचे दबने से 8 मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई। इनकी पहचान गज्जाला दुर्गैया, गज्जाला लक्ष्मी देवी, गज्जाला रमना, गज्जाला श्रीनु, राधा, वेंकट सुब्बम्मा, चित्तेम्मा और सुब्बा रत्नम्मा के रूप में हुई। मुनिचंद्र की मौत राजमपेट के अस्पताल में हुई। घायलों को बेहतर इलाज के लिए, कडपा के रिम्स में शिफ्ट किया गया है। परिवहन मंत्री मंडिपल्ली रामप्रसाद रेड्डी और जिला प्रभारी मंत्री बीसी जनार्दन रेड्डी ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी ने भी शोक व्यक्त करते हुए घायलों के लिए बेहतर इलाज और मृतकों के परिवारों के लिए सहायता की मांग की।

# सांपों से खेल, फूल और पत्तियों का भोजन, कैसे सालों जंगल और गुफा में रही रूसी महिला

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में गोकर्ण के पास रामतीर्थ पहाड़ी की गुफा में रूसी महिला अपने बच्चों के साथ मिली। 40 साल की नीना कुटिना को मोही के नाम से भी जाना जाता है, जो यहां अपनी दो छोटी बेटियों 6 वर्षीय प्रेया और 4 वर्षीय अमा के साथ रह रही थी। तीनों इस गुफा में बीते 2 महीने से छिपे हुए थे। कुटिना साल 2016 में बिजनेस वीजा पर भारत आई थी और 2017 में वीजा अवधि समाप्त हो गई। इसके बाद उन्होंने देश छोड़ने के बजाय जंगल में शरण ले ली। 9 जुलाई को पुलिस गश्त के दौरान उन पर नजर पड़ी। अधिकारियों ने गुफा के पास साड़ियां और प्लास्टिक कवर देखे तो उन्हें संदेह हुआ। गुफा में रुद्र की मूर्ति, रूसी किताबें और हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीरें भी मिलीं।

नीना कुटिना ने अपनी बेटियों को जंगल में ही जन्म दिया। उसने उन्हें योग, ध्यान, चित्रकला और आध्यात्मिक शिक्षा सिखाई। वह अपने परिवार के लिए राशन के तौर पर इंस्टेंट नूडल्स और प्राकृतिक संसाधनों (फल, फूल और पत्तियों) पर निर्भर थी। तीनों प्लास्टिक शीट पर सोते थे और प्राकृतिक रोशनी का इस्तेमाल करते थे। कुटिना ने पुलिस को बताया, ,सांप तो हमारे दोस्त हैं। वे हमें नुकसान नहीं पहुंचाते जब तक कि हम उन्हें परेशान न करें।, खतरनाक वन्यजीवों और भूस्खलन वाले इलाके में भी वे सुरक्षित रहीं। पुलिस ने अब उन्हें बच्चों के साथ कुमटा तालुका के एक आश्रम में भेज दिया है, जहां 80 वर्षीय स्वामीजी उनकी देखभाल कर रही हैं। पुलिस ने गुफा और आसपास के जंगल की तलाशी ली। इस दौरान नीना कुटिना का पासपोर्ट और समाप्त हो चुका वीजा बरामद हुआ, जिसकी समय सीमा 17 अप्रैल, 2017 को खत्म हो गई थी।

# एक सप्ताह में निकल जाओ, मराठी विवाद के बीच पंजाब के गांव में प्रवासियों को फरमान

**चंडीगढ़, एजेंसी।** महाराष्ट्र में हिंदी बनाम मराठी का विवाद पैदा करने की कोशिशें पिछले कुछ दिनों में हुई हैं। इसके अलावा राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ने उत्तर भारतीयों को भी निशाने पर लिया है। इस बीच पंजाब के फतेहगढ़ साहिब से भी ऐसी ही खबर है, जहां के एक गांव से प्रवासियों को निकलने का फरमान सुनाया गया है। फतेहगढ़ साहिब जिले के गांव लखनपुर गारचा पट्टी की पंचायत ने गांव में रह रहे प्रवासियों को एक सप्ताह के अंदर निकल जाने को कहा है। पंचायत ने प्रस्ताव पारित किया है कि गांव में काफी लोग अवैध तौर पर रहे हैं और इन्हें एक सप्ताह में निकलने का आदेश दिया जाता है। स्थानीय पुलिस का कहना है कि उसे इस मामले की जानकारी नहीं है।



ग्रामीणों की पंचायत में पारित प्रस्ताव में कहा गया है कि ये प्रवासी लोग महिलाओं से बदसलूकी करते हैं। गांव के सरपंच बरिंदर सिंह बिंडा ने कहा कि ये प्रवासी लोग यहां खेतों में काम करने के लिए आए थे, लेकिन अब ये स्थायी तौर पर यहीं बस गए हैं। उन्होंने कहा कि इनमें से तमाम ऐसे हैं, जो गांव में घूमते रहते हैं। सिगरेट और बीड़ी पीते हैं। इसके अलावा इनमें से कई लोगों को ड्रग्स की लत लग गई है और उसके प्रभाव में आकर ये लोग चोरियां तक कर रहे हैं। ड्रग तस्करी से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि तमाम प्रयासों के बाद भी इन पर लगाम नहीं लग पाई है। ऐसी स्थिति में हम गांव वालों ने प्रस्ताव पारित किया है कि ये लोग निकल ही जाएं।

सरपंच बरिंदर सिंह बिंडा ने कहा कि उन लोगों को ही यहां रुकने दिया जाएगा, जिनके पास आधार कार्ड है या फिर अन्य दस्तावेज हैं। बिना आईडी प्रूफ वाले लोगों को यहां रुकने की परमिशन नहीं होगी। इसके अलावा जो भी ग्रामीण इन लोगों से काम लेंगे, उन्हें पहचान पत्र देखने होंगे और अपने पास रखने होंगे। ऐसा इसलिए ताकि कानून व्यवस्था से जुड़ी कोई समस्या यदि खड़ी होती है तो उसके बारे में आसानी से पता लगाया जा सके। इस मामले में कुछ संगठनों ने दखल देने की कोशिश की है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि आखिर इस बात की गारंटी कौन लेगा कि बिना किसी आईडी प्रूफ के यहां रहने वाले लोग कोई समस्या पैदा नहीं करेंगे।

# लंदन में एयरपोर्ट पर विमान क्रैश, आसमान में कई मीटर ऊंचा उठा आग का गोला

**लंदन , एजेंसी।** लंदन के साउथेंड एयरपोर्ट पर रविवार को एक छोटा विमान हादसे का शिकार हो गया है।ब्रिटिश समाचार एजेंसियों के मुताबिक बी 200 सुपर किंग एयर नामक या विमान कथित तौर पर साउथेंड से नीदरलैंड की तरफ जा रहा था। शाम चार बजे के आसपास उड़ान भरने के कुछ ही सेकेंड बाद यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। स्थानीय पुलिस ने भी इसे एक गंभीर घटना बताया है। सोशल मीडिया पर इस घटना के कथित दृश्य सामने आए, जिनमें एक विशाल आग का गोला और फिर आसमान में काले धुएँ का घना गुबार उठता हुआ दिखाई दे रहा है।

स्काई न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक



इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने कहा, हमें शाम 4 बजे से कुछ पहले एक 12 मीटर लंबे विमान की टक्कर की सूचना मिली थी... हम घटनास्थल पर सभी इमरजेंसी सेवाओं के साथ काम कर रहे हैं और यह काम कई घंटों तक जारी रहेगा।

पुलिस ने जनता से अनुरोध किया है कि जहाँ तक हो सके, उस इलाके से दूर रहें। ईस्ट ऑफ इंग्लैंड एम्बुलेंस सर्विस ने कहा कि उसने दुर्घटनास्थल पर चार एम्बुलेंस और अन्य प्रतिक्रिया वाहन भेजे हैं। साउथएंड वेस्ट और लेह के सांसद डेविड बर्टन-सैम्पसन ने सोशल मीडिया पर इस घटना के बारे में पोस्ट किया और जनता से उस इलाके से दूर रहने का भी अनुरोध किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, मुझे साउथएंड एयरपोर्ट पर हुई एक घटना की जानकारी है। कृपया दूर रहें और इमरजेंसी सेवाओं को अपना काम करने दें। मेरी संवेदनाएँ सभी संबंधित लोगों के साथ हैं। पुलिस ने एहतियात के तौर पर दुर्घटना स्थल के निकट होने के कारण रोचफोर्ड हंड्रेड गोल्फ क्लब और वेस्टक्लिफ रग्बी क्लब को खाली करा दिया। प्रत्यक्षदर्शियों में शामिल 40 वर्षीय जॉन जॉनसन ने बीबीसी से बात करते हुए बताया कि टेकऑफ के कुछ ही सेकंड बाद बाईं ओर झुका विमान, फिर पलटा और जमीन से टकरा गया।

उन्होंने कहा, हमने पायलट को मुस्कुराते देखा। प्लेन टेकऑफ की तैयारी में रनवे पर दौड़ता हुआ हमारे पास से गुजरा और कुछ ही सेकंड में उड़ गया। लेकिन तुरंत ही वह बाईं ओर झुकने लगा। मैंने पत्नी से कहा- ये सामान्य नहीं है। फिर अचानक प्लेन उल्टा होकर जमीन से जा टकराया। एक जबरदस्त धमाका हुआ और आग का एक बड़ा गोला बन गया।

# अमेरिका- लेक्सिंग्टन में चर्च में फायरिंग, दो महिलाओं की मौत



**केंटकी, एजेंसी।** अमेरिका के केंटकी राज्य के लेक्सिंग्टन में रविवार को एक चर्च में फायरिंग में दो महिलाओं की मौत हो गई। दोनों महिलाओं की उम्र 72 साल और 32 साल बताई जा रही है। इसके अलावा दो अन्य लोग भी घायल हुए हैं, जिनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जबकि दूसरे की हालत स्थिर है। पुलिस ने बताया कि हमलावर को घटनास्थल पर ही मार गिराया गया। उसकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है, क्योंकि अभी उसके परिवार को सूचना दी जानी बाकी है।

हमलावर लेक्सिंग्टन के ब्लू ग्रास एयरपोर्ट पर एक पुलिस अधिकारी को गोली मारकर भागा था। इसमें पुलिस अधिकारी गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि, अब उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। एयरपोर्ट पर फायरिंग से यात्रियों में भी दहशत फैल गई।

संदिग्ध ने चेकिंग के दौरान पुलिस पर गोली चलाई अधिकारियों ने बताया कि घायल पुलिस कर्मी ने सुबह 11:30 बजे ब्लू ग्रास एयरपोर्ट के पास चेकिंग के लिए एक कार रोकी थी। तभी कार सवार संदिग्ध ने उन्हें गोली मार दी। इसके बाद संदिग्ध वहां से भाग गया। उसने एयरपोर्ट से लगभग 16 किलोमीटर दूर एक कार लूटी।

वहां से लेक्सिंग्टन के रिचमंड रोड बैपटिस्ट चर्च भाग गया और लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस चोरी की कार का लोकेशन ट्रैक करते हुए चर्च तक पहुंची और हमलावर को मार गिराया। अभी संदिग्ध का नाम और उसकी उम्र पता नहीं चली है। पुलिस को आशंका, चर्च में लोगों को पहले से जानता था संदिग्ध पुलिस ने बताया कि संदिग्ध ने फायरिंग क्यों की, यह अभी पता नहीं चल पाया है। लेकिन इस बात के शक है कि वह चर्च में मौजूद कुछ लोगों को पहले से जानता था। लेक्सिंग्टन पुलिस विभागीय नीतियों के अनुसार गोलीबारी की आंतरिक जांच होगी।

# पाकिस्तान में नजर आए राम, लक्ष्मण और सीता, कराची में रामायण का मंचन, दर्शकों की मिल रही सराहना

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत के कराची शहर में एक पाकिस्तानी नाटक समूह रामायण का मंचन करके सुर्खियां बटोर रहा है। सप्ताहांत में कराची आर्ट्स काउंसिल में रामायण का मंचन करने वाले नाटक समूह 'मौज' को एआई संवर्द्धन का उपयोग करके महाकाव्य को जीवंत बनाने के उनके प्रयासों के लिए सराहना मिली है। निर्देशक योहेश्वर करेरा ने कहा कि उन्हें कभी नहीं लगा कि 'रामायण' का मंचन करने से लोग उन्हें नापसंद करेंगे या उन्हें किसी तरह की धमकी का सामना करना पड़ेगा।

उन्होंने कहा, मेरे लिए, रामायण को मंच पर जीवंत करना एक अद्भुत दृश्य अनुभव है और यह दर्शाता है कि पाकिस्तानी समाज जितना माना जाता है, उससे कहीं अधिक सहिष्णु है। करेरा ने कहा कि नाटक को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और कई समीक्षकों ने इसके निर्माण और कलाकारों के अभिनय की सराहना की है। कला और फिल्म समीक्षक ओमैर अलवी ने कहा कि वे कहानी कहने की ईमानदारी से प्रभावित हुए और प्रकाश व्यवस्था, संगीत, रंग-बिरंगे परिधान और भावपूर्ण डिजाइन ने इस शो की भव्यता में चार चांद लगा दिये। उन्होंने कहा, रामायण एक ऐसी कहानी है जो दुनिया भर के लाखों लोगों के साथ जुड़ती है। सीता की भूमिका निभाने वाली निर्माता राणा काजमी ने कहा कि वह इस प्राचीन कथा को दर्शकों के लिए एक जीवंत अनुभव के रूप में प्रस्तुत करने के विचार से रोमांचित थीं। वीकेंड में कराची आर्ट्स काउंसिल में रामायण का मंचन करने वाले नाटक समूह 'मौज' को एआई तकनीक का उपयोग करके महाकाव्य को जीवंत बनाने के उनके प्रयासों के लिए खूब तारीफें मिली हैं। निर्देशक योहेश्वर करेरा ने कहा कि उन्हें कभी नहीं लगा कि 'रामायण' का मंचन करने से लोग उन्हें नापसंद करेंगे या उन्हें किसी तरह की धमकी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, 'मेरे लिए, रामायण को मंच पर जीवंत करना एक अद्भुत दृश्य अनुभव है और यह दर्शाता है कि पाकिस्तानी समाज जितना माना जाता है, उससे कहीं अधिक सहिष्णु है।' करेरा ने कहा कि नाटक को अच्छी प्रतिक्रिया मिली है और कई समीक्षकों ने इसके निर्माण और कलाकारों के अभिनय की सराहना की है।



मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंट एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंट एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129